सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 26.4
न्यूनतम : 10.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-167 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 07 दिसम्बर 2025
15 जमादीउस्सानी 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# सरकार खोज-खोजकर पैसे लौटा रही

### ■ यह धन गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक प्रतिष्ठित अखबार के कॉन्क्लेव में कई अहम बातें कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास के पथ पर अग्रसर है, जिससे देश विश्वास का स्तंभ बनकर उभर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जब पूरी दुनिया मंदी झेल रही थी तब भारत आगे बढ़ रहा था। भारत विकास पर पथ पर अग्रसर रहा। पीएम मोदी ने कहा कि बैंकों में नागरिकों का लगभग 78,000 करोड़ रुपया अनक्लेम्ड पड़ा है लेकिन इसका कोई दावेदार नहीं है। अब हम खोज-खोजकर लोगों को पैसे लौटा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां 21वीं सदी का एक हिस्सा बीत चुका है और दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं - वित्तीय संकट, वैश्विक महामारी आदि इन परिस्थितियों ने किसी न किसी रूप में दुनिया को चुनौती दी है। आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, लेकिन इन सबके बीच हमारा भारत एक अलग ही स्तर पर दिखाई दे रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भारत पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने बताया कि देश के बैंकों में नागरिकों का लगभग 78,000 करोड़ रुपया अनक्लेम्ड पड़ा है इसका अर्थ हुआ है कि वैसे पैसे जिसपर किसी ने दावा नहीं किया हो। पीएम मोदी ने कहा कि इंश्योरेंस कंपनियों के पास करीब 14,000 करोड़ रुपये, म्युचुअल फंड में 3,000 करोड़ रुपये और डिविडेंट का 9,000 करोड़ रुपये अनक्लेम्ड पड़ा है। यह पैसा गरीब और मध्यम परिवारों के हैं, जिसके हैं वो तो भूल चुका है। हमारी सरकार देशभर में अब उनको ढूंढ रही है। हमारी सरकार उसके हकदार तक पहुंचने में जुटी हुई है।

### दुनिया में जब स्लोडाउन की बात होती है, तब भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है

पीएम मोदी ने कहा कि जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है, तब भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। जब दुनिया में ट्रस्ट का क्राइसिस दिखता है, तब भारत ट्रस्ट का पिलर बन रहा है। जब दुनिया फ्रेगमेंटेशन की तरफ जा रही है, तब भारत ब्रिज बिल्डर बन रहा है। हिंदू विकास दर शब्द का इस्तेमाल तब किया गया जब भारत 2-3 प्रतिशत की विकास दर के लिए संघर्ष कर रहा था। पूरे समाज को अनुत्पादकता और गरीबी का तमगा दे दिया गया। यह साबित करने की कोशिश की गई कि भारत की धीमी प्रगति का कारण हिंदू सभ्यता और हिंदू संस्कृति है। क्या तब सांप्रदायिकता नहीं देखी गई थी? प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले की व्यवस्थाओं को अपने ही नागरिकों पर भरोसा नहीं था। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे पहले नागरिकों को अपने दस्तावेज सरकारी अधिकारियों से सत्यापित करवाने पड़ते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने उस कार्यप्रणाली को तोड़ा है। एक नागरिक का स्व-सत्यापित दस्तावेज़ ही उसकी प्रामाणिकता साबित करने के लिए पर्याप्त है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ये उपलब्धियां सामान्य बात नहीं है। ये सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है। ये एक फंडामेंटल चेंज है, जो बीते दशक में भारत लेकर आया है। आज जब हम यहां ट्रांसफॉर्मिंग टूमारो की बात रहे हैं, तो हमें समझना होगा कि ट्रांसफॉर्मेशन का जो विश्वास पैदा हुआ है, उसका आधार वर्तमान में हो रहे कार्यों की एक मजबूत नींव है। आज के रिफॉर्म्स और परफॉर्मेंस हमारे कल के ट्रांसफॉर्मेशन का रास्ता बना रहे हैं। पीएम ने कहा कि आप भी जानते हैं कि कोई देश बिना आत्मविश्वास के आगे नहीं बढ़ सकता। दुर्भाग्य से लंबी गुलामी ने भारत के इसी आत्मविश्वास को हिला दिया था। और इसकी वजह थी, गुलामी की मानसिकता। ये मानसिकता विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में बड़ी रुकावट है।

## रेलवे का बड़ा एलान फंसे हुए यात्रियों के लिए चलाएगा 84 विशेष ट्रेनें

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने इंडिगो के मौजूदा संकट के मद्देनजर लोगों की मदद के लिए शनिवार को सभी जोनों में 84 विशेष ट्रेनों का एलान किया। रेल मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना और हावड़ा जैसे प्रमुख शहरों में रेल यातायात के हालात का विश्लेषण करने के बाद विशेष ट्रेनों की घोषणा की गई। ये ट्रेन इन सभी शहरों के बीच 104 फेरे लगाएंगी।

रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशकने कहा, यातायात की स्थिति के आधार पर विशेष ट्रेनों की संख्या और उनके फेरे और बढ़ सकते हैं। सभी जोनों को उड़ान रद्द होने की वजह से देश के अलग-अलग हिस्सों में फंसे लाखों यात्रियों की सुविधा के लिए इन ट्रेनों को सुरक्षित रूप से चलाने के लिए रोलिंग स्टॉक समेत सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को इन ट्रेनों के बारे में जागरूक करने की कोशिश की जा रही है।

## नेहरू को सिर्फ मिटाना नहीं, खत्म करना है बीजेपी का मकसद

### ■ नेहरू के खिलाफ सत्तापक्ष के कमेंट पर सोनिया गांधी का पलटवार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने बीजेपी पर करारा अटैक किया है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी का मुख्य मकसद जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना है। उन्होंने बीजेपी पर भारत के पहले प्रधानमंत्री को अपमानित करने, नीचा दिखाने और बदनाम करने का आरोप लगाया। जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के उद्घाटन के मौके पर सोनिया गांधी ने कहा कि नेहरू के योगदान का विश्लेषण और आलोचना का स्वागत है। उनकी लिखी और कही गई बातों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सोनिया गांधी ने नेहरू को लेकर सत्तापक्ष की ओर से टिप्पणियों पर करारा रिएक्ट किया। हालांकि, उन्होंने अपनी बात रखते हुए सीधे तौर पर बीजेपी या आरएसएस का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके निशाने पर कौन था, ये उनकी टिप्पणियों से साफ जाहिर था। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने दो टूक कहा कि इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए कि आज सत्ता में बैठे लोगों का मुख्य उद्देश्य नेहरू को बदनाम करना है।

### बिना नाम लिए बीजेपी आरएसएस को सुना दिया

सोनिया गांधी की यह टिप्पणी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि नेहरू सार्वजनिक धन का इस्तेमाल बाबरी मस्जिद बनाने के लिए करना चाहते थे, लेकिन सरदार पटेल ने ऐसा करने से रोक दिया था। कांग्रेस ने इस दावे को झूठ बताते हुए राजनाथ पर ध्रुवीकरण फैलाने का आरोप भी लगाया था।



**डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि :** भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को नई दिल्ली में पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने भी श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि आंबेडकर ने पीढ़ियों को मानव गरिमा और लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक एक्स अकाउंट से जारी संदेश में बताया गया कि राष्ट्रपति ने श्रद्धा और सम्मान के साथ बाबासाहेब को नमन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा है कि आंबेडकर की शिक्षाएं और उनका संघर्ष आज भी मार्गदर्शन करता है। हर वर्ष 6 दिसंबर को यह दिन संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के अग्रदूत और आधुनिक भारत के महान विचारक डॉ. आंबेडकर को याद करने के लिए मनाया जाता है।

## बाबा साहब आंबेडकर की मूर्तियां छत्र के नीचे रहेंगी : मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि अक्सर कुछ शरारती तत्व बाबा साहब की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश करते हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा।

सीएम ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों को

### ■ क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए हुआ फैसला

उचित मानदेय देने के लिए सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक-दो महीने के अंदर ही सरकार इन कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी। जीरो पॉवर्टी अभियान भी उसी का हिस्सा है। अभी भी जो वंचित हैं और सुविधा का लाभ नहीं पा सके, उनके लिए कार्य हो रहे हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति, अति पिछड़ी जातियों के गरीबों को चिह्नित करने का काम फाइनल हो गया है। किसी के राशन, पेंशन कार्ड बन रहे तो किसी को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

## भारत में कब तक रहेंगी शेख हसीना विदेश मंत्री जयशंकर ने दे दिया जवाब

### ■ पूर्व पीएम को बांग्लादेश में छात्रों के प्रदर्शन की वजह से देश छोड़ना पड़ा था



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में रहना उनका निजी फैसला है और वह जब तक चाहें रह सकती हैं। शेख हसीना को पिछले साल बांग्लादेश में छात्रों के विरोध प्रदर्शन और हिंसा की वजह से देश छोड़ना पड़ा था। हसीना ने 15 साल तक बांग्लादेश का नेतृत्व किया। पिछले साल अगस्त में देश भर में हुई हिंसा के बीच भारत भाग आई।

78 साल की हसीना को पिछले महीने एक स्पेशल ट्रिब्यूनल ने उनकी गैरमौजूदगी में मौत की सजा सुनाई थी, जो उनकी सरकार द्वारा छात्रों के विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई से जुड़े मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए था। एक कार्यक्रम जब जयशंकर से पूछा गया कि क्या हसीना का भारत में जब तक वह चाहें रहने का स्वागत है, तो इस पर उन्होंने कहा कि वह एक खास हालात में यहां आई थीं, और वह हालात साफ तौर पर उनके साथ जो होता है, उसमें एक फैक्टर है। लेकिन यह कुछ ऐसा है जो उन्हें तय करना होगा। ढाका के साथ नई दिल्ली के बड़े रिश्तों की बात करते हुए, जयशंकर ने बांग्लादेश में एक भरोसेमंद और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल प्रोसेस के लिए भारत की लंबे समय से चली आ रही पसंद पर जोर दिया।

### वर्ष 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा उत्तर प्रदेश : सीएम योगी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत के विजन 2047 को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे अहम है। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को वर्ष 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य समान गति और संकल्प के साथ आगे बढ़े। मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक विमर्श और जनभागीदारी के आधार पर राज्य का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है और राज्य की वर्तमान प्रगति इस दिशा में उत्साहजनक है।

**कवायद** इंडिगो से रिफंड प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी करने को कहा

# सरकार ने हवाई किराया किया फिक्स, 500 किमी के लिए 7500 रुपये



| | |
|---|---|
| 500 किमी तक की दूरी | अधिकतम किराया 7500 रुपये |
| 500-1000 किमी की दूरी | अधिकतम किराया 12000 रुपये |
| 1000-1500 किमी की दूरी | अधिकतम किराया 15000 रुपये |
| 1500 किमी से अधिक की दूरी | अधिकतम किराया 18000 रुपये |

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट को लेकर सरकार अब सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही सरकार ने दूसरी एयरलाइन के किराये में हुए बेहताशा बढ़ोतरी पर लगाम लगा दी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूट्स पर सही और वाजिब किराया सुनिश्चित करने के लिए अपनी रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। सरकार ने एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराये से ज्यादा न लें।

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उपरोक्त किराया सीमाएं लागू उपयोगकर्ता विकास शुल्क, यात्री सेवा शुल्क और करों को छोड़कर हैं। ये किराया सीमाएं बिजनेस क्लास और आरसीएस उड़ानों पर लागू नहीं होंगी। सरकार की ओर से कहा गया है कि किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराये स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता। ये किराया सीमाएं सभी प्रकार की बुकिंग पर लागू होंगी, चाहे टिकट एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट से खरीदा गया हो या किसी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट के प्लेटफॉर्म से। एयरलाइंस सभी श्रेणियों में टिकट उपलब्धता बनाए रखेंगी और आवश्यकता होने पर उन सेक्टरों में क्षमता बढ़ाने पर विचार करेंगी जहां मांग अचानक बढ़ गई हो। सरकार ने आदेश दिया है कि एयरलाइंस रद्दीकरण से प्रभावित सेक्टरों में अचानक या असामान्य किराया वृद्धि से बचेंगी। एयरलाइंस प्रभावित यात्रियों को अधिकतम संभव सहायता प्रदान करेंगी, जिसमें संभव होने पर वैकल्पिक उड़ान विकल्प शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा और शिकायत निवारण को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय ने इंडिगो को निर्देश दिया कि वह डेडिकेटेड पैसेंजर सपोर्ट और रिफंड फैसिलिटेशन सेल्स स्थापित करें। इन सेल्स का काम होगा प्रभावित यात्रियों से संपर्क करना और यह सुनिश्चित करना कि वे रिफंड के लिए बार-बार फॉलो-अप करने की जरूरत न महसूस करें।

### यात्रियों के सामान को घर पहुंचाने के निर्देश

एयरलाइन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि जिन यात्रियों का ट्रैवल प्लान रद्द हुआ है, उनसे कोई रिशेड्यूलिंग चार्जेस न लिए जाएं। रिफंड प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी। एयरलाइन यह सुनिश्चित करे कि यात्रियों के छूटे हुए सामान का पता लगाया जाए और 48 घंटों के भीतर उन तक पहुंचाया जाए।

### इंडिगो का बयान

परिचालन में आ रही समस्याओं पर एयरलाइन की ओर से शनिवार को बयान जारी किया गया। बयान में इंडिगो ने कहा कि एयरलाइन पूरे नेटवर्क में परिचालन को पटरी पर लाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है। टीमें शेड्यूल को स्थिर करने, देरी को कम करने व ग्राहकों की मदद करने पर केंद्रित हैं। शनिवार को रद्दीकरण की संख्या 850 उड़ानों से नीचे आ गई है, जो कल की तुलना में काफी कम है।







# जिले की सभी तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह व अधिकारियों के संग फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 14, विकास 04, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 02, कृषि 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार मुकेश कुमार, बीडीओ सुमित कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, संगीता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीबीटी से भेजे गए 5.93 लाख, 7 लाख की एफडी कराई गई



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** गोविंद शुगर मिल ऐरा में 27 दिसंबर को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए संविदा श्रमिक पृथ्वीपाल की 13 जनवरी 2025 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। प्रशासन की सक्रिय पहल पर उनके परिजनों को आर्थिक संबल मिला है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के हस्तक्षेप के बाद कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत मिल प्रबंधन ने आश्रितों को 12 लाख 93 हजार 900 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह के साथ प्रभावित परिवार को 12 लाख 93 हजार 900 की धनराशि का चेक, सीएसआर राहत किट और शाल प्रदान किया। डीएम ने कहा कि श्रमिक परिवारों के अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मिल प्रबंधन को भविष्य में सुरक्षा मानकों को और कड़ा करने के निर्देश भी दिए बताते चले कि डीबीटी के माध्यम से 5,93,900 रुपये सीधे खाते में भेजे गए, जबकि 7 लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) परिवार के नाम से कराई गई है, ताकि भविष्य में उनका आर्थिक संबल बना रहे।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर सपा के नेताओं ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की, गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि आज बाबा साहब की पुण्यतिथि पर उन्हें पूरा देश याद कर रहा है उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों,शोषितों, पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर महान चिंतक समाज सुधारक न्यायाविद, अर्थशास्त्री भी थे उन्होंने सदैव लोगों के बीच समानता की बात की, उनके संघर्षो को हमेशा याद



किया जायेगा, इस अवसर पर पूर्व जिला जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष मो क़य्यूम खान, पूर्व विधायक रामशरण समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रेहान खान,शमशेर बहादुर सिंह, शेखू मिर्ज़ा अशोक कश्यप, यश मोहन पटेल, गुफरान अहमद, सईद अंसारी, त्रिभुवन सिंह सेंगर, बंटी सिंह, हेमन्त भार्गव, अमित वर्मा आदि उपस्थित थे।

## युवती के टेलीग्राम पर युवक ने भेजा अश्लील लिंक, युवती की तहरीर पर पुलिस ने किया केस दर्ज

**लखीमपुर-खीरी।** एक युवती के टेलीग्राम पर युवक ने अश्लील लिंक भेज दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। शहर निवासी एक युवती ने बताया कि आरोपी उसके परिवार का ही अनूप अवस्थी है। आरोपी की उसके परिवार से रंजिश चल रही है। गुरुवार की सुबह आरोपी के टेलीग्राम नंबर से उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया। लिंक खोलने पर उसमें अश्लील सामग्री दिखाई दी। युवती ने तुरंत यह बात अपने भाई शुभ मिश्रा को बताई। कुछ देर बाद वह लिंक आरोपी ने डिलीट कर दिया। युवती ने आरोप लगाया कि इसी दिन दोपहर करीब 2 बजे फिर से आरोपी ने उसके नंबर पर एक अश्लील लिंक भेजा इस बार जब फोन उसके माता-पिता ने खोला तो उसमें भी आपत्तिजनक सामग्री मिली। युवती ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## बारात से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर हुई दुर्घटनाग्रस्त

**लखीमपुर-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के भानपुर गांव के पास शनिवार सुबह बारात से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ड्राइवर को झपकी आने के कारण कार पहले एक पेड़ से टकराई और फिर खड़ी बाइक को भी ठोकर मार दी। इस हादसे में कार में सवार दो लोग घायल हो गए। इनको इलाज के लिए बिजुआ सीएचसी ले जाया गया। घायलों की पहचान अजय सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम कमलापुर और राजकुमार, पुत्र महेंद्र सिंह निवासी सिद्धनगर थाना संपूर्णानगर के रूप में हुई है। कार में गांव देवरिया और खजुरिया के अन्य लोग भी सवार थे। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## निर्माणाधीन मॉडल स्कूल का एक छज्जा के अचानक गिरने से दो मजदूर घायल

**लखीमपुर-खीरी।** बेहजम ब्लॉक के पैला गांव में शनिवार सुबह निर्माणाधीन मॉडल स्कूल का एक छज्जा के अचानक गिरने से दो मजदूर घायल हो गए। पैला गांव में मॉडल स्कूल का निर्माण कार्य चल रहा है। स्कूल की निर्माण प्रक्रिया के दौरान एक मंजिल पर छज्जा का निर्माण किया गया था, जो शनिवार सुबह मजदूरों के काम के दौरान अचानक नीचे गिर गया। उस समय मजदूर पड़ोस में कार्य कर रहे थे और छज्जा के गिरने से दो मजदूर घायल हो गए। घायल मजदूरों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा ,01 नफर अभियुक्त नवीशान पुत्र कादिर खान नि0 पचौद अवधयी थाना देवरुआ जिला सिध्दार्थनगर व हाल पता श्व89/2025 कालन्दर कालोनी दिलशाद गार्डन थाना सीमापुरी जिला सादरा दिल्ली को मु0अ0स0 456/25 धारा 317(2) बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

## महापौर के खिलाफ निगम कर्मचारियों ने खोला मोर्चा विभाग की तालाबंदी कर दिया धरना

सहारनपुर। नगर निगम में मेयर डॉ.अजय सिंह द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग के क्लर्क सुरेंद्र बाबू से की गयी अभद्रता और कथित मारपीट के मामले से आक्रोशित निगम के कर्मचारियों ने सभी विभागों की तालाबंदी कर दी तथा महापौर द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। गौरतलब है कि नगर निगम के मेयर डॉ.अजय कुमार सिंह ने विगत् दिवस नगर निगम के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया था। बताया जाता है कि जैसे ही नगर निगम के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग में पहुंचे, तो वहां उन्होंने रजिस्टरों का निरीक्षण करने के पश्चात बाबू सुरेन्द्र से जानकारी लेनी चाही, तो इसी दौरान बाबू सुरेन्द्र कुमार द्वारा दिये गये जवाब से महापौर का पारा गरम हो गया। आरोप है कि महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने बाबू सुरेन्द्र कुमार की गर्दन पकड ली थी तथा नगरायुक्त शिपू गिरी को पत्र लिखकर बाबू सुरेन्द्र कुमार को निलम्बित करने के साथ ही पिछले पांच साल में निगम द्वारा जारी किए गए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रो की जांच कराने के निर्देश भी दिये थे। आज जैसे ही इस बात की जानकारी निगम कर्मचारियों को मिली तो उन्होंने आक्रोशित विभाग की तालाबंदी करते हुए बाबू सुरेन्द्र कुमार को निलम्बित किए जाने के संबंध में महापौर द्वारा नगरायुक्त को भेजे गए पत्र को अत्याचार बताते हुए धरना शुरू कर दिया। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि घटना से सदमे में आए सुरेंद्र बाबू की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक समारोह

## मेहनत, अनुशासन, दृढ़संकल्प ही सफलता की कुंजी है: अनुसुया वर्मा मैडम

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के श्री गुरु राम राय स्कूल में वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया। जिसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज, अली हसन, अलीपर ग्राम प्रधान के प्रत्याशी जैनुलआब्दीन, दिनेश सिंह नेगी आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम का कीर्तन नृत्य से आरम्भ नृत्य किया गया। कार्यक्रम मे बच्चों ने एक से बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति की। नन्हे मुन्ने बच्चों ने पापा मेरे पापा से लेकर एक बटे दो बटे चार नहीं बटेगा मम्मी पापा का प्यार, मोबाइल की लत को लेकर हम तेरे बिन रह नहीं सकते, अनपढ़ नेता, पुराने खेलों की यादें, गब्बर का ड्रामा, दिल ना दिया आदि मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया तो स्कूल के





सीनयर छात्राओं ने गढ़वाली, हरियाणवी और पंजाबी नृत्य कर स्कूल में आए सभी मेहमानों का दिलजीत लिया, सभी भरपूर तालिया से बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान प्रिंसिपल मैडम द्वारा मुख्य अतिथियों को शॉल चढ़ाकर और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। होनहार बच्चों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल मैडम ने अपने शब्दों में कहा कि बच्चों को हर चीज में आगे बढ़ते रहना चाहिए चाहे वह पढ़ाई हो या खेलकूद का मैदान या फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम। उन्होंने आगे कहा कि मेहनत, अनुशासन, दृढ़संकल्प ही सफलता की कुंजी है। वही कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश सिंह नेगी बच्चों को कार्यक्रम करने के लिए शुभकामनाएं मुबारकबाद दी और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा उनके उज्जवल भविष्य की दुआ दी। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि आज जो बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया है इसका श्रेय स्कूल स्टाफ को जाता है। इस पर उन्होंने प्रिंसिपल मैडम का दिल से धन्यवाद किया। कार्यक्रम में लगभग 31 परफॉर्मेंस किए गए जो कि सभी मनमोहक बने, सभी बच्चों ने तालियों के साथ जमकर वाहा वाही लूटी। स्कूल में आए सभी गार्डन्स ने स्कूल के वार्षिक समारोह की जमकर तारीफ की और प्रिंसिपल मैडम से लेकर स्कूल स्टाफ को बधाई दी। कार्यक्रम को कराने में सभी स्कूल स्टाफ और कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ एवं बच्चों के माता-पिता मौजूद रहे।

## डॉ.अम्बेडकर के आदर्शो को जीवन में अपनाने पर दिया जोर




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया तथा डॉ.अम्बेडकर की विचारधारा को अपनाने का संकल्प लिया।

स्थानीय बाबा लाल दास रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विभाग प्रचारक आशुतोष ने कहा कि एबीवीपी सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शिक्षा एवं अवसरों की समानता का संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों से डॉ.अंबेडकर की विचारधारा को जीवन में अपनाने तथा राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विभाग संगठन मंत्री चैतन्य स्वरूप ने कहा कि सामाजिक समरसता ही किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने हमें ऐसा संविधान दिया है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार, गरिमा और प्रगति का अवसर प्रदान करता है। आज का दिवस उनके योगदान का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि समाज में न्याय, समानता और शैक्षिक सशक्तीकरण का संकल्प लेने का भी अवसर है।

# लापरवाही किसकी बैंक की या कोषागार बिजनौर की

## पेंशनर्स पेंशन के लिए हुए परेशान

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद केनरा बैंक के पेंशनरों तक नहीं पहुंची पेंशन। केनरा बैंक के लगभग 50 पेंशन पेंशन भोगी ने बताया कि उनकी दिसंबर माह में मिलने वाली पेंशन अभी तक नहीं मिल पाई है जिसका कारण उन्होंने बताया कि बैंक की लापरवाही बताया गया। सालाना भरे जाने वाले पेंशन फॉर्म कोषागार बिजनौर नहीं पहुंचे हैं जिसकी वजह से पेंशन रुकी हुई है जबकि केनरा बैंक के मैनेजर से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि हमने सभी 50 पेंशनरों के फॉर्म कोषागार भेज दिए थे जहां से दोबारा वापस बैंक आ गए थे कोषागार ने बैंक से सभी पेंशनरों के लेटर और बैंक संबंधित जानकारी मांगी थी जो कि दोबारा सभी फॉर्म को 29 नवंबर को कोषागार के अनुसार भरकर भेज दिया गये थे, जबकि अब तक 7 दिन बीत चुके हैं परंतु अभी तक पेंशनर अपनी पेंशन प्राप्त नहीं कर पाए। वहीं एक पेंशनर्स ने बताया कि जब हम बैंक में पेंशन लेने पहुंचे तो बैंक कर्मचारी क्लर्क ने बताया कि अभी आपका फॉर्म नहीं भेजे गए हैं भेजने में देरी हो गई। इसलिए पेंशन नहीं मिली। अब इसमें किसकी लापरवाही कही जाए बैंक या कोषागार जिला बिजनौर की। बीते कई वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है जब केनरा बैंक के पेंशनर पेंशन के लिए परेशान है।

# दुआ फाउंडेशन की ओर से हुआ सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सर्व समाज ने लिया लाभ

## टीम की कड़ी मेहनत से सामूहिक विाह कार्यक्रम हुआ सफल

- **वसीम कुरैशी ने निभाया अपना वादा बेटी जन्म दिवस पर 100 शादियां कराकर दिलों को।**
- **मिलाया दिलों को तो लोगों ने दी दिल से दुआएं है।**

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** वाकई नजीबाबाद के चहीते और नजीबाबाद से बेपनाह मोहब्बत रखने वाले वसीम कुरैशी ने अपना पूरा वादा कर 100 शादियां कराई। कहीं हुए फेरे तो कहीं कुबूल है कि आवाज़ आई। पैसा सब कमाते हैं पर खर्च कोई नहीं करना चाहता है , पर वसीम कुरैश पैसा सही जगह खर्च कर बता दिया कि जिले में है कोई खर्च करने वाला। दुआ फाउंडेशन



रजिस्टर्ड की जानिब से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की गरीब अहसहाय सर्वसमाज परिवार की लड़कियों का विवाह कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह में दान स्वरूप दहेज व खाने का भी विशेष प्रबंध रहा। शुक्रवार को कोटद्वार रोड स्थित अग्रवाल फार्म हाउस में दुआ फाउंडेशन रजिस्टर्ड के बैनर तले क्षेत्र की हिंदू मुस्लिम सिख सहित सर्व समाज की निर्धन परिवार की लड़कियों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमें निर्धन परिवारों की लड़कियों को दान दहेज भी दिया गया। आपको बता दे की दुआ फाउंडेशन ने विगत महा पूर्व पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान लुधियानवी के माध्यम से सहायता की गईं थी। साथ ही नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के दो युवको जिनकी विदेश में मौत हो जाने के बाद दुआ फाउंडेशन ने मृतक के दोनों परिवारों को ढाई ढाई लाख रुपए के चेक देकर उनकी मदद की थी। दुआ फाउंडेशन भविष्य में भी जनहित, सामाजिक में मदद के कार्य करती रहेगी। दुआ फाउंडेशन में जितने भी शादियों के लिए आवेदन आए थे सभी की शादियां की गई, सर्व समाज के लोगों ने लिया लाभ।सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दुआ फाउंडेशन के अध्यक्ष अब्दुल्ला गुलजार, हाजी इनाम, हाजी यूसुफ कुरैशी, हाजी यूनुस कुरैशी, हाजी शमीम, हाजी नसीम अहमद, अनीस अहमद, इरफान कुरैशी, इमरान कुरेशी, इकराम कुरैशी, मास्टर मोहम्मद असलम, हाजी जब्बार, मास्टर अब्दुल सत्तार, गुलज़ार अहमद पत्रकार, हाजी इमरान, युसूफ पहलवान, मोहम्मद सलमान काशमी, लवी अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार, राजेश मिश्रा, मोहम्मद अकरम, नईम अहमद, ज़ीशान अहमद, डॉक्टर मुकीम अहमद, मोहम्मद शान, सलीम कुरैशी एंबुलेंस वाले, महफूज आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जलभराव के खिलाफ क्षेत्रवासियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम के सैक्टर 10 के अंतर्गत आने वाले काजीपुरा के क्षेत्रवासियों ने नवादा रोड पर निर्माणाधीन नाले के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं किए जाने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग की।

नगर निगम के सैक्टर 10 के क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नवादा रोड़ पर नाले के पानी की निकास की कोई उचित व्यवस्था नही है। उन्होंने बताया कि नाले में चुनाभट्टी समेत कई मौहल्ले का पानी आता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा नाले का निर्माण काजीपुरा कब्रिस्तान तक ही कराया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नाले का पानी गत वर्षो से गोल्डन सिटी कॉलोनी के एक प्लॉट से होकर कालोनी के अन्य प्लॉटो एवं समीप की भूमि में जमा हो रहा था। वर्तमान में गोल्डन सिटी कॉलोनी के जिस प्लॉट से होते हुए पानी बह रहा था, उस प्लॉट के स्वामी द्वारा नींव भर पानी को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण अब पानी सीधा नवादा रोड मार्ग पर भरने से मार्ग अवरूद्ध हो गया है। उनका कहना था कि इस मार्ग पर स्थित सनसाईन इण्टर कॉलेज के विद्यार्थीयों को स्कूल पहुंचने में अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और जलभराव के कारण इस मार्ग पर स्थित विभिन्न कॉलोनी व गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालो में पदम सिंह, चन्द्रपाल, सतीश, सुंदरलाल, रमेश कुमार, जगपाल, अशोक, अमित, शहजाद समेत कई लोग शामिल रहे।

# जगह-जगह कैम्प लगाकर करे बीएलओ का सहयोगः हरेन्द्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर जनपद प्रभारी हरेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान में मिले अधिकारों को कम करने का प्रयास कर रही है इसलिए हम सब का दायित्व है कि पीडीए कैंप में अधिक से अधिक लोगों के वोट बनवाने का काम किया जाए, ताकि कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रह सके।

राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेंद्र मलिक आज अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस एवं मासिक बैठक में एसआईआर की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए एसआईआर लेकर आई है। उन्होंने कहा कि इससे बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि जगह-जगह कैंप लगाकर एसआईआर कैंप में बीएलओ का सहयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को वोट बनवाने का काम करें।

राष्ट्रीय सचिव डॉ.भुवन भाष्कर जोशी ने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने संविधान में इतने अधिकार दिए हुए हैं कि कोई भी उन्हें वोट के अधिकार से वंचित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि वह अपने पर प्रपत्रों को भरकर 11 दिसंबर से पहले अपने बीएलओ के पास जमा कर दे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करना शुरू कर दें, ताकि उत्तर प्रदेश में जन कल्याणकारी सरकार का गठन हो सकें।

# उर्स कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट एवं फायरिंग के मामले में 14 गिरफ़्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के खासपुर में उर्स कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट एवं गोलीबाजी के मामले में पुलिस द्वारा 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विदित हो कि थाना कुंवरगांव क्षेत्र के ग्राम खासपुर में स्थित तिलिया सेम्मल वाले बाबा के मजार पर उर्स का आयोजन किया जा रहा था।कार्यक्रम के दौरान यहां पर चल रही कव्वाली में कव्वालों के ऊपर पैसे न्योछावर किए जा रहे थे। बताया जाता है कि शुक्रवार रात्रि में पैसे न्योछावर किए जाने के दौरान पुरानी रंजिश वाले दो पक्ष आमने-सामने आ गए जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी, कहासुनी इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते मारपीट में बदल गई दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर लाठी डंडे चलाए गए और कुर्सियां आदि फेंकी गई।मारपीट के दौरान इनके द्वारा फायरिंग भी कर दी गई।फायरिंग के दौरान चली गोली से ग्राम प्रधान का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया,गोली उसके सिर में जा लगी।घटना की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस द्वारा गोली से घायल को इलाज के वास्ते जिला चिकित्सालय भेजा गया है।मारपीट एवं फायरिंग की इस घटना में वादी सगीर पुत्र मकसूद अली की ओर से थाना कुंवर गांव पर सात लोगों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।पुलिस के अनुसार थाने पर दर्ज इस मामले में प्रकाश में आए थाना क्षेत्र के ग्राम खासपुर निवासी अरमान (19) पुत्र अकरम,शारिक (29) पुत्र अब्दुल रहमान, शवाब (23) पुत्र अकरम, आफताब (42) पुत्र मो0 अफसर, मो0 शावेज (37) पुत्र मो0 असलम, मो0 शारिक (34) पुत्र मो0 असलम, मो0 महताब(35) पुत्र मो0 अफसर, मुशीर(38) पुत्र मुनीफ आलम, तथा थाना क्षेत्र के ग्राम लाही फरीदपुर निवासी तारिक (36) पुत्र जान मोहम्मद, विकार(45) पुत्र वली रजा,ग्राम बनेई निवासी आकिब(19) पुत्र तौकीर अहमद, ग्राम दुगरैया निवासी आमीर(26) पुत्र राशिद, ग्राम हुसैनपुर निवासी मो0 हसनैन(38) पुत्र सरीयतउल्ला एवं आरिफपुर नवादा निवासी,अमजद हसन पुत्र जवारुल हसन को गिरफ्तार किया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में पिंडरा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

- किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे पिंडरा तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुला कर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। पिंडरा तहसील में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 119 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें 07 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया। शेष प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए।

इस अवसर पर डी0सी0पी0 गोमती जोन, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## पोखरे में दूसरे दिन भी एसडीआरएफ की टीम युवक को ढूंढती रही

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के टड़वा खुर्द में शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे पोखरे में स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। शनिवार दूसरे दिन भी देर शाम तक युवक के शव की तलाश एसडीआरफ द्वारा किया जा रहा था। मिली जानकारी से सोनू राजभर पुत्र परमहंस राजभर 22 वर्ष निवासी मतवलिया थाना रामकोला जिला कुशीनगर जो अपने पड़ोस के गांव के मित्र महेंद्र कुशवाहा से मिलने गुरुवार को टड़वा खुर्द आया था। मृतक का मित्र गांव के एक व्यक्ति के यहां पाइप बनाने का कार्य करता था। शुक्रवार को अपराह्न दो बजे युवक पास स्थित पोखरे में स्नान करने गया था। जिसकी डूबने से मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम शुक्रवार और शनिवार को पोखरे में युवक लाश ढूंढती रही लेकिन देर शाम तक सफलता हाथ नहीं लगा। शनिवार को सीओ गीडा कमलेश प्रताप सिंह और थानेदार महेश कुमार चौबे हमराहियों के साथ पहुंच कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

# 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार अभियान शुरू

**महोबा ( अवधनामा संवाददाता )** 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जिले वासियों को जानकारी दिए जाने को लेकर शनिवार को जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राम नगीना यादव ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन शहर के अलावा गांव गांव जाकर नागरिकों को लोक अदालत से प्राप्त होने वाले लाभों से रूबरू कराते हुए निर्धारित तिथि में पहुंचकर लोक अदालत के जरिए आपसी समझौते और किफायती न्याय के लिए प्रेरित कर रहा है। इस मौके पर जिला जज ने लोक अदालत से निपटाए जाने वाले मामलों और विवादों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर जिला जज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन वर्ष में चार बार किया जाता है। यह न्याय प्रणाली में लंबित मामलों को आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से निपटाने का एक प्रभावी तरीका है और लोक अदालत में लिए गए निर्णय के विरुद्ध अपील का कोई प्रावधान नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद लोगों को त्वरित व सुलभ न्याय दिलाने में सहायक है।

## संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन डीएम एसपी ने सुनी लोगों की फरियादें



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** तहसील चरखारी में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जहां पर डीएम एसपी व अन्य अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील चरखारी से कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष शिकायतों को निस्तारण कि लिए संबन्धित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।

## अलीगढ़ कोषागार ने पेंशन प्रक्रिया को लेकर जारी की महत्वपूर्ण जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ कोषाधिकारी, अलीगढ़ ने पेंशन निर्गमन से संबंधित स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया है कि कोषागार में पेंशन जारी करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और निर्धारित नियमों के अनुसार पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही उनकी पेंशन भेजी जा रही है।

उन्होंने बताया कि पेंशन प्रारम्भ होने के एक वर्ष पश्चात पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को प्रत्येक वर्ष जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होता है। इस वर्ष बड़ी संख्या में पेंशनरों द्वारा नवम्बर माह में जीवित प्रमाण पत्र जमा किए गए हैं, जिनके आधार पर वर्तमान माह के प्रथम कार्य दिवस से ही पेंशन निर्गत कर दी गई है। नए प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर संबंधित पेंशनरों की पेंशन लगातार भेजी जा रही है। वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार ने यह भी अवगत कराया कि कई पेंशनरों द्वारा बिना सूचना दिए अपनी बैंक शाखाएँ परिवर्तित कर ली जाती हैं, जिसके कारण ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रदर्शित नहीं हो पाते और पेंशन निर्गमन प्रभावित होता है। उन्होंने सभी पेंशनरों से अनुरोध किया कि बैंक परिवर्तन की स्थिति में कोषागार को अनिवार्य रूप से सूचित करें। उन्होंने पुनः सभी पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि वे कोषागार में स्वयं उपस्थित होकर, बैंक के माध्यम से अथवा ऑनलाइन माध्यम से अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

# वाराणसी में बन रहा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम अप्रैल 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है

- उत्तर प्रदेश का तीसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम होगा
- सिंगापुर और मॉरीशस के लोग भी यहां जमीन खरीदने के लिए दिखाई दिलचस्पी

**( उत्पल दादा ) अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** क्रिकेट के शौक रखने वाले खेल प्रेमियों को वाराणसी आने के लिए मजबूर करेगा, राजातालाब स्थित गंजारी में बना रहा उत्तर प्रदेश का तीसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम। वाराणसी को विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर देने की दिशा में यह बड़ा कदम है। जो भगवान शिव की थीम पर आधारित है,जिसमें डमरू के आकार का पवेलियन,त्रिशूल के आकार की फ्लडलाइट्स और घाट की सीढ़ियां जैसी संरचनाएं होंगी।

दर्शकों के लिए 30,000 सीटों वाला यह स्टेडियम 2025 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद था। मगर अब यह स्टेडियम अप्रैल 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह उत्तर प्रदेश का तीसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम होगा। यह स्टेडियम अत्धुनिक टेक्नोलॉजी पर निर्मित है। स्टेडियम बनने के चलते बॉलीवुड के सितारे से लेकर क्रिकेट स्टार तक यहां पर अपने निजी संपत्ति के वास्ते जमीन खरीद चुका है। पहले इस इलाके का कोई कदर नहीं था। मगर सपनों की उड़ान नेऐसा फलस्पा बनाया की गंजारी का नाम विश्व में नमकीन हो गया। अब देश के बाहर के लोग भी इस इलाके में जमीन खरीदने के लिए बेताब है। अमेरिका के एक आदमी ने तो यहां तक कह दिया कि, यहां पर अगर जमीन बिक रहा है तो मेरे लिए बड़ा इलाका देखा जाए। वही सिंगापुर और मॉरीशस के लोग भी यहां जमीन खरीदने के लिए दिलचस्पी दिखाई है।निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ रहा है। स्टेडियम की क्षमता 30,000 दर्शक तय की गई है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर 40,000 तक बढ़ाया जा सकता है।

## आबकारी विभाग ने 160 किलो लहन नष्ट कर 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टॉफ अवैध शराब की बिक्री एवं अवैध मद्य निष्कर्षण के दृष्टिगत तहसील कायमगंज अंतर्गत स्थित संदिग्ध ग्राम श्यामनगर में पुलिस के साथ संयुक्त दबिश कार्यवाही की गई।दबिश में 18 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 160 किलोग्राम लहन बरामद की गई। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया तथा आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 01अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त कायमगंज क्षेत्र में स्थित आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, श्रश्रह्य से बिक्री, कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## 1 ट्रक सीज व 1 का किया चालान खनन विभाग के पोर्टल पर इनका पंजीयन नहीं पाया गया

**फर्रूखाबाद।** आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा संजय प्रताप, खनन अधिकारी फर्रूखाबाद के साथ राजेपुर तथा रामगंगा क्षेत्र में खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग में एआरटीओ-प्रवर्तन शाहजहांपुर सर्वेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। चेकिंग के दौरान बिना एचएसआरपी लगाये खनन सामग्री ढोते हुये 2 ओवर लोड ट्रक पकड़े गये तथा इन पर परिवहन विभाग द्वारा रू0 2.29 लाख का जुर्माना लगाया गया तथा खनन विभाग द्वारा रू0 1.40 लाख जुर्माना लगाया गया। जाँच के दौरान पाया गया कि खनन विभाग के पोर्टल पर इनका पंजीकरण नहीं था इसलिये इन वाहनों की वी.टी.एस. के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी सम्भव नहीं थी। इसके अतिरिक्त बिना खनन विभाग के रवन्ना के संचालित 2 ट्रकों का खनन विभाग द्वारा चालान किया गया।

# कमिश्नर ने विकासखंड जैतपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर का किया औचक निरीक्षण

- समीक्षा दौरान संबन्धित अधिकारियों को विकास कार्यों में रुचि लेकर तेजी से कार्य कराने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा के कमिश्नर अजीत कुमार ने शनिवार को विकासखंड जैतपुर कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान विकास कार्यों की प्रगति की रिकार्ड स्थिति तथा सरकारी योजनाओं के क्रियाव्यन की काफी देर तक समीक्षा की। समीक्षा दौरान संबन्धित अधिकारियों को विकास कार्यों में रुचि लेकर तेजी से कार्य कराने के निर्देश दिए।

विकासखंड कार्यालय के निरीक्षण दौरान मंडलायुक्त ने सभी अभिलेखों की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकासखंड में तैनात सभी पंचायत सचिव एवं सहायक पंचायत सचिव अनिवार्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र में ही निवास करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे ठंड के मौसम में किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। उन्होंने आवास योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही मंडलायुक्त ने दिव्यांगजन, विधवाओं और जरूरतमंदों को प्राथमिकता देने तथा साफ सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी, प्रभारी एडीओ पंचायत अर्चना गुप्ता उपस्थित रही।

मंडलायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। चिकित्सा अधिकारी आशीष तिवारी से उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली और कहा कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जांच में डॉक्टर मानस माहेश्वरी पिछले एक वर्ष से लगातार अनुपस्थित पाए गए, जिस पर मंडलायुक्त ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मरीज मधु सोनी ने महिला चिकित्सक डॉ. सुनीता के खिलाफ लापरवाही की शिकायत की।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**03010 नई दिल्ली–हावड़ा जं. विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 03010 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | --- | 07:30 |
| हावड़ा जं. | 13:30 | --- |

**चलने के दिन :** 03010 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

**01016 लखनऊ जं.–लोकमान्य तिलक (ट.) विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ जं. | --- | 19:30 |
| लोकमान्य तिलक (ट.) | 23:30 | --- |

**चलने के दिन :** 01016 लखनऊ जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., जलगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

**01020 ह. निज़ामुद्दीन–छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 01020 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| ह. निज़ामुद्दीन | --- | 17:30 |
| छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 13:30 | --- |

**चलने के दिन :** 01020 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** मथुरा जं., सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वसई रोड, ठाणे एवं दादर स्टेशन।

**01409/01410 पुणे जं.– ह. निज़ामुद्दीन – पुणे जं. विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 01409 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01410 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:20 | पुणे जं. | 09:00 | --- |
| 01:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 05:00 |

**चलने के दिन :** 01409 पुणे जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01410 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
**स्थान :** 3 टियर वाता.
**ठहराव :** दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खंडवा, ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा कैंट स्टेशन।

**06259/06260 यशवंतपुर – ह. निज़ामुद्दीन – बेंगलूरु कैंट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 06259 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 06260 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | --- | बेंगलूरु कैंट | 19:45 | --- |
| --- | 07:00 | यशवंतपुर | --- | --- |
| 03:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 23:50 |

**चलने के दिन :** 06259 यशवंतपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 06260 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** येलहंका, धर्मावरम जं., अनंतपुर, डोन, कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काज़ीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**04474/04473 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 04474 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04473 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 05:15 | गाजियाबाद | 17:20 | --- |
| 08:45 | --- | सहारनपुर | --- | 14:00 |

**चलने के दिन :** 04474 गाजियाबाद से तथा 04473 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़नगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**04476/04475 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 04476 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04475 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:30 | गाजियाबाद | 16:00 | --- |
| 20:00 | --- | सहारनपुर | --- | 12:30 |

**चलने के दिन :** 04476 गाजियाबाद से तथा 04475 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़नगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**02417/02418 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी — 03 फेरे**

| गाड़ी सं. 02417 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02418 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | --- |
| 11:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:00 |

**चलने के दिन :** 02417 प्रयागराज जं. से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 02418 नई दिल्ली से दिनांक 07 एवं 09.12.2025 (रविवार एवं मंगलवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

**02275/02276 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 02275 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02276 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | --- |
| 11:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:00 |

**चलने के दिन :** 02275 प्रयागराज जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02276 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**स्थान :** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

**01082/01081 बनारस – लोकमान्य तिलक (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 01082 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01081 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:40 | बनारस | 16:05 | --- |
| 19:55 | 20:05 | वाराणसी जं. | 15:25 | 15:35 |
| 06:25 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 08:25 |

**चलने के दिन :** 01082 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01081 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** वाराणसी जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, ईटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., नाशिक रोड एवं कल्याण जं. स्टेशन।

**02559/02560 बनारस – आनंद विहार (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 02559 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02560 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:15 | बनारस | 04:15 | --- |
| 10:30 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 12:20 |

**चलने के दिन :** 02559 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02560 आनंद विहार (ट) से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**08760/08761 दुर्ग – ह. निज़ामुद्दीन – दुर्ग एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 08760 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08761 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:45 | दुर्ग | 15:00 | --- |
| 11:10 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 12:30 |

**चलने के दिन :** 08760 दुर्ग से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 08761 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी
**ठहराव :** रायपुर जं., उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एवं आगरा कैंट स्टेशन।

**08403/08404 पुरी – दिल्ली जं. – भुवनेश्वर विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 08403 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08404 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:45 | पुरी | --- | --- |
| 12:50 | 12:55 | भुवनेश्वर | 22:00 | --- |
| 13:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 18:30 |

**चलने के दिन :** 08403 पुरी से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 08404 दिल्ली जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्दुझर रोड़, भद्रक, बालेश्वर, जलेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा जं., आद्रा जं., नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, टूंडला एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**04206/04205 वाराणसी जं. – नई दिल्ली – वाराणसी जं. आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 04206 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04205 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:50 | वाराणसी जं. | 01:20 | --- |
| 05:15 | --- | नई दिल्ली | --- | 10:55 |

**चलने के दिन :** 04206 वाराणसी जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04205 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04462/04461 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 04462 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04461 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | --- |
| 23:30 | --- | हावड़ा जं. | --- | 01:30 |

**चलने के दिन :** 04462 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04461 हावड़ा जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
**स्थान :** 3 टियर वाता. इकोनॉमी
**ठहराव :** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., ईटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

**04580 चंडीगढ़–तिरुवनंतपुरम सेंट्रल आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04580 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | --- | 07:15 |
| तिरुवनंतपुरम सेंट्रल | 14:45 | --- |

**चलने के दिन :** 04580 चंडीगढ़ से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
**स्थान :** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव :** अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., मेरठ सिटी जं., गाजियाबाद जं., ह. निज़ामुद्दीन जं., कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वसई रोड, पनवेल, रोहा, रत्नागिरी, थिविम, मडगांव जं., कारवार, कुमता, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कुन्दापुरा, उडुपी, मंगलूरु जं., कासरगोड, कन्नूर, कोझीकोड, षोरणूर जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टायम, चेंगन्नूर, कायमकुलम, कोल्लम जं. एवं वर्कला शिवगिरी स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – मुंबई सेंट्रल – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 04004 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04003 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:40 | नई दिल्ली | 20:50 | --- |
| 21:00 | --- | मुंबई सेंट्रल | --- | 23:30 |

**चलने के दिन :** 04004 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04003 मुंबई सेंट्रल से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
**स्थान :** 3 टियर वाता. इकोनॉमी
**ठहराव :** मथुरा, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अस्पतालों में मरीजों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

## सर्दी की दस्तक, व्यापक तैयारियों से उतरा स्वास्थ्य विभाग



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जैसे-जैसे दिसंबर की ठिठुरन बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग सर्दी जनित बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कोल्ड वेव और शीतलहर को देखते हुए जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक हर स्तर पर व्यापक इंतजाम कर लिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चल रही इस विशेष तैयारी का अयोध्या में साफ असर दिख रहा है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि जिले की सभी 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयल इमरशन हीटर लगवा दिए गए हैं। इसके अलावा नवजात शिशु वार्ड, प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थिएटर में भी विशेष हीटर की व्यवस्था की गई है, ताकि नवजात बच्चों और मरीजों को ठंड से बचाया जा सके। बच्चों और बुजुर्गों पर सर्दी का सबसे ज्यादा असर पड़ता है। इसलिए इन वार्डों को पूरी तरह गर्म रखने के लिए अलग से हीटर रखवाए गए हैं। दवाओं की कोई कमी न रहे, इसके लिए भी खास ध्यान दिया गया है। सर्दी-जुकाम, निमोनिया, बुखार और सांस संबंधी बीमारियों की सभी जरूरी दवाइयां जिला अस्पताल, सीएचसी के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) तक पर्याप्त मात्रा में पहुंचा दी गई हैं। मरीजों को मोटे गर्म कंबल भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अस्पतालों की पुरानी इमारतों में जहां खिड़कियां टूटी हुई थीं या खुली रहती थीं, उन्हें बंद कराने और मरम्मत कराने का काम तेजी से चल रहा है। डिस्ट्रिक्ट एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी आशा बहनें घर-घर जाकर लोगों को शीतलहर से बचाव के उपाय बताएंगी। गर्म कपड़े पहनना, बच्चों को ठंड से बचाना, बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना, रात में अलाव जलाना जैसे संदेश घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं। शासन से आए बैनर-पोस्टर सभी स्वास्थ्य केंद्रों और गांवों में लगाए जा रहे हैं। सीएमओ कार्यालय में एक बार फिर से कंट्रोल रूम सक्रिय हो गया है। शीतलहर को लेकर रोजाना दोपहर दो बजे शासन को रिपोर्ट भेजी जाती है। कोल्ड रूम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अजित सिंह व एसपी यादव को लगाया गया है।

# अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर एबीवीपी ने अयोध्या में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के अंतर्गत पूरब व पश्चिम दोनों जिलों में 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पूरब जिले में पूरा बाजार नगर इकाई द्वारा अम्बेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्री केबी सिंह इंटर कॉलेज पूरे पहलवान में संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नित्या पाठक ने कहा कि बाबासाहेब भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे, जिन्होंने देश के लिए न्यायपूर्ण और समान समाज की नींव रखी। विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि अंबेडकर ने दलितों, शोषितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

रामलला नगर इकाई द्वारा साकेत महाविद्यालय में पुष्पांजलि, अयोध्या एकेडमी में निबंध प्रतियोगिता, संत रविदास मंदिर में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन तथा भवदीय पब्लिक स्कूल में समरसता संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रांत प्रवासी शिखर अवस्थी ने कहा कि यह दिवस बाबासाहेब के संघर्षों और उनके सामाजिक-राजनीतिक योगदान को याद करने का अवसर है।

महानगर सहमंत्री काजल सागर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समानता और न्याय की स्थापना के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।अयोध्या पश्चिम जिले में कैंट इकाई द्वारा साहबगंज में स्वच्छता व माल्यार्पण तथा सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रमों में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उत्कर्ष पांडे, विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी, महानगर अध्यक्ष अंकित मिश्रा, नगर मंत्री राघवेंद्र तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रामनगरी में गूंजी शुक्ल यजुर्वेद की ऋचाएं

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** शनिवार को रामनगरी में शुक्ल यजुर्वेद की ऋचाएं गूंजी। मौका था काशी से आए वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे के स्वागत समारोह का। उनका स्वागत महापौर महंत गिरिशपति त्रिपाठी की अगवाई में अयोध्या के संतों ने किया। पिछले शनिवार को शुक्ल यजुर्वेद का पारायण कर वेदमूर्ति की उपाधि से विभूषित हुए देवव्रत महेश रेखे अपने पिता और गुरु पं. महेश चंद्रकांत रेखे तथा अन्य विद्वानों के साथ रामनगरी पहुंचे। यहां तुलसी उद्यान में आयोजित समारोह में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने गुलाब व गेंदा की विशेष माला से स्वागत किया। उन्होंने रामचरित मानस, स्वलिखित हृदय में राम पुस्तक के साथ भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। इससे पूर्व कारसेवकपुरम के वेदपाठी बटुकों ने स्वस्तिवाचन किया। वेद मूर्ति देवव्रत ने भी वेद मित्रों का सस्वर पाठ कर अयोध्या वासियों को अविभूत कर दिया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि दो सौ वर्षों बाद काशी के 19 वर्षीय बटुक ने वेद मूर्ति की उपाधि धारण कर वैदिक संस्कृति के पुनर्जागरण का शंखनाद किया है। उन्होंने कहा कि वृंदावन प्रेम की नगरी है। अयोध्या वैराग्य की और काशी विद्वता की धरती है। देवव्रत महेश रेखे ने इसे एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। उन्होंने सनातन संस्कृति का गौरव विश्व मंच पर बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दी।

देवव्रत के पिता पं. महेश चंद्रकांत रेखे ने सम्मान देने के लिए महापौर और अयोध्या के संतों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वेद शब्द राशि है, जिसके पारायण करने की परंपरा श्रुति परंपरा से जुड़ी है। बिना पुस्तक के अध्ययन कर इसे आत्मसात किया जाता है। उन्होंने कहा कि विधर्मियों ने पुस्तक नष्ट कर दी, लेकिन ज्ञान की वैदिक परंपरा को नष्ट नहीं कर सके।

कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित रघुनाथ दास शास्त्री ने किया। इस मौके पर महंत शशिकांत दास, मिथिलाबिहारी दास, आचार्य रामानंद शुक्ल, महंत लल्लन तिवारी, भाजपा नेता रवि तिवारी, अशोक वैदिक, नारायण शास्त्री, आचार्य दुर्गा प्रसाद, पार्षद अनुज दास, महेंद्र शुक्ल, रमाशंकर निषाद, पं. राधारमण त्रिपाठी, विजय पांडे, सचिंद्र सिंह, राधेश्याम शुक्ल, साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व प्रवक्ता सुनील अवस्थी, शिक्षक राहुल सिंह, श्रीनिवास शास्त्री, रोमोज शास्त्री, महंत राम नंदन दास आदि मौजूद थे।

# जर्जर सड़क, बज बजाती नाली से जनता परेशान, बच्चे होते हैं घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** वार्ड मुख्खीन के अंतर्गत आने वाला मोहल्ला समेढी इन दिनों खराब सड़क और टूटी नाली की परेशानी से जूझ रहा है। इसी क्षेत्र में जैदपुर की मशहूर और मारूफ़ शख्सियत डब्बू जैसवाल और कपिल जैसवाल का आवास भी स्थित है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जैदपुर की आधी आबादी इसी रास्ते से बाज़ार आती-जाती है, और छोटे-छोटे बच्चों को भी हर दिन इसी मार्ग से स्कूल जाना पड़ता है। रास्ता खराब होने के कारण अक्सर बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं, जिससे अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है।क्षेत्र के लोगों ने इस समस्या को लेकर अपने वार्ड के सभासद कलीम अंसारी से शिकायत की। सभासद ने बताय कि हमने हर बोर्ड बैठक में इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण का मुद्दा उठाया है। चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी महोदय को भी अवगत कराया है, लेकिन हमारी बात को नकार दिया गया है। चेयरमैन अपनी मनमानी से काम कर रहे हैं और जहाँ ज़रूरत है वहाँ काम नहीं कराया जा रहा। हमने चेयरमैन को अपना बहुमूल्य मतदान दिया, लेकिन हमारे साथ इस तरह का भेदभाव क्यों किया जा रहा है? क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क और नाली का निर्माण कराया जाए ताकि बच्चों और आम जनता को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

# बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर भाजपा ने चलाया वृहद स्वच्छता अभियान, प्रतिमाओं की हुई साफ-सफाई और माल्यार्पण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर क्षेत्र में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महानगर के विभिन्न पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

अभियान के अंतर्गत पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मिर्जापुर माफी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने रसड़ा, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कचहरी परिसर, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने जलवानपुरा, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने रसूलाबाद, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बाल्दा साहबगंज, अभिषेक मिश्र ने मोहबरा बाजार, जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल ने सरेठी तथा परमानंद मिश्र ने हनुमान कुंड में स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। महानगर क्षेत्र के लगभग 16 प्रमुख स्थानों पर यह अभियान चलाया गया।



पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक है। उनके विचार आज भी हर नागरिक को नई दिशा देते हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से हम बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शोषित-वंचित समाज को सम्मान दिलाने का कार्य किया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता और सामाजिक समरसता दोनों ही बाबा साहब के आदर्शों से जुड़े मूल्य हैं। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि बाबा साहब का संविधान आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दस्तावेज है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह अभियान केवल स्वच्छता का नहीं, बल्कि बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम है।

शक्ति सिंह शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्या, बबलू मिश्रा संग्राम सिन्हा, हेमंत जायसवाल, बाल कृष्ण वैश्य सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने महानगर के विभिन्न स्थलों पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# बंदरों का बढ़ता आतंक मासूमों की धड़कनों में दहशत, अभिभावक परेशान, स्कूल पहुंचना बना चुनौती



बंदरो के दौड़ाने से मसौली थाना के अमलोरा गांव छात्रा छत से गिरी पैर टूटा, एडमिट

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि गांवों के बच्चे अब स्कूल जाने के नाम से घबराने लगे हैं। अमलोरा और त्रिलोकपुर में हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बताये जा रहे हैं। सुबह-शाम की घंटियां, स्कूल की घंटियों से ज्यादा बंदरों की चीख-पुकार सुनाई देने लगी है। घरों की छतें, खेतों के रास्ते और गलियां इन दिनों लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। अमलोरा के मोहम्मद हफीज की बेटी, कक्षा दो की छात्रा, जब घर की छत पर कपड़े सुखाने गई थी तभी अचानक बंदरों के झुंड ने उसे घेर लिया। जान बचाने के लिए वह घबराकर नीचे की ओर भागी और पैर फिसलने से जमीन पर गिर पड़ी। इस हादसे में उसका पैर टूट गया। चीख-पुकार सुन परिवार में हड़कंप मच गया। बेहोश हालत में बच्ची को आनन-फानन में जिला मुख्यालय स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### स्कूल जाने में दहशत, अभिभावकों पर दोहरी मार

गांवों में हर घर में एक ही चिंता है। बच्चों का भविष्य बचाया जाए या उनकी जान? अभिभावक बच्चों को अकेले स्कूल भेजने से डर रहे हैं। कई मामलों में लोग अपने काम छोड़कर बच्चों को छोड़ने और लेने जा रहे हैं। किसान खेतों में कम और बंदरों से मुकाबले में ज्यादा समय लगा रहे हैं।

### त्रिलोकपुर, अमलोरा ही नहीं, पूरे जिले में बंदरों की बाढ़

स्थानीय लोगों के अनुसार बाराबंकी के कई कस्बों और गांवों में बंदरों की संख्या अनियंत्रित हो चुकी है। अब यह केवल शरारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हिंसक रूप ले चुका है। बुजुर्ग हो या बच्चे, बंदर देखते ही उन्हें दौड़ा लिया जाता है।लोगों में गुस्सा भी है और डर भी, लेकिन सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि कब तक मासूम बच्चे इस दहशत के साए में अपना बचपन और पढ़ाई खोते रहेंगे। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, वरना हालात और भयावह हो सकते हैं। गांवों की शांति और बच्चों की मुस्कान, दोनों बंदरों के आतंक में कैद होती जा रही हैं।

# शिवसैनिकों ने बाबरी मस्जिद विध्वंस की तैतिसवी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** शिवसैनिको ने आज शिवसेना यूबीटी जिला मुख्यालय सोमैया नगर देवा रोड़ पर बाबरी विध्वंस की तैतीसवीं वर्षगांठ को हिंदू स्वाभिमान विजय दिवस के रूप में मनाया शिवसैनिक आज पार्टी मुख्यालय में प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही के नेतृत्व में एकत्र होकर प्रभु श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की और लोक कल्याण की कामना की तथा राम मंदिर आंदोलन के दौरान शहीद कारसेवकों को भी नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही ने अपने संबोधन में कहा कि छह दिसंबर 1992 को मुगल दासता के प्रतीक राम जन्म भूमि पर बने बाबरी का विध्वंस आक्रोशित हिंदू समाज व कार सेवक शिवसैनिको द्वारा किया गया था सौभाग्य से हमे भी इस का हिस्सा बनने का मौका मिला था इस दिन हिंदुओं के स्वाभिमान को विजय श्री मिली थी इस लिए हम आज स्वाभिमान दिवस मना रहे है।

### हृदयाघात में संजीवनी साबित हो रही एसटीएमएस केयर यूनिट : डा. वीरेन्द्र वर्मा

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में हृदयाघात के मरीजों के लिए एसटीएमएस केयर यूनिट संजीवनी साबित हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए करीब 50 हजार रुपये के जीवनरक्षक इंजेक्शन टेनेक्टाप्लेस की मदद से मरीजों की त्वरित जान बचाई जा रही है। शुक्रवार, शनिवार की रात इमरजेंसी में पहुंचे रोहिणी कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय अरुण कृष्ण उपाध्याय को तेज सीने दर्द व घबराहट की शिकायत पर डॉ. वीरेन्द्र वर्मा ने तुरंत परीक्षण कर श्श्ष्टत्र कराया, जिसमें एसटीएम (हृदयाघात) की पुष्टि हुई। लोहिया संस्थान से तत्काल संस्तुति लेकर डॉ. वर्मा ने टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन देकर मरीज की जान बचाई।

डॉ. वर्मा ने बताया कि सही समय पर उचित इलाज मिल जाए तो हृदयाघात से मौत रोकी जा सकती है। वे अब तक ऐसे पाँच मरीजों को यह सरकारी सुविधा देकर बचा चुके हैं।

# वन विभाग की मिलीभगत से मसौली नोबस्ता हो रहा प्रतिबंधित पेड़ों का कटान

### वन विभाग के अधिकारी कर रहे अलग-अलग बयान बाजी, डीएफओ ने लिये संज्ञान

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिस प्रकार वन विभाग द्वारा एक अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया गया ठीक उसी प्रकार अब प्रतिबंधित पेड़ों का सफाया करवाया जा रहा है मामला बाराबंकी जनपद के बाराबंकी सदर रेंज के अंतर्गत आने वाले मसौली थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव में बीते तीन दिनों से प्रतिबंधित प्रजाति आम के पेड़ों का बड़ी मात्रा में कटान किया जा रहा है और इस कटान के संबंध में वन विभाग के रेंज से लेकर डिवीजन तक के अधिकारी अलग-अलग बयान बाजी कर रहे हैं और यह बताया जा रहा है कि इस कटान का परमिट जारी किया गया है क्षेत्रीय वन दरोगा सतीश मिश्रा ने बताया कि कटान का परमिट जारी किया गया है 30-30 करके जिसमें दो बार में कुल 60 पेड़ों का परमिट जारी हुआ है तो वहीं वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 35 -35 पेड़ों का दो बार में परमिट जारी हुआ है इस प्रकार कुल 70 पेड़ों का परिमित जारी होना बताया गया है वही जब यह बताया गया कि35 पेड़ों का एक साथ परमिट कैसे जारी हो गया तब उन्होंने बताया कि डीएफओ साहब चाहे तो कुछ भी असंभव नहीं है क्योंकि डीएफओ साहब के आदेश पर ही .70 पेड़ों का परमिट दो बार में जारी किया गया है वन विभाग के अधिकारियों की बयान बाजी से यह स्पष्ट हो जा रहा है कि सब कुछ इन्हीं के इशारे पर किया जा रहा है और वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को यह नहीं पता कि प्रतिबंधित पेड़ों का परमिट जारी करने के लिए उन्होंने कुल कितने पेड़ों की रिपोर्ट लगाकर अपनी संस्तुति प्रस्तुत की है क्योंकि वन क्षेत्राधिकारी 70 पेड़ का परमिट जारी होना बता रहे हैं और इन्हीं का वन दरोगा 60 पेड़ का परमिट जारी होने की बात बता रहे हैं आखिर कौन सही और कौन गलत बता रहा है यह तो अब डीएफओ साहब ही बता पाएंगे।



**डीएफओ बोले होगी जाँच**

डीएफओ आकाश दिप बधावन से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि 35 पेड़ो का परमिट एक साथ नही दिया जाता है 10-15 पेड़ो की ही दी जाती है। एक साथ पेड़ो की परमिट नही होती अगर ऐसा हो रहा है तो इसकी जाँच की जाएगी। एक एक तरफ तो डीएफओ साहब की माने तो उन्ही के विभाग के लोग गुमराह कर रहे है। क्षेत्रीय वन दरोगा 30 पेड़ तो क्षेत्राधिकारी 35 पेड़ो की परमिशन बताते है।

# सरयू तट पर वीर बलदानियों कारसेवकों को हिंदू महासभा ने किया नमन दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** 6 दिसंबर के दिन अखिल भारतीय हिंदू महासभा के तत्वावधान में सरयू तट पर आयोजित कार्यक्रम में वीर बलिदानी कारसेवकों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की गई, साथ ही साथ काशी विश्वनाथ एवं कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का संकल्प भी लिया गया हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में संत महंतों ने टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर का जोरदार विरोध किया, कहा कि बाबरी मस्जिद की कल्पना करने वालों का होगा सर्वनाश, इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने हुमायूं कबीर जैसे अराजक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग केंद्र सरकार से की, साथ ही साथ श्री पांडेय ने मौलाना मदनी के बयान की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हुए कहा कि कहा कि मौलाना मदनी भारत में गजवा ए हिंद का दिवा स्वप्नन देख रहे हैं उनकी तत्काल प्रभाव से गिरफ्तारी होनी चाहिए हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने की मांग की कहा कि हुमायूं कबीर जैसे तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, सभी हिंदू महासभाईयों काशी विश्वनाथ एवं कृष्ण जन्मभूमि का मुक्ति का संकल्प लिया गया द्वारा श्रद्धांजलि देने वाले एवं विरोध करने वाले प्रमुख लोगों में महंत संत शरण जी महाराज, शोभा सोनी, राकेश निषाद, मनोज पांडेय, अवनीश ,जितेंद्र कुमार इत्यादि रूप से उपस्थित रहे।

### इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। 6 दिसम्बर मस्जिद बचाओ, संविधान बचाओ अभियान के तहत इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय सह सचिव डॉ. नजमुल हसन गनी ने अपने फतेहगंज स्थित निवास से राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। बाबरी मस्जिद केस के पूर्व गवाह रहे डॉ. गनी के आवास पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और अर्टिगा कार में भीषण टक्कर, एक की मौत, मौके पर पहुची पुलिस



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत सादुल्लापुर गांव के पास शुक्रवार रात करीब 11ः30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें अर्टिगा कार के परखच्चे उड़ गए और एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बांदा-बहराइच मार्ग लगभग दो घंटे तक जाम रहा। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात बाराबंकी-बहराइच मार्ग पर सादुल्लापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गई, और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने मानवता दिखाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य में जुट गए। सूचना पाकर तुरंत कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोठी ले जाया गया। चिकित्सकों ने जाँच के बाद एक घायल, श्रीराम शर्मा निवासी गंगापुर, संसारा हैदरगढ़ को मृत घोषित कर दिया।वहीं, दूसरे घायल व्यक्ति की पहचान पंकज (निवासी सीतापुर जनपद, थाना बिस्वा) के रूप में हुई है, जो गंभीर रूप से जख्मी हैं। पुलिस के अनुसार, बाकी अन्य घायलों के बारे में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

**मार्ग पर लगा लंबा जाम**

हादसे की भयावहता के कारण बांदा-बहराइच मुख्य मार्ग पर लगभग 2 घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस और ग्रामीणों के अथक सहयोग से क्षतिग्रस्त कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद देर रात मार्ग पर यातायात बहाल हो सका। दुर्घटना में ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी क्षति पहुँची है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है और घायलों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

# हर पात्र नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो, यही लोकतंत्र की मजबूतीः वेद प्रकाश गुप्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर शनिवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सक्रियता दिखाते हुए दो दर्जन से अधिक बूथों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ कमेटियों एवं बीएलए-2 से अभियान की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विधायक सबसे पहले हसनू कटरा व रेतिया क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन की स्थिति जानी। इसके बाद उन्होंने मनोहर लाल इंटर कॉलेज बूथ तथा मनूचा डिग्री कॉलेज बूथ पर पहुंचकर बीएलओ और बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से संवाद किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, मृतक मतदाताओं के नाम हटाने और त्रुटि सुधार की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। विशेष पुनरीक्षण अभियान इसी उद्देश्य को लेकर चलाया जा रहा है, जिससे कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अभियान में जुटें।

उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से युवाओं, महिलाओं और नए मतदाताओं को जोड़ने का विशेष प्रयास किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, अनिल सिंह, चेतन, अमन, संदीप मध्यान, राम सिंह निषाद, जितेन्द्र निषाद, गीता उपस्थित रहे।

# स्कूलों में कर जागरूकता बढ़ाने को आयकर विभाग की पहल

## मलवरी स्कूल में कार्यशाला संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा स्थित मलवरी स्कूल के प्रांगण में भारत सरकार के आयकर विभाग द्वारा ÷देश के निर्माण में आयकर का योगदान÷ विषय पर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए अपने विचार भी प्रस्तुत किए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयकर विभाग के आईटीओ श्री आनंद गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना और उन्हें आयकर की बुनियादी जानकारियों से अवगत कराना है, ताकि भविष्य में वे जागरूक नागरिक बन सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभ्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की सोच को नई दिशा देते हैं और उनके अंदर देशप्रेम तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सदस्य अमित अंजन ने सभी अतिथियों तथा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सत्या जायसवाल ने किया। इस अवसर पर शिक्षक आनंद मद्धेशिया, आज़ाद अंसारी, जेपी प्रजापति तथा प्रबंध समिति से कीर्ति कांत सिंह उपस्थित रहे। आयकर विभाग से राहुल कुशवाहा (आयकर निरीक्षक) एवं राहुल सोनी (आयकर निरीक्षक) की विशेष उपस्थिति रही।

अवधनामा



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

- किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित मिला तो सम्बन्धित के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम
- इस दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत, मौके पर मात्र 2 प्रार्थना-पत्रों हुआ निस्तारण



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** तहसील नौगढ़ में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये।

जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 16 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-12, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-4, प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 2 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया।

इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ सतीश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीलदार नौगढ़ देवेन्द्र मणि त्रिपाठी , तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, सीडीपीओ व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरुरत के उपकरण मिलने पर दिव्यांग बच्चे नजर आये खुश

**इटवा सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग समेकित शिक्षा द्वारा आयोजित विशिष्ट उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025 का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र बांसी परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल व नेता प्रतिपक्ष ने दिव्यांग बच्चों में ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, ब्रेल किट, सीपी चेयर, कान की मशीन आदि का वितरण किया। जरुरत के उपकरण मिलने पर दिव्यांग बच्चे खुश नजर आए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। दिव्यांग बच्चों के लिए कई तरह की सुविधाएं भी सरकार दे रही है। सरकार बच्चों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान जिला अधिकारी शिवरणप्पा ने कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों की मदद के लिए लगातार ट्राई साइकिलें व अन्य सहायक उपकरण प्रदान कर रही।

# सम्पूर्ण समाधान मनकापुर में 110 शिकायतों में से 15 का मौके पर किया गया निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 110 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों में वितरण किया गया उपकरण




**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग समेकित शिक्षा द्वारा आयोजित विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चो में उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025 का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र बांसी परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने 336 दिव्यांग बच्चों में ट्राई साईकिल व्हील चेयर बैसाखी ब्रेल किट सीपी चेयर कान की मशीन आदि का वितरण किया। ट्राई साइकिल और बैसाखी मिलने पर दिव्यांग खुश नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। दिव्यांग बच्चों के लिए कई तरह की सुविधाएं भी सरकार दे रही है।

सरकार बच्चों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों की मदद के लिए लगातार ट्राई साइकिलें व अन्य सहायक उपकरण प्रदान कर रही। सरकार ने तमाम योजनाएं संचालित कर रखी है जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह डीआईओएस अरुण कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी बांसी नीरज सिंह सदर महेंद्र प्रसाद जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करुणा पति त्रिपाठी भाजपा नेता दुर्गा राय राजेन्द्र पाण्डेय अनुपमा सिंह दूबे राम किंकर मिश्रा अनूप शुक्ल प्रदीप चौरसिया अमरेन्द्र पाल राजेन्द्र तिवारी घनश्याम जयसवाल भवानी सिंह मनीष श्रीवास्तव राजेंद्र पान्डेय,राम किंकड मिश्र, राजेन्द्र ,अनुपमा सिंह दुवे,अनुप शुक्ला, घंश्याम त्रिपाठी,अमित शुक्ल, बाल कृष्ण मिश्र,अवनीश त्रिपाठी, राघवेन्द्र मिश्र, अनुराधा पाण्डे प्रतिभा, उमेश मिश्र, प्रेम प्रकाश, विकास सिंह, अभिषेक सिंह, मोहन निशाद,प्रदीप चौरसिया सहित तमाम बच्चे व उनके अभिभावक सहित अन्य मौजूद रहे।

## रिश्वत लेते गिरफ्तार कानूनगो संजय शुक्ला को हाईकोर्ट से जमानत, गिरफ्तारी पर उठे सवाल

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** कर्नलगंज तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) संजय शुक्ला को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से जमानत मिल गई है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने शुक्रवार को तीसरी सुनवाई में यह राहत प्रदान की। संजय शुक्ला को 12 सितंबर को देवीपाटन मंडल की एंटी करप्शन टीम ने शाहपुर निवासी किसान रामकुमार से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

किसान ने अपनी भूमि की पैमाइश कराए जाने को लेकर धारा-24 के तहत वाद दायर किया था, जिसके अनुपालन में कोर्ट ने रिपोर्ट तैयार करने का दायित्व संजय शुक्ला को सौंपा था। आरोप है कि रिपोर्ट जमा करने के बदले वे किसानों से अवैध वसूली कर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद उन्हें गोरखपुर जेल भेज दिया गया था। एंटी करप्शन कोर्ट, गोरखपुर ने उनकी ज़मानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने अधिवक्ता अनिल कुमार एवं अमरेश बहादुर तिवारी के माध्यम से हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की।

हाईकोर्ट में बचाव पक्ष ने एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई में कई प्रक्रियागत खामियों को गंभीर बताते हुए कुछ प्रमुख दलीलें पेश कीं जैसे- रिश्वत की रकम सीधे संजय शुक्ला के हाथ में नहीं, बल्कि बिजली बोर्ड पर रखी गई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नजदीकी थाने ले जाने का प्रावधान है, परंतु टीम उन्हें 32 किमी दूर देहात कोतवाली ले गई। प्रक्रिया का पालन किए बिना वहीं एसिड टेस्ट सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी की गई।

# स्वास्थ्य कार्मियों की कार्य प्रणाली की जाए निगरानी

- सीएमओ, एसीएमओ और प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ एडी हेल्थ ने की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** एडी हेल्थ डॉ. जयंत कुमार ने शनिवार को सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ अनिल गुप्ता, एसीएमओ और प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक किया। एडी हेल्थ ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लापरवाही पर नाराजगी जताया और सीएचओ, एएनएम व आशा सहित सभी स्वास्थ्य कार्मियों की कार्य प्रणाली पर निगरानी रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं स्वास्थ्य जांच, इलाज व प्रसव निशुल्क है। महिला के गर्भधारण का पता चलते ही उसका टीकाकरण व प्रसव के पहले चारों स्वास्थ्य जांच कराने की जिम्मेदारी आशा और एएनएम की है। उन्होंने अपर चिकित्साधिकारियों के साथ प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षकों/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आशा और एएनएम के कार्यो पर निगरानी करने का निर्देश दिया। एडी ने इंसेफेलाइटिस का मौसम समाप्त होने के बाद भी फीवर के मरीजों को त्वरित इलाज दिलाने का निर्देश दिया। लक्ष्य के हिसाब से प्रधानमंत्री जन आरोग्य में चयनित परिवारों व 70 या उससे अधिक आयु वाले लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाने, टीकाकरण व टीबी के मरीजों को चिह्नित कर उन्हें त्वरित इलाज देने को कहा।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ. अजय शाही, एसीएमओ डॉ एसके सिन्हा, डीटीओ राजेश कुमार, डीसीपीएम राजेश गुप्ता गुप्ता, डीएमएचसी विश्वनाथ मल्ल, प्रमोद यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने जनसंपर्क कर एसआईआर के बारे में दी जानकारी



**अवधनामा संवाददाता**

- भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने मतदाताओं को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर) के अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत मंडल उसका बाजार में मनखाही बूथ संख्या 464, 485, 486 पर शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से 11 दिसंबर से पूर्व मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने के लिए आग्रह करते हुए सभी को जागरूक किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा सभी जनपद वासियों से मेरा अनुरोध है कि इस प्रक्रिया में अपना सहयोग प्रदान करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहभागी बनें।

इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल, मंडल अध्यक्ष उसका राकेश आर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजाराम लोधी, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, जिला मिडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, सोमनाथ मिश्रा, बूथ अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र व गुड्डू यादव आदि लोग मौजूद रहें।

# लालजी यादव की अध्यक्षता में मना बाबा साहब का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस शनिवार को सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में मनाया गया तत्पश्चात जिला कार्य समिति की मासिक बैठक तथा स्क्ष्क्र(विशेष गहन पुनरीक्षण) की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और उनके विचारों तथा पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि जनपद के (एसआईआर) प्रभारी समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य कृष्णभान सिंह सैथवार तथा नेता प्रतिपक्ष माननीय माता प्रसाद पांडेय रहे।कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष और उनके विचार हम लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। बाबा साहब ने संविधान में समाज के दबे कुचले निरीह सभी लोगों को बराबरी का अधिकार देने का काम किया था परंतु आज भाजपा की सरकार बाबा साहब की बात तो करती है लेकिन उनके बताएं रास्ते पर नहीं चलती है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में एस आई आर गणना फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर है। हम अपने सभी साथियों से अनुरोध करते हैं कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में समय सीमा के अंदर जिन लोगों का गणना फॉर्म अभी तक नहीं भरा गया है उनका फॉर्म भरवा कर ब्ल्क्व के पास जमा करने में सहयोग करें!

मुख्य अतिथि कृष्ण भान सिंह सैथवार जी ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एस आई आर मतदाता पुनरीक्षण गणना फॉर्म को समय से जमा करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से पूरा देश और प्रदेश तबाह है प्रदेश की जनता 2027 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव कमरुज्जमा खान ने किया।कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमर सिंह, पूर्व विधायक विजय पासवान, मोनू दुबे, बेचई यादव, राम फेर यादव, राममिलन भारती, कमाल अहमद खान, चंद्रमणि यादव, श्रीमती इंद्रासना त्रिपाठी, सुरेश चंद यादव, मणीन्द्र मिश्रा मशाल, प्रदीप पथरकट्ट, मो इदरीश पटवारी, मोहम्मद जमील सिद्दीकी, अनूप यादव, वीरेंद्र तिवारी, जुबेदा चौधरी, डॉ धीरेंद्र यादव, श्रीमती रिंधु पासवान, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, पारसनाथ विश्वकर्मा, सोनू यादव, रामू यादव, अब्दुल कलाम खान,रामसेवक लोधी, अखिलेश मौर्या, चंद्रभान पहलवान, मो हारुन, हरिनारायण यादव, जोखन चौधरी, खुर्शीद अहमद, हरिराम यादव, चंद्रहास यादव, मो जफर रिजवान अहमद, दिनेश यादव, राधेश्याम यादव, अंगद यादव, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आयशा गर्ल्स कालेज नरकटहा में आयोजित हुई गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा



**अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर।** आयशा गर्ल्स कालेज नरकटहा में शनिवार को गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन पेश किया जिसकी अतिथियों ने काफी सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयशा गर्ल्स कालेज में कक्षा नौ से लेकर बारह तक की छात्राओं ने गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्टाल लगाकर उनका प्रदर्शन बुशरा, फरिहा, नाजिया, जोहरा, सौदा फिरदौस, शायदा, सना, अनम, जोहरा हिना, शोएबा आदि ने किया। इस मौके पर मौजूद अतिथि हाजी मो मकसूद खान, अफजाल खान, विद्यालय के संस्थापक अब्दुल मोहिद खान, हुसैन अहमद आदि ने इन व्यंजन का स्वाद चखकर छात्राओं की सराहना किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य असमा खातून और सह प्रधानाचार्य सना रहबर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षिका सलमा परवीन, अंकिता, निशा, तूबा जिया, शबनम परवीन, गुलनाज, फरीदा, सादिका सहित काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

## डुप्लिकेट मतदाता सूची सत्यापन को लेकर बैठक सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता, जलालपुर अंबेडकरनगर।** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर शनिवार को जलालपुर ब्लॉक के डवाकरा हॉल में उप जिला अधिकारी (एसडीएम) जलालपुर राहुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान कर नाम हटाने तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर गए मतदाताओं के नामों के सत्यापन पर विस्तृत चर्चा हुई। एसडीएम ने ग्राम पंचायतों से जुड़े ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, रोजगार सेवक तथा पंचायत सहायकों को निर्देशित किया कि दो अलग-अलग मतदाता सूचियों में शामिल एक ही मतदाता के नाम को चिन्हित कर हटाया जाए। साथ ही, निर्वासित एवं फर्जी वोटरों का सत्यापन प्राथमिकता से पूरा किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सत्यापन कार्य में लापरवाही करने वाले बीएलओ को ब्लॉक परिसर में बुलाकर डाटा फीडिंग एवं पुनः सत्यापन कराया जाएगा, तथा आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

## सर्राफा व्यवसायी की संदिग्ध मौत, कमरे में मिला शव

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** परसपुर थाना क्षेत्र के भौरीगंज मिश्रनटोला में शनिवार को सर्राफा व्यवसाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान संजय मराठा (निवासी महाराष्ट्र) के रूप में हुई है, जो लंबे समय से गोंडा में रहकर सोना गलाने व पकाने का काम करता था। घटना का खुलासा तब हुआ जब संजय का बेटा सुबह पिता को देखने कमरे में गया, लेकिन काफी देर तक दरवाजा न खोलने पर उसे अनहोनी का शक हुआ। बेटे की सूचना पर परसपुर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे के भीतर संजय का शव पड़ा मिला। पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, संजय मराठा अपने काम को लेकर अक्सर देर रात तक कमरे में ही रहता था। मौत के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

# एसआईआर राज्य की सुरक्षा और विकास का महत्वपूर्ण दस्तावेज़

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** सदर सांसद शशांक मणि ने रामपुर कारखाना विधान सभा क्षेत्र के बिंदवलिया में तथा पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के महुआडीह के बरपार गांव में बूथ संख्या 88, 89, और 90 पर बैठक कर पार्टी कार्यकर्ताओं से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को तत्परता से पूरा करने का आह्वान किया साथ ही मौजूद लोगों के फॉर्म भी भरवाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फॉर्म नहीं, बल्कि राज्य की सुरक्षा और विकास का महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है।

श्री मणि ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी गांवों में वोटरों से सीधे संपर्क कर फॉर्म भरवाने पर जोर दिया और डा भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने स्वस्थ लोकतंत्र, सामाजिक समानता और न्याय के लिए संविधान का निर्माण इसलिए किया ताकि इसके माध्यम से सभी के अधिकारों की सुरक्षा हो सके । यह कार्य राज्य की सुरक्षा और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है ।

उन्होंने बताया कि विपक्ष ने बिहार में हार के बाद एसआईआर पर फिर से हंगामा किया है, जबकि यह प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत बनाती है?। वहीं देवरिया नगर के बसियवाँ में बूथ संख्या 243, 244 और 245 पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया तथा वहाँ उपस्थित लोगों के शिकायत करने पर कि किसी व्यक्ति विशेष के घर ब्ल्क्व साहब बैठ रहे हैं उनके घर हम लोग नहीं जाते हैं जिलाध्यक्ष ने उन्हें तुरन्त फोन कर बूथ पर उपस्थित होकर स्क्ष्क्र का काम कर जनमानस की सुविधानुसार जल्द पूरा करने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय कार्य में पूरी ऊर्जा लगानी चाहिए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और पूर्ण रहे। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर एसआईआर फॉर्म भरवाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सके और आगामी चुनावों में अपने अधिकार का उपयोग कर सके। बैठक के दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष विजय पांडे, विजय श्रीवास्तव, राकेश कुमार त्रिपाठी, बी एल ओ विश्वमोहन त्रिपाठी, शिवप्रकाश त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर मणि त्रिपाठी, सृजन मणि त्रिपाठी, विवेकानंद यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सनातन संस्कृति ने केवल धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति दी : पं. देव कृष्ण

**सिद्धार्थनगर।** संगीतमयी श्रीराम कथा के अवसर पर अयोध्या धाम से आए कथा व्यास पंडित देव कृष्ण शास्त्री ने समाज, श्रद्धा, धर्म और वर्तमान समय में सनातन संस्कृति की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन तभी सार्थक है जब उसमें सेवा, संस्कार और भक्ति का भाव हो। कहा कि आज समाज को सबसे पहले स्वयं को नई ऊंचाई पर ले जाने की आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब हम अपने धर्म, अपने आदर्शों और महान महापुरुषों को स्मरण करें। सनातन संस्कृति ने हमें केवल धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति दी है। उसे अपनाना ही आज की सबसे बड़ी जरूरत है। अयोध्या धाम से आए कथा व्यास पंडित देव कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जब मानव अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ता है, तब उसका जीवन मूल्यवान बनता है। हमें अधिक से अधिक राम चरित्र और श्री कृष्ण चरित्र का श्रवण करना चाहिए, क्योंकि इनके जीवन में धर्म, नीति, त्याग और आदर्शों का अद्भुत समन्वय है।

# बिजली विभाग में संविदा भर्ती पर सवाल सुपरवाइजर अवधेश विवादों में

**अवधनामा संवाददाता**

- बालमुकुंद मामले की जांच भी अटकी, उठ रहे सवाल

**अम्बेडकरनगर।** जिले में बिजली विभाग की संविदा भर्ती प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जा रही नियुक्तियों में विभागीय आदेशों का पालन नहीं किया गया, जिससे चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

सूत्रों के अनुसार, संविदा भर्ती के लिए प्रबंध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ से पूर्व अनुमति अनिवार्य होती है। लेकिन आरोप है कि आउटसोर्स कंपनी प्राइमवन वर्क्स फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल द्वारा बिना अनुमति 12 व्यक्तियों की तैनाती कर दी गई। इसी प्रक्रिया को लेकर सुपरवाइज़र अवधेश विश्वकर्मा पर दबाव व प्रभाव का दुरुपयोग करने के आरोप लगे हैं। जानकारी के अनुसार, संविदा लाइनमैन सत्य प्रकाश विश्वकर्मा का स्थानांतरण जलालपुर डिवीजन के रफीगंज उपकेंद्र में किया गया था, लेकिन वे वहाँ कार्यभार ग्रहण नहीं कर पाए। इसके बावजूद, सूत्रों का दावा है कि लगभग एक माह का वेतन जारी कर दिया गया। यह मुद्दा उस समय भी चर्चा में रहा था और अब एक बार फिर चर्चा का केंद्र बना हुआ है कि जब कार्य नहीं किया गया तो उपस्थिति दर्ज कैसे हुई और किसके द्वारा कराई गई। स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि इस मामले में विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस जांच नहीं की गई।

जिले में संविदा कर्मी बालमुकुंद से संबंधित जांच भी महीनों से लंबित बताई जा रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि मामले पर कार्रवाई न होने से विभाग में दबाव और प्रभाव की चर्चा तेज है। कई सूत्र यह भी दावा करते हैं कि भर्ती में आर्थिक लेन-देन की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप यह है कि सुपरवाइज़र अवधेश द्वारा नियुक्त कर्मचारियों से यह लिखित लिया गया कि उनसे किसी प्रकार की धनराशि नहीं ली गई।

## भारतीय रोजगार का करार

भारतीय कामगारों के लिए एक सुखद खबर है। रूस 10 लाख भारतीय कामगारों, कुशल और अर्द्धकुशल, को रोजगार देगा। भारत भी रूसी कामगारों को रोजगार के अवसर मुहैया कराएगा, लेकिन यह रूस की विकराल समस्या है। दोनों देशों के बीच 'श्रम गतिशीलता समझौता' तय हुआ है, उसी के तहत रूस भारतीयों को नौकरियां देगा। विदेश और श्रम मंत्रालयों ने इस करार की पुष्टि की है। मंत्री और मंत्रालय के स्तर पर शिखर संवाद हो चुका था। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच संवाद होने के बाद करार को हरी झंडी दे दी गई। अब यह यथाशीघ्र लागू हो जाएगा। रूस भारत के राजमिस्त्री, वेल्डर, आईटी इंजीनियर, नर्स के अलावा, निर्माण, तेल-गैस, कृषि, वस्त्र, बैंकिंग और स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में भी भारतीयों की सेवाएं लेगा। भारतीयों के रोजगार, नौकरियां सुरक्षित और कानूनन होंगी। कामगार एक देश से दूसरे देश में सहजता, सुगमता से आवाजाही कर सकेंगे। यही इस समझौते का मकसद और मर्म है। रूस अविलंब इस करार को लागू इसलिए करना चाहता है, क्योंकि यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों की पाबंदियों के कारण रूस में श्रम-संकट विकराल है। रोजमर्रा के काम भी ठप पड़े हैं। दूसरी ओर भारत में 65 फीसदी आबादी ऐसी है, जिसकी औसत उम्र 35 साल या उससे कम है। भारत में बेरोजगारी एक विकट और संवेदनशील समस्या है। रूस में ये नियुक्तियां और अनुबंध सरकार के स्तर पर किए जाएंगे। दरअसल इन नियुक्तियों को इमिग्रेशन, अर्थात् अप्रवास, समझने की गलती न की जाए। नियुक्तियां जरूरत के मुताबिक अस्थायी अथवा दीर्घकालिक हो सकती हैं। रूस में भारतीय कामगार को सामाजिक सुरक्षा के अलावा बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं और कानूनी सुरक्षा एवं संरक्षण आदि भी दिए जाएंगे। रूस भारत की आईटीआई, इंजीनियरिंग की डिग्री और डिप्लोमा के अलावा पेशेवर कुशलता को भी मान्यता देगा, ताकि कामगारों को उचित रोजगार और मेहनताना आदि मिल सके। इस करार से भारत को कई फायदे होंगे। रोजगार तो उपलब्ध होगा ही। फिलहाल रूस में 1 लाख से अधिक भारतीय बसे हैं और वे विभिन्न व्यवसायों में काम कर रहे हैं। रूस के साइबेरिया वाले क्षेत्र में चीन के 3 लाख से अधिक कामगार और कारोबारी सक्रिय हैं।

उन्होंने रूसी युवतियों से शादियां भी की हैं। रूस नहीं चाहता कि उसके एक सूबे में कोई विदेशी आबादी बढ़ती रहे और वह कुंडली मार कर जम जाए। रूस अपनी नस्ल भी खराब नहीं होने देना चाहता। हालांकि चीन रूस के 'परम मित्रों' में है, लेकिन नस्ल के आधार पर रूसी और चीनी में काफी फर्क हैं। यह भी एक कारण है कि रूस ने भारतीय कामगारों को रोजगार देने का निर्णय लिया है। ये कामगार रूस के कई इलाकों में फैले होंगे, लिहाजा आबादी के मद्देनजर वे एक बेहतर संतुलन साबित हो सकते हैं। दरअसल भारत के लिए रूस एक सार्थक बाजार बनकर उभरेगा। इस करार से हमारे देश के विदेशी मुद्रा भंडार को भी मजबूती मिलेगी, क्योंकि भारतीय कामगार रूस से पैसा कमा कर भारत भेजेंगे। रूस में भारत की अपेक्षा वेतनमान काफी अधिक है। करार के बाद भर्ती की प्रक्रिया बिल्कुल पारदर्शी होगी। एक आधिकारिक पोर्टल होगा। उसमें अवैध एजेंटों का धंधा बंद हो जाएगा और भारतीय युवाओं की जान जोखिम में नहीं पड़ेगी। सिर्फ यही नहीं, रूस में 'मेक इन इंडिया' के लिए भी बाजार मिलेगा। जब भारतीय कामगार रूस जाएंगे, तो भारतीय उत्पादों की मांग भी बढ़ेगी, लिहाजा हमारे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। हमारे कामगारों को राजमिस्त्री, बिजलीवाले, वेल्डर, पेंटर के काम खूब मिलेंगे, क्योंकि रूस में इनकी मांग बहुत है। तेल और गैस क्षेत्रों में काम करने के मौके मिलेंगे। आईटी और बैंकिंग में रूस को काफी प्रतिभाओं की जरूरत है।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी रूस को काफी चाहिए। कुल मिला कर भारतीय कामगारों और पेशेवरों के लिए रूस 'नया अमरीका' साबित हो सकता है। खाड़ी देशों की भयंकर गर्मी और वहां की सामंती संस्कृति की तुलना में रूस एक बेहतर मंच साबित हो सकता है। यह करार लागू होने के बाद रूस का वीजा प्राप्त करने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान और सरल हो जाएगी। भारत और रूस के संबंध विश्व राजनीति में उस स्थिर मित्रता का उदाहरण है, जो समय, परिस्थितियों एवं वैश्विक दबावों के बावजूद कभी कमजोर नहीं हुई। मोदी ने स्वयं पुतिन का स्वागत किया, तो इसका मतलब है कि इस रिश्ते और दोस्ती में गहराई है। भारत और रूस को आपसी व्यापार भी बढ़ाना है तथा इसे भारत की दृष्टि से संतुलित भी करना है।

## फेल होने के भय में

**सुरेश सौरभ**

जब यह खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई कि एक दूल्हा सुहागरात वाले दिन अपनी धर्मपत्नी को छोड़कर भाग गया और जब काफी खोजबीन की गई, तब आखिरकार पुलिस ने उस भगोड़े दूल्हे को दूसरे शहर से बरामद कर लिया। जब उससे पूछा गया, आखिर उसने ऐसा क्यों किया, क्या समस्या थी ? तब उसका मासूम सा जवाब था मैं डर गया था और इतना ढेर सारा डर मेरे मन में भर गया था कि कहीं मैं फेल न हो जाऊं।



डर उसके चेहरे पर ऐसे झलक रहा था, जैसे हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में कोई किशोर पहली बार बैठ रहा हो।

जहाँ लाभ है, वहाँ हानि है, जहाँ हानि है, वहाँ लाभ है, पास होना, फेल होना, दुनिया का हमेशा दस्तूर रहा है,पर जब एक दिन, सुहागरात वाली रात को, अगर कोई दूल्हा अपनी नवोढ़ा बेगम को छोड़कर भाग जाता है, तब उसे मीडिया राष्ट्रीय स्तर तक विमर्श का हिस्सा कैसे बना देती है, यह मार्मिक प्रसंग, पहली बार मैं सोशल मीडिया पर अपनी खुली आंखों से देख रहा हूँ, प्रेस वाले किसी राष्ट्रीय आपदा पर इतनी खुलकर चर्चा नहीं करते दिखते, जितनी आज इस विषय पर बड़े जोश में खुलम-खुल्ला चर्चा करते दिख रहे थे और लोग धड़ाधड़ कमेंट पर कमेंट झोकें जा रहे थे, कुछ जोश-जोश में मैंने भी कुछ कमेंट ठोंक मारे हैं, जैसे हमारे शहर में एक हकीम किरमानी बड़े पहुंचे हुए हकीम है, बड़े-बड़े खून के आंसू रोने वाले लोगों को उन्होंने तमाम खुशियाँ बख्शी हैं। मैं समझता हूं ,किरमानी जैसे नेक शरीफ और बहुत पहुंचे हकीम के खानदानी दवाखाने की, ब्रांच हर जिले में होनी चाहिए, ताकि किसी की बसी-बसायी गृहस्थी बिगड़ने न पाए। फर्जी पर्ची निकालने वाले, पानी बांटने वाले बाबाओं और हकीमों से बचने के लिए यह जरूरी है कि हकीम किरमानी जैसे सौ फीसदी गारंटीशुदा मर्दाना जोश का इलाज करने वाले, शरीफ, समाज सेवक टाइप के आदमी का प्रचार हम जनहित में करें। मैं देख रहा हूँ कि एक सज्जन ने अपनी संवेदना से भरे कमेंट ठोंके हैं, जिनकी मूल सद्भावना देखिए, शुक्र है दूल्हा पकड़ लिया गया। अपनी दुल्हन के पास वापिस आ गया। कुछ लोग तो अपनी पत्नी को ऐसे छोड़कर भागे कि कभी वापिस ही न लौटे और आज वही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की ढोल देश भर में पीटते फिर रहे हैं। सच्चे समाज सेवक, भगवान् सेवक बनते फिर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाना ही किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। आइआइटी की प्लेसमेंट व्यवस्था पहले से ही काफी अनुशासित और नियमबद्ध है। कंपनियों को भाग लेने से पहले कई शर्तों का पालन करना होता है। इसके बावजूद यदि कोई कंपनी अपने वादे से मुकरती है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जाना आवश्यक है। क्योंकि छात्रों को जब ऐसे किसी प्रतिष्ठित कंपनी से ऑफर लेटर मिलता है, तो वह न केवल उनके कॅरियर, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य की उम्मीद बन जाता है।**

# कैंपस प्लेसमेंट में धांधली: नैतिकता और छात्र हितों का हनन

देश के प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों-विशेषतः आइआइटीज द्वारा 20 से अधिक कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया से बाहर करना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में नैतिकता, पारदर्शिता और छात्र-हित संरक्षण को मजबूती प्रदान करने वाला साहसिक कदम है। इन कंपनियों ने छात्रों को ऑफर लेटर दिए, उनके परिवारों के भीतर आशा की किरण जगाई और अंतिम समय में बिना स्पष्ट कारण उन्हें रद्द कर दिया। यह केवल एक अनुबंध उल्लंघन नहीं, बल्कि छात्र के भविष्य, उसके मानसिक संसार और उसके सामाजिक विश्वास पर सीधा प्रहार है। आइआइटी, एनआइटी और शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना किसी विद्यार्थी की दीर्घकालिक मेहनत और प्रतिभा की पहचान है। प्लेसमेंट और ऑफर लेटर केवल नौकरी नहीं, बल्कि परिवार के लिए भविष्य की सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास का प्रतीक होते हैं। ऐसे में जब कंपनियां अचानक अपना वादा तोड़ देती हैं, तो विद्यार्थी केवल पेशेवर नुकसान नहीं झेलते, बल्कि मानसिक तनाव, अविश्वास और सामाजिक दबाव से भी गुजरते हैं। यह उनके मनोबल को कमजोर करता है और उनकी योग्यता के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। इस तरह की स्थितियां बनना न केवल भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर एक चिन्ताजनक दाग है, बल्कि सरकार एवं कम्पनियों पर छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करने का शर्मनाक द्योतक है।



ललित गर्ग

निस्संदेह वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता, मंदी, छंटनी और बाजार उतार-चढ़ाव से जूझ रही है। लेकिन इन चुनौतियों का भार छात्रों के कंधों पर डालना किसी मानवीय, पेशेवर या नैतिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। विश्वविद्यालय किसी प्रयोगशाला की तरह नहीं हैं जहां विद्यार्थियों को जोखिमपूर्ण स्थिति में डालकर कंपनियां प्रयोग चलाती रहें। आइआइटीज का यह निर्णय स्पष्ट संदेश देता है कि छात्रों के भविष्य और सम्मान से खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा तथा संस्थान उनके साथ खड़ा रहेगा। यह कदम उच्च शिक्षा की गरिमा और राष्ट्रीय प्रतिभा के सम्मान की पुनर्स्थापना है। यह अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी मार्गदर्शक हो सकता है, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि सुरक्षित और विश्वसनीय भविष्य प्रदान करना है। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेना ही छात्रों के लिये एक बड़ी चुनौती होती है, छात्र इन संस्थानों के भारीभरकम आर्थिक बजट को किसी तरह पूरा करते हैं, इसके बाद भी उनको नौकरी नहीं मिलती है तो यह उनके जीवन को अंधकारमय बना देने जैसा है।



देश के अधिकांश शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट व्यवस्था उतनी सुदृढ़ और पारदर्शी नहीं है, जितनी आइआइटीज में। हजारों छात्र नौकरी व अवसर की आशा में बैठते हैं और कुछ कंपनियां इस स्थिति का दुरुपयोग कर ऑफर रद्द करने की प्रवृत्ति अपनाती हैं। अब आवश्यक है कि अन्य विश्वविद्यालय भी कड़ी और अनुशासित प्लेसमेंट नीति अपनाएं, कंपनियों के व्यवहार का रिकॉर्ड रखें और बार-बार गलती करने वालों को ब्लैकलिस्ट करें। यदि शीर्ष विश्वविद्यालय सामूहिक रूप से यह कदम उठाएं, तो कॉर्पोरेट जगत पर नैतिक अनुशासन का दबाव स्वतः निर्मित होगा। यह विषय अब केवल विश्वविद्यालय का मसला नहीं बल्कि राष्ट्रीय चिंता बन चुका है। छात्रों की बेरोजगारी, अवसरों की अनिश्चितता और कंपनियों की बेहिसाब मनमानी देश की प्रतिभा को क्षति पहुंचा रही है। इसलिए सरकार और नियामक संस्थाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि प्लेसमेंट अनुबंध और कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए, कंपनियों के व्यवहार का राष्ट्रीय डाटा रिकॉर्ड विकसित करे, गलती करने वाली कंपनियों को सरकारी परियोजनाओं और प्रोत्साहनों से वंचित करे तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। छात्रों के संरक्षण हेतु बैकअप प्लेसमेंट समर्थन, आर्थिक सहायता और अनुबंधिक सुरक्षा उपाय जैसी व्यवस्थाएं भी विकसित की जानी चाहिए, ताकि किसी छात्र का भविष्य कंपनी की मनमानी से प्रभावित न हो।

आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाना ही किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। आइआइटी की प्लेसमेंट व्यवस्था पहले से ही काफी अनुशासित और नियमबद्ध है। कंपनियों को भाग लेने से पहले कई शर्तों का पालन करना होता है। इसके बावजूद यदि कोई कंपनी अपने वादे से मुकरती है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जाना आवश्यक है। क्योंकि छात्रों को जब ऐसे किसी प्रतिष्ठित कंपनी से ऑफर लेटर मिलता है, तो वह न केवल उनके कॅरियर, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य की उम्मीद बन जाता है। यदि वही कंपनी अंतिम समय में बिना ठोस वजह के ऑफर रद्द कर दे, तो यह केवल पेशेवर अनुशासन की कमी नहीं, बल्कि छात्रों के साथ किया गया खुला विश्वासघात है। आज का कॉर्पोरेट जगत तेजी से बदल रहा है, उसके मूल्य और मानक बिखर रहे हैं, भारत जब दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का बनना चिन्ताजनक है। इससे भारत के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की साख एवं प्रतिष्ठा भी दांव पर लगती है, इन्हीं स्थितियों के कारण छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिये अग्रसर होते हैं।

भारत ज्ञान और युवा शक्ति का देश है। उसके शीर्ष संस्थानों की वैश्विक प्रतिष्ठा तभी कायम रह सकती है जब प्लेसमेंट प्रक्रिया भरोसेमंद, सम्मानजनक और नैतिक होगी। कंपनियों को भी समझना होगा कि युवाओं के साथ अनुचित व्यवहार उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और समाज के साथ उनके संबंध कमजोर करता है। आइआइटी का यह निर्णय उन कंपनियों के लिए चेतावनी तो है ही, लेकिन शिक्षा जगत और नीति निर्माताओं के लिए अवसर भी है-एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का अवसर जहां छात्र का सम्मान एवं जीवन-सुरक्षा सर्वोपरि हो। यदि संस्थान, सरकार और समाज मिलकर स्पष्ट, कठोर और नैतिक ढांचा बनाएं तो निश्चित ही युवा प्रतिभा सुरक्षित होगी और भारत की विश्वसनीयता भी सुदृढ़ होगी। छात्र केवल डिग्री प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। इसलिए आइआइटी का यह निर्णय स्वागतयोग्य है, बल्कि इसे बदलाव की दिशा में एक निर्णायक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि अन्य विश्वविद्यालय, सरकार और समाज भी इसी दिशा में आगे बढ़ें, तो निश्चित ही देश की प्रतिभा को वह सम्मान, सुरक्षा और अवसर मिलेगा जिसकी वह अधिकारी है।

# घुसपैठियों पर सुप्रीम अदालत की तल्ख टिप्पणी

**पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की वजह से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक अपने देश लौट रहे हैं। भारत-बांग्लादेश की हकीमपुर सीमा पर जमे बांग्लादेशियों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो 10-15 साल पहले दलालों की मदद से भारत में घुस आए थे। या यह भी कह सकते हैं कि इनको तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले नेताओं का भी समर्थन प्राप्त था।**

चुनाव आयोग द्वार देश के 12 राज्यों में जारी एसआईआर ने राज्यों की राजनीति को जिस तरह बदला है, वह केवल एक चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है, यह पहचान, सुरक्षा और शासन की विश्वसनीयता से जुड़ा भावनात्मक प्रश्न बन चुका है। एक ओर इसी पृष्ठभूमि में यह सच्चाई भी सामने आने लगी है कि एसआईआर के डर से घुसपैठिए पश्चिम बंगाल छोड़कर भागने लगे हैं। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने भी घुसपैठियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने रोहिंग्याओं की भारत में कानूनी हैसियत पर सवालिया निशान लगाते हुए पूछा कि क्या 'घुसपैठियों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत' किया जाए, जबकि देश के अपने लाखों गरीब नागरिक हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच मानवाधिकार कार्यकर्ता रीता मांचंदा की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मई महीने में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को पकड़ा था और अब उनके ठिकाने का कोई पता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने तल्ख लहजे में कहा, 'अगर उनके पास भारत में रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं तो क्या हम लाल कालीन बिछाकर उनका स्वागत करें कि आइए, हम आपको सारी सुविधाएं देंगे? पहले आप अवैध तरीके से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या तार काटकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब मैं आ गया हूं, तो अब भारत के कानून मेरे ऊपर लागू हों, मुझे खाना दो, रहने की जगह दो, मेरे बच्चों को पढ़ाई दो। क्या हम कानून को इस हद तक लचीला बना दें?'



तारकेश्वर मिश्र

मुख्य न्यायाधीश ने देश के गरीब नागरिकों का हवाला देते हुए कहा, 'हमारे देश में अपने लाखों गरीब लोग हैं। वे नागरिक हैं। उन्हें सुविधाएं और लाभ मिलने का पहला अधिकार है। पहले उन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ये सच है कि अवैध घुसपैठिए भी हों तो उन्हें थर्ड डिग्री टॉर्चर नहीं करना चाहिए, लेकिन आप हैबियस कॉर्पस मांग रहे हो कि उन्हें वापस लाओ।' बेंच ने कहा कि अगर वापस लाकर दोबारा छोड़ने की बात होगी तो लॉजिस्टिक दिक्कतें आएंगी। याचिकाकर्ता की तरफसे पेश वकील ने 2020 के एक पुराने आदेश का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि रोहिंग्या को सिर्फकानूनी प्रक्रिया के तहत ही डिपोर्ट किया जाए।

न्यायालय ने ने पहले भी कई बार साफ कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर का कार्ड भारत के कानून में कोई वैध दस्तावेज नहीं माना जाता। बीते 16 मई को सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे कुछ याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाई थी, जिन्होंने दावा किया था कि 43 रोहिंग्याओं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, को म्यांमार डिपोर्ट करने के लिए अंडमान सागर में छोड़ दिया गया था। कोर्ट ने कहा था, 'जब देश मुश्किल समय से गुजर रहा है, तो आप हवा-



हवाई बातें लेकर आ रहे हैं।' 8 मई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर देश में रोहिंग्या भारतीय कानूनों के तहत विदेशी पाए जाते हैं, तो उन्हें डिपोर्ट करना होगा। इस मामले की अगली सुनवाई अब 16 दिसंबर को होगी।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में एसआईआर के मुद्दे पर भी घुसपैठियों का मुद्दा सुर्खियों में है। एक ओर भाजपा का कहना है कि घुसपैठी बांग्लादेशी नागरिकों का पलायन उनके दावे को सच साबित कर रहा है, तो तृणमूल कांग्रेस का पलायन पर बचाव उसे कटघरे में खड़ा कर रहा है। दरअसल, पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की वजह से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक अपने देश लौट रहे हैं। भारत-बांग्लादेश की हकीमपुर सीमा पर जमे बांग्लादेशियों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो 10-15 साल पहले दलालों की मदद से भारत में घुस आए थे। या यह भी कह सकते हैं कि इनको तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले नेताओं का भी समर्थन प्राप्त था। यही वजह है कि इन्होंने अपने रहने के लिए अस्थायी झुग्गियां बना लीं। फिर दलालों की मदद से आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र भी बनवा लिए। इसके बाद तो कई घुसपैठिए स्थायी आवास बनाकर रहने लगे। अब जब दो दशक बाद भारत में एसआईआर शुरू हुआ तो बांग्लादेशी नागरिकों ने यहां से पलायन करना शुरू कर दिया। इस रिवर्स माइग्रेशन ने बंगाल में घुसपैठ के विमर्श को धार दे दी है।

पश्चिम बंगाल के हकीमपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों के अपने देश लौटने के मामले में राजनीतिक वाकयुद्ध तेज हो गया है। मतदाता सूची को सुधारने के लिए शुरू किये गये अभियान और घुसपैठ पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आक्रामक रुख अख्तियार किया है। क्योंकि एसआईआर शुरू होने के कुछ ही दिन बाद प्रवासी बांग्लादेशियों के स्वदेश लौटने का सिलसिला शुरू हो गया था। सीमावर्ती जिलों में घुसपैठियों के टोले के टोले की स्वदेश वापसी की तस्वीरें मीडिया में आने लगीं। शुरू में इसे बहुत अधिक तवज्जो नहीं दी गयी, लेकिन अब यह राजनीतिक विमर्श बन गया है, जिसने सीमा चौकी को एक 'वैचारिक युद्धक्षेत्र' में बदल दिया है। उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में भारत-बांग्लादेश सीमा पर, स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के शुरू होने के बाद नवंबर की शुरुआत से ही बिना दस्तावेज वाले बांग्लादेशियों के वापस लौटने की कोशिशों में वृद्धि हुई है। बीएसएफ के अधिकारियों के मुताबिक एसआईआर के चलते लगभग 150-200 लोग हर दिन बांग्लादेश लौट रहे हैं। कई बार यह संख्या दोगुनी भी हो जाती है। भाजपा का कहना है कि अपने छोटे-छोटे बैग और बच्चों को थामे जीरो लाइन की ओर बढ़ते लोगों की तस्वीरें पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ के उसके दावे को पुख्ता करती हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि उनकी पार्टी यही तो कह रही है। एसआईआर ने घुसपैठियों को हिलाकर रख दिया है। आखिरकार सच्चाई सामने आ रही है। वे इसलिए जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें पकड़े जाने का डर है। भाजपा का कहना है कि अवैध रूप से बसे बांग्लादेशियों ने चुनावी जनसांख्यिकी को बदला है। अब एसआईआर ने रिवर्स माइग्रेशन को तेजी दी है। भाजपा का मानना है कि ये दृश्य उसके इस दावे को पुष्ट करते हैं कि 'अवैध रूप से बसे बांग्लादेशियों' ने दशकों से पश्चिम बंगाल की चुनावी जनसांख्यिकी को बदल दिया है। भाजपा प्रवक्ता कीया घोष ने कहा कि बांग्लादेशियों का वापस जाना उनके दावे को किसी संदेह के परे साबित करता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से हजारों नामों का हटना भी भाजपा की बात को साबित करता है। दरअसल, ममता बनर्जी की सरकार पहले ही कई स्तरों पर दबाव झेल रही है। सत्ता-विरोधी भावनाएं स्वाभाविक रूप से बढ़ रही थीं, ऊपर से भ्रष्टाचार के आरोप, कट-मनी संस्कृति, शिक्षक भर्ती घोटाले और प्रशासनिक विफलताएं लगातार तृणमूल कांग्रेस की छवि को चोट पहुंचा रही हैं।

# शिक्षा मुसलमानों के लिए विकास और सफलता का एक साधन

**डॉ मुहम्मद सलीम**

**सच्चर कमेटी की रिपोर्ट 2006 ने मुसलमानों में तालीमी पसमांदगी की संगीनी को उजागर किया था और बताया था कि कम शरह-ए-ख़्वांदगी और मेयारी तालीम तक महदूद रसाई, ग़ुर्बत के दाइमी तसलसुल और बाक़ायदा रोज़गार में नाकाफ़ी नुमाइंदगी से गहरा ताल्लुक़ रखती है। तक़रीबन दो दहाईयां गुज़रने के बावजूद अगरचे कुछ पेश-रफ़्त नज़र आती है। रफ़्तार नाहमवार और निज़ामी चैलेंजों से भरी रहती है।**

तालीम अब भी हिन्दुस्तान में समाजी तरक्क़ी व बुलंदी का सबसे फ़ैसलाकुन साधन है, खुसूसन उन तबक़ात के लिए जो तारीख़ी तौर पर मुआशी और सियासी मैदानों में पसमांदा रहे हैं। उनमें मुसलमान, जो आबादी का तक़रीबन 14.2 फ़ीसद हैं, अब भी इन साखती रुकावटों से नबुर्द-आज़मा हैं जो उनकी तरक्क़ी की राह में हाइल हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट 2006 ने मुसलमानों में तालीमी पसमांदगी की संगीनी को उजागर किया था और बताया था कि कम शरह-ए-ख़्वांदगी और मेयारी तालीम तक महदूद रसाई, ग़ुर्बत के दाइमी तसलसुल और बाक़ायदा रोज़गार में नाकाफ़ी नुमाइंदगी से गहरा ताल्लुक़ रखती है। तक़रीबन दो दहाईयां गुज़रने के बावजूद अगरचे कुछ पेश-रफ़्त नज़र आती है। रफ़्तार नाहमवार और निज़ामी चैलेंजों से भरी रहती है। तालीम सिर्फ़ रोज़गार तक पहुंचने का रास्ता नहीं, बल्कि इज़्ज़त-ए-नफ़्स, एतमाद, और क़ौमी धारे में भरपूर शमूलियत का दरवाज़ा है।

(यूडीआईएसई प्लस) के ताज़ा'तरीन आदादो-शुमार 2024-25) के मुताबिक़, मुस्लिम तुलबा का स्कूलों में दाख़िला तनासुब 15.9 फ़ीसद है, जो उनकी आबादी के हिस्से से मामूली सा ज्यादा है। इससे ज़ाहिर होता है कि अब ज्यादा मुसलमान बच्चे इब्तिदाई तालीम हासिल कर रहे हैं। ताहम, सानवी तालीम के बाद तुलबा के बरक़रार रहने की शरह में नुमायां कमी आती है, और आला सानवी सतह पर दाख़िला सिर्फ 11.9 फ़ीसद रह जाता है। सनफ़ी तफ़ावुत अब भी मौजूद है, लेकिन मुस्लिम लड़कियों ने काबिल-ए-क़द्र पेश-रफ़्त दिखाई है। 2014 के बाद से उनके दाखिले की शरह में 45 फ़ीसद इज़ाफ़ा रिकार्ड किया गया है, जिसका सेहरा हदफ़ी तालीमी स्कीमों और क़ौमी तालीमी पालिसी एनईपी 2020 के असरात को दिया जा सकता है। ताहम, आला तालीम की तरफ़ मुंतक़ली अब भी एक बड़ा चैलेंज बनी हुई है। ऑल इंडिया सर्वे आन हायर एजूकेशन (एआईएचई) के मुताबिक़, जामिआत में मुस्लिम तुलबा का तनासुब 2020 में 5.5 फ़ीसद से घट कर 2021-22 में 4.87 फ़ीसद रह गया। इस कमी की बुनियादी वजूहात मुआशी और समाजी रुकावटें हैं। मुस्लिम तुलबा में सानवी सतह पर तालीम तर्क करने की शरह में नुमायां इज़ाफ़ा देखा जाता है, जिसकी अहम वजूहात में कम'उमरी की शादी, मुआशी दबाओ और खुसूसन लड़कियों के लिए तहफ़्फ़ुज़ से मुताल्लिक़ ख़दशात शामिल हैं।

इन मसाइल से निमटने के लिए एक जामा और कसीर जेहती हिकमत-ए-अमली दरकार है जिसमें क़ौमी तालीमी पालिसी (एनईपी) 2020 पर मौस्सर अमल दरआमद, वज़ाइफ़ में इज़ाफ़ा, डिजीटल शमूलीयत, और अक़लियती अक्सरियती अज़ला में बुनियादी तालीमी ढाँचे की मज़बूती शामिल हो।



मुसलमानों में तालीमी पसमांदगी की वजूहात कई जेहतों पर मुश्तमिल हैं। ग़ुर्बत, रिहायशी अलाहदगी और अक़लियती अक्सरियती अज़ला में तालीमी ढाँचे की कमी एक ऐसे मनफ़ी चक्कर को जन्म देती है जो महरूमी को मज़ीद गहरा करता है। बहुत से मुसलमान बच्चे अपनी तालीम उर्दू मीडियम स्कूलों या मदारिस से शुरू करते हैं, और बेश्तर मदरसा फ़ारिग़ुत-तहसील तुलबा माली और तकनीकी पाबंदियों के बाइस आला तालीम जारी नहीं रख पाते। इसी लिए ज़रूरत इस बात की है कि उन्हें जदीद टेक्नोलॉजी और इख़्तेराआत (ईनोवेशन) से लैस किया जाये ताकि उनके फ़ारिग़ुत-तहसील तुलबा मसाबिकती बुनियादों पर या तो रोज़गार के मैदान में क़दम रख सकें या आला तालीमी इदारों में दाख़िला हासिल कर सकें। हुकूमत की जानिब से स्कीम फ़ार प्रोवाईडिंग क्वालिटी एजूकेशन इन मदारिस (एसपीक्यूईएम) और सर्वशिक्षा अभियान जैसे इक़दामात का मक़सद उसी खाई को भरना है, जो साइंस, रियाज़ी और ज़बान की तरबियत फ़राहम कर के मेयारी तालीम के फ़रोग़ की कोशिश करते हैं। ताहम, इन प्रोग्रामों की रसाई अब भी महदूद है,और ब्यूरोक्रेटिक की पेचीदगियां उनके असरात को कमज़ोर कर देती हैं।

पालिसी इक़दामात हमेशा से महरूम और अक़लियती बिरादरियों को उभारने के लिए मौजूद रहे हैं, और खासतौर पर भारती मुसलमानों ने उनसे ख़ातिर-ख़ूवाह फ़ायदा हासिल किया है। हक तालीम ऐक्ट 2009 और क़ौमी तालीमी पालिसी एनईपी 2020 ने तालीम तक आफ़ाक़ी रसाई और मसावात पर ज़ोर दिया है, जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जैसी स्कीमों की तालीमी लिहाज़ से पसमांदा इलाक़ों में मुस्लिम लड़कियों को हदफ़ बनाती हैं। अक़लियती वज़ाइफ़, नया सवेरा जैसे मुफ़्त कोचिंग प्रोग्राम और जिन शिक्षण संस्थान के तहत पेशावराना तरबियत के मंसूबे मुसलमानों की तालीमी शमूलियत को बढ़ाने की कोशिश करते हैं। आला तालीम के मैदान में, मौलाना आज़ाद नेशनल फैलोशिप ने दाख़िले की शरह में नुमायां इज़ाफ़ा किया था। ताहम, इस फैलोशिप की मंसूख़ी मुसबत इम्तियाज़ी पालिसियों (आफरमेटिव सपोर्ट) में सकड़ाऊ की अलामत है, जो अक़लियती तालीम के मुस्तक़बिल पर तश्वीश पैदा करती है। इस सूरत-ए-हाल में हुकूमत के लिए ये नागुज़ीर हो जाता है कि वो अक़लियतों के लिए एक नई, मौस्सर और हदफ़ी वज़ीफ़ा स्कीम शुरू करे।

समाजी रुकावटों के बावजूद, हिंदुस्तान भर में अज़्मो-हौसले की बेशुमार दास्तानें मौजूद हैं। मुस्लिम तुलबा अपनी मेहनत, लगन, और कम्यूनिटी व सरकारी तआवुन के ज़रिये कामयाबी के नए मअनी मुतय्यन कर रहे हैं। बिहार में रहमानी 30 का मन्सूबा इस तबदीली की एक शानदार मिसाल है,जो पसमांदा पस-ए-मंज़र से ताल्लुक़ रखने वाले तुलबा को आईआईटी-जेईई जैसे मुक़ाबला जाती इम्तेहानात की तैयारी के लिए रहनुमाई और कोचिंग फ़राहम करता है। अपने आग़ाज़ से अब तक, इस प्रोग्राम ने दर्जनों तुलबा को मुल्क के मुमताज़ इंजीनीयरिंग इदारों में दाखिला दिलाने में मदद दी है, और यूं मुसलमानों में तालीमी जुमूद के तास्सुर को चैलेंज किया है। इसी तरह दिल्ली की क्रीसेन्ट सिविल सर्विस एकेडमी ने अब तक सौ से ज़ाइद सिविल सरवेंट्स तैयार किए हैं, जो इस हक़ीक़त का सबूत हैं कि ख़्वाहिश और कामयाबी के दरमियान पुल सिर्फ मेहनत, रहनुमाई और मवाक़े से क़ायम किया जा सकता है। ये कोशिशें इस हक़ीक़त को उजागर करती हैं कि कम्यूनिटी की क़यादत में चलने वाले तालीमी इदारे सरकारी इक़दामात के मौस्सर सप्लीमेन्ट का किरदार अदा करते हैं। आसाम के मूसा कलीम, जिन्होंने नीट यूजी 2024 मे 99.97 प्रसेंटाइल हासिल किया और आमना आरिफ़ कड़ीवाला, जो उर्दू मीडियम पस-ए-मंज़र के बावजूद इसी इमतेहान में नुमायां कामयाबी से हमकनार हुई।

## मण्डलायुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

# भूमि विवादों में संयुक्त टीम मौके पर करायें निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



■ डीएम व एसपी ने सदर तहसील में अधीनस्थों को दिये निर्देश

■ कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया, शेष शिकायतें अधिकारियों को सौंपकर त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

**ललितपुर।** शनिवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मण्डलायुक्त झांसी मण्डल बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शहर व ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों की शिकायतों को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया। उन्होंने एक-एक कर शिकायकर्ताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां पर अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद सम्बंधी आती हैं, इन शिकायतों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन करे और निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। शहर के एक शिकायतकर्ता ने वार्ड नं. 10 में गली में विद्युत पोल शिफ्ट कराने की शिकायत दी, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय को बुलाकर निर्देश दिये गए कि वे मौक पर जाकर स्थिति का जायजा लें और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अवगत करायें। शहर के ही राजपूत कॉलोनी निवासी विन्द्रावन ने कोर्ट पर मामला विचाराधानी होने के बावजूद उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा किये जा रहे निर्माण को रोकने हेतु शिकायती पत्र दिया, जिस पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को स्थल पर जाकर दोनो पक्षों के बीच आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम जीरोन निवासी वृद्धा ऊषा ने भी उनके मकान पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की, मण्डलायुक्त ने वृद्ध महिला को अपने समीप बुलाकर उनकी पूरी बात सुनी और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता के साथ जाकर प्रकरण का निस्तारण करायें। शहर की शिकायतकर्ता गीता के द्वारा लगभग 6 माह पूर्व पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना का फार्म भरने व सभी दस्तावेज जमा करने के बावजूद अभी तक लाभ न मिलने की शिकायत की, जिस पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को लम्बित आवेदन को निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम सिवनीखुर्द निवासी दिव्यांग शिकायतकर्ता मेहरवान सिंह ने ट्राईसाइकिल की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को प्रकरण की जांच कर दिव्यांग को लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गए। ग्राम बिरधा निवासी गौरीशंकर दुबे ने नाली निर्माण को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर खण्ड विकास अधिकारी बिरधा को बुलाकर स्थलीय निरीक्षण करने व वस्तुस्थिति के आधार पर ग्राम पंचायत से निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई शिकायतकर्ताओं ने जाखलौन पम्प कैनाल से सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध न होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिशासी अभियंता को बुलाकर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल जेई को भेजकर सम्पूर्ण समाधान दिवस समाप्त होने से पहले शिकायत का निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये। अधिकारियों की त्वरित कार्यवाही से फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया और सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की प्रशंसा भी की।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



■ जिला न्यायालय परिसर में हुई विचार गोष्ठी

**ललितपुर।** भारतरत्न संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा डा.अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के महान पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और शिक्षा का संदेश देता है। उन्होंने भारत को समानता और अधिकारों का मजबूत आधार दिया। आज हमें उनके विचारों को व्यवहार में अपनाने की आवश्यकता है। इस दौरान विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष एड. ने कहा बाबा साहेब ने यह सिद्ध किया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि संकल्प दृढ़ हो तो सफलता निश्चित है। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। शिक्षा उनका सबसे बड़ा हथियार था और आज भी वही समाज को प्रगति की राह दिखा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा डा.अंबेडकर ने सामाजिक समानता की जो नींव रखी, वह आज भी हमारे लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। आज जरूरत है कि हम उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज को एकता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाएं। वहीं जानकी प्रसाद बौद्ध ने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहेब के विचार केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा था कि कोई भी समाज तब तक महान नहीं बन सकता जब तक वह अपने कमजोर वर्गों को सम्मान और अवसर नहीं देता। महापरिनिर्वाण दिवस हम सबके लिए सिर्फ स्मरण नहीं, बल्कि संकल्प का दिन होना चाहिए।

# नागरिक सुरक्षा विभाग के 63वें स्थापना दिवस पर हुआ ध्वजोत्तोलन



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नागरिक सुरक्षा विभाग का 63वाँ स्थापना दिवस नागरिक सुरक्षा कार्यालय कलेक्ट्रेट प्रांगण मथुरा में मनाया गया। इस समारोह का शुभारम्भ जिलाधिकारी, नियंत्रक नागरिक सुरक्षा चन्द्र प्रकाश सिंह के कर कमलों द्वारा ध्वजोत्तोलन कर किया गया। जिलाधिकारी, नियंत्रक, महोदय, द्वारा नागरिक सुरक्षा विभाग के सभी उपस्थित वैतनिक एवं अवैतनिक वार्डेन, स्वयंसेवकों को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। डिप्टी डिवीजनल वार्डेन, नागरिक सुरक्षा राजेश कुमार मित्तल द्वारा गृह मंत्री भारत सरकार, महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा भारत सरकार एवं निदेशक, नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश के संदेशों का वाचन किया गया। इसके उपरान्त राजेश कुमार यादव अपर जिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी, नागरिक सुरक्षा मथुरा द्वारा वर्ष 2025 के दौरान किए गये नागरिक सुरक्षा कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पढकर सुनाई गई तथा नियंत्रक महोदय को अवगत कराया गया कि नागरिक सुरक्षा नगर मथुरा में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न समाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय पर्वो पर शांति व्यवस्था में ड्यूटी देकर पुलिस, प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है।

## मंदिर चोरी कांड का खुलासा दो अभियुक्त गिरफ्तार

**संडीला/हरदोई।** थाना संडीला पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए मंदिर से हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। मामला मु0अ0सं0 448/25 धारा 305(d)/317(2) बीएनएस से संबंधित है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 5 दिसंबर 2025 को वादी देवेन्द्र विश्वकर्मा निवासी मुरारनगर ने थाने में तहरीर दी थी कि उनके गांव स्थित मंदिर से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान धारा 317(2) बीएनएस भी बढ़ाई गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त शुभम कुमार पुत्र राजेश तिवारी और सचिन पुत्र राजेश सक्सेना, दोनों निवासी मुरारनगर सोम, को एक अदद चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली, थानाध्यक्ष की मौत

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** कुठौंद थाने में देर शाम उस समय विषम परिस्थितियां खड़ी हो गई, जब संदिग्ध परिस्थितियों में थानाध्यक्ष अरुण कुमार राय को गोली लगने की सूचना पर थाने में अफ़रा-तफ़री मच गई। थाने के भीतर आवास में ही गोली चलने की आवाज़ सुनकर स्टाफ मौके पर पहुंचा और गंभीर रूप से घायल थानाध्यक्ष को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुठौंद ले जाया गया।

डॉक्टरों ने हालत नाज़ुक देखते हुए उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जहाँ डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम के प्रयासों के बावजूद थानाध्यक्ष अरुण कुमार राय को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। डीएम जालौन, एसपी जालौन सहित भारी




पुलिस बल मेडिकल कॉलेज पहुँच गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम की प्रारंभिक जानकारी ली और तत्पश्चात घटनास्थल कुठौंद थाना के लिए रवाना हो गए। थानाध्यक्ष अरुण कुमार राय इससे पहले उरई कोतवाल तथा कोंच कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भी रह चुके थे। उनकी अचानक हुई मौत से पुलिस महकमे में गहरा सदमा है। फिलहाल कुठौंद थाना परिसर को पुलिस ने सील कर दिया है और घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी गई है। कुठौंद थाने की इस रहस्यमय घटना ने जिले में कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बारातियों को लेकर आई बस में लगी आग, टला बड़ा हादसा

**उरई (जालौन)।** रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम ऊमरी में केलिया से बारात लेकर आई एक बस में देर रात विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते बस को आग का गोला बन गई। बस में कोई बाराती नहीं था चालक तथा परिचालक बस में आराम कर रहे थे, जब उन्होंने आग की लपटो को देखा तों अपनी जान बचाकर नीचे उतर आए। बस को आग से घिरा देख स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए तथा आग बुझाने का प्रयास किया। अग्निशमन दल को भी सूचना दी गई।मौके पर पहुंचे अग्नि समन दल तथा स्थानीय लोगों के प्रयास से कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक बस जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। जानकारी में बताया गया कि केलिया थाना अंतर्गत ग्राम सामी से शिवकुमार अपने पुत्र की बारात लेकर रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम उमरी आया हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीमद्भागवत श्लोक गायन में अनिमेष, रिया ने बाजी मारी



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समुह की मंडल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर उरई के छात्र व छात्राओं ने सहभागिता की। रिया गौतम व अनिमेष द्विवेदी ने श्रीमद् भागवत श्लोक गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामूहिक देश भक्ति गायन प्रतियोगिता में राधिका आलियाना समीक्षा वैष्णवी गौरवी परिधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में पार्थ् सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जूनियर लोकगीत प्रतियोगिता में शुभांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समुह् की राष्ट्रीय स्तरीय् सांस्कृतिक प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई जिसमें रिया व अनिमेष को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### कुइया रोड पर तीन बड़ी दुकाने जल कर हुई राख

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** कोतवाली अंतर्गत कुइया रोड पर मोहल्ला इंदिरा नगर में स्थित तीन दुकानों में देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग ने पलक झपकते ही विकराल रूप धारण कर लिया, जिसके चलते तीनों दुकान पलक झपकते ही आग का गोला बन गई तथा उनमें रखा सामान जलकर राख हों गया ।जिन दुकानों में आग ने अपना कहर बरपाया उनमें एक ऑटो पार्ट्स एक दूध डेरी तथा एक कंप्यूटर की दुकान थी, तीनों दुकानों में लाखों का सामान था जो जलकर पूरी तरह तबाह हो गया।



### बांसी में महिला आयोग की अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** कस्बा बांसी में लायंस क्लब संगम बांसी के तत्वाधान में उ.प्र.महिला आयोग की अध्यक्षा लायन संगीता सिंह के प्रथम बार ललितपुर आगमन पर डा. जितेन्द्र जैन के नेतृत्व में स्वागत किया। अध्यक्षा द्वारा असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किये गए। अध्यक्षा ने कहा कि महिलाओं को जागृति एवं समाज में सेवा सदभाव के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर ला.कुं.हरिसिंह बुंदेला, हरिकिशन झा प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान बांसी प्रेम देवी झा, ला.विक्रम सिंह बुंदेला, ला.उमेश शर्मा, प्रेक्षा जैन, ला. विवेक गुप्ता, प्रिन्सी राजा, शैलेन्द्र झा, सावन सोनी, ला.राघवेंद्र यादव, ला. कृष्णगोपाल सोनी, शैलेन्द्र चौबे एड., सतीश पस्तोर आदि मौजूद रहे।



### दोष सिद्ध होने के बाद महिला ने किया विषाक्त का सेवन

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** न्यायालय में एक हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने के बाद एक महिला आरोपी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह घटना अपर जिला सत्र न्यायालय (एससी एसटी एक्ट स्पेशल न्यायालय) में हुई। न्यायालय ने महिला के बेटे, बेटी सहित चार अन्य आरोपियों को भी जेल भेज दिया है। यह मामला 2 साल पहले 17 सितंबर को कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू नगर मोहल्ले में युवक किशन की हत्या से संबंधित है। इस मामले में गेंदा बाई (60), उसकी बेटी अशर्फी, बेटा बबलू, सुरेंद्र और द्रोपाल आरोपी थे।

## विभिन्न विभागों के साथ न्यायिक अधिकारियों ने की बैठक

**उरई (जालौन)।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसम्बर को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल-मार्गदर्शन में बेसिक शिक्षा विभाग, विद्यालय निरीक्षक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं राजकीय पोलिटेक्निक के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन पारूल पॅवार ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी दिनांक 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है।

# दो लिपकों पर कार्रवाई व अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पालिका परिषद जालौन का औचक निरीक्षण किया। मानचित्र पटल, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र पटल तथा भवन नामांतरण पटल के निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तत्काल कड़े निर्देश जारी किए।मानचित्र पटल की जांच में सामने आया कि वर्ष 2023, 2024 और 2025 के करीब 40 मानचित्र आवेदनों का न तो निस्तारण किया गया था और न ही रजिस्टर में उनके स्वीकृत या निरस्त होने का कोई स्पष्ट उल्लेख दर्ज था। इस गंभीर लापरवाही पर जिलाधिकारी ने लिपिक कमलेश त्रिपाठी एवं सुलेखा पटेल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के आदेश दे दिए। जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र पटल पर भी 70 आवेदन लंबित मिले। जिलाधिकारी ने इन सभी आवेदनों का आज ही निस्तारण करने के निर्देश



दिए तथा पटल प्रभारी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई का आदेश किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी के शिथिल पर्यवेक्षण पर नाराज़गी जताते हुए उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका जनता की सुविधा का केंद्र है। आमजन को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कार्य व्यवस्था इतनी सुदृढ़ और पारदर्शी होनी चाहिए कि जनता बिना किसी परेशानी के आसानी से अपना कार्य करा सके।

## कृष्ण जन्मभूमि पहुंचे कथावाचक कौशल सुरक्षा एजेंसी ने रोका

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने पहुंचे श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार और कथावाचक कौशल किशोर को पुलिस ने गेट नंबर-1 से गिरफ्तार कर लिया है। कथावाचक डेहरी पूजन करने पहुंचे थे, लेकिन सुरक्षा एजेंसी ने उन्हें रोक दियाज और कुछ ही देर बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि कथावाचक कौशल किशोर आज सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचे थे। वे गेट नंबर-1 से अंदर जाने ही वाले थे कि तभी सुरक्षा एजेंसी के जवानों ने उन्हें रोक लिया। सुरक्षा एजेंसी का कहना है कि विशेष सुरक्षा प्रोटोकॉल के चलते दर्शन पर रोक है, इसलिए प्रवेश नहीं दिया जा सकता।लेकिन जब बात बढ़ी, तो पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।पूछताछ में कौशल किशोर का कहना है–मैं सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने आया हूँ एक भक्त होने के नाते डेहरी पूजन करने आया था।

# 80 शिकायतें दर्ज, जमीन और कब्जे के मामलों का रहा दबदबा



बिलग्राम तहसील समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम (हरदोई)।** जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को तहसील परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का सफल आयोजन किया गया।

सर्द मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पहुँचे और कुल 80 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें सबसे अधिक शिकायतें जमीन विवाद और अवैध कब्जों से संबंधित रहीं। हालांकि इस बार मौके पर किसी शिकायत का तत्काल निस्तारण नहीं हो सका, लेकिन अधिकारियों ने फरियादियों को आश्वासन दिया कि सभी मामलों पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जाएगी। एएसपी सुबोध गौतम ने पुलिस से जुड़ी सभी शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए। वहीं एसडीएम एन. राम ने राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों को तेजी से निस्तारित करने के लिए तहसील और लेखपालों को स्पष्ट आदेश दिए। समाधान दिवस में सीओ रवि प्रकाश सिंह सहित राजस्व, पुलिस, बिजली, सिंचाई, पंचायती राज विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्दी में गर्म वस्त्र पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

अवधनामा संवाददाता

**बलदेव।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में सर्दी की शुरूआत में गर्म वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरों पर उमंग और खुशी की झलक साफ दिखाई दी।

गर्म वस्त्र वितरण समारोह का शुभारंभ देवी कृपा ग्ररुप के चेयरमैन उमेश अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। विद्यालय एवं बाल वाटिका के बच्चों को स्वेटर, टोपा, मोजा, स्टेशनरी वितरण कर एवं अल्प जलपान के पश्चात समाजसेवी उमेश अग्रवाल ने बताया कि सर्दियों में कमजोर वर्ग के बच्चों के पास गर्म कपड़े न होने के कारण उन्हें विद्यालय आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, उनकी आर्थिक मजबूरियों और परिस्थितियों को देखकर विद्यालय एवं वाल वाटिका के सभी बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए हैं जिससे बच्चे ठंड में सुरक्षित रह सकें।



विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने इस पुनीत प्रयास की सराहना की और इसे सामुदायिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस पहल ने न केवल बच्चों को ठंड से बचाया है बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की संवेदनशीलता को भी उजागर किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. जगदीश पाठक ने कहा कि जरूरतमंदों बच्चों की सेवा करना बहुत ही पुण्य कार्य है। बच्चों को सही समय पर गर्म वस्त्र मिलने से बच्चे शारीरिक ओर मानसिक रूप से मजबूत होंगे।

## गीता पर आधारित प्रस्तुतियां देख शीर्षक मंत्रमुग्ध हुए

**मथुरा।** इस्कॉन भक्तिवेदांत गुरुकुल एवं इंटरनेशनल स्कूल, वृंदावन की ओर से पांचजन्य प्रेक्षागृह में गीता जयंती के शुभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम हुआ भक्तिवेदान्त विश्वविद्यालय के निदेशक कम्युनिकेशन श्रीमान सुरपति दास जी ने बताया कि जिले के 40 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया इसमें बच्चों द्वारा गीता पर आधारित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें सामुहिक गीता गायन, गीता प्रश्नोत्तर, गीता पर आधारित नृत्य नाटक आदि कार्यक्रम के प्रतिभागियों को वितरण किया गया। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक क्राइम, पुलिस अधीक्षक नगर के द्वारा बच्चों प्राइज वितरण किया गया। श्रीमान सुरपति दास जी ने बताया कि शास्त्र हमारे पथ प्रदर्शक हैं। शास्त्रों के आश्रय में जिया गया जीवन स्वयं में दिव्य एवं समाज के लिए एक आदर्श बन जाता है। शास्त्र दीर्घजीवी नहीं बनाते पर दिव्यजीवी जरूर बना देते हैं।

# केवल आसन ही योग नहीं सम्पूर्ण जीवन ही योग : संयुक्त शिक्षा निदेशक



■ भारतीय संस्कृति में संपूर्ण जीवन को जीने की पद्धति ही योग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश चंद्र अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि राजेश अग्रवाल क्वालिटी मैनेजर रिफाइनरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया। अपने उद्बोधन में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश चंद्र अग्रवाल ने कहां कि केवल आसन करना ही योग नहीं है। भारतीय संस्कृति में संपूर्ण जीवन को जीने की पद्धति ही योग है, मिलना और जुड़ना ही योग है। इसी क्रम में इस प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए क्वालिटी मैनेजर रिफाइनरी और लाफिंग योगा, स्वर विज्ञान के विशेषज्ञ राजेश अग्रवाल जी ने अपने व्याख्यान में बताया कि सांसों का ज्ञान ही स्वर विज्ञान है। हमारे जीवन का प्रमुख अंग योग है लेकिन हम लोग मानते नहीं हैं। जन्म लेने से लेकर कपाल क्रिया होने तक सब योग ही तो है। इस प्रतियोगिता में 26 महिला शिक्षक और 31 पुरुष शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता को पारदर्शिता प्रदान करने के लिए आयुष विभाग से आए योग प्रशिक्षक वीरेन्द्र सिंह - आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अड़ींग, कन्हैयालाल सारस्वत- आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पचहरा,शन्नो शुक्ला- योग वैलनेस सेंटर जिला संयुक्त चिकित्सालय वृन्दावन,और पारुल शर्मा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अड़ींग ने निर्णायक की भूमिका अदा की।इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में क्रमशः प्रथम स्थान दुर्गेश चौधरी प्र. वि. सेरसा, फरह, द्वितीय शशि सिंह प्रा वि ढालगढ़ी, नौहझील और तृतीय स्थान ज्योति शर्मा प्रा वि खानपुर बल्देव और पुरष वर्ग में प्रथम स्थान देशराज सिंह प्रा वि नगला गिरवर, गोवर्धन, द्वितीय मनोज प्रा वि ऊमरी, मथुरा और तृतीय स्थान नरेंद्र सिंह प्रा वि महुअन- 2, फरह ने प्राप्त किया।

# कांग्रेसियों ने डॉ अंबेडकर को याद कर दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में भारत रत्न संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का परीनिर्वाण दिवस डिग गेट स्थित अंबेडकर भवन में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में नागरिकों के अधिकार, कर्तव्य और सरकार के काम करने के तौर तरीके तय किए। हमारा भारतीय संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता, न्याय, समानता और एकता के मूल्यों को समझने की प्रेरणा देता है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश की एकता और अखंडता संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु संविधान का सम्मान करते हुए उसके दिशा निर्देशों का पालन करें। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान के अंतर्गत दबे कुछले मजदूर और गरीबों के लिए अधिकार दिए तथा महिलाओं को समानता का अधिकार दिया। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार और स्वतंत्रता संविधान में निहित है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



■ स्वागतम्-सु- सुस्वागतम नृत्य गीत रही मनमोहक प्रस्तुति

अवधनामा संवाददाता

**गाज़ीपुर।** नगर के तुलसीपुर स्थित सेंटजॉन्स स्कूल परिसर में आज शनिवार को विश्व दिव्यांग दिवस बड़े सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय परिवार ने दिव्यांगजनों के सम्मान, सहयोग और उनके उत्साहवर्धन हेतु विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन सेंट जॉन स्कूल गाज़ीपुर, लूर्दस बालिका इंटर कॉलेज एवं सेंटमेरीज कान्वेंट स्कूल गाज़ीपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर एंथनी रोडरिक्स प्रधानाचार्य फादर आनंद, सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर लीमा, लूर्दस बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सिस्टर मर्सिया और एवरग्रीन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मार्च-पास्ट में विभिन्न स्थानों से आए लगभग 600 दिव्यांगजन विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में सुग्रीव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मेंढक दौड़ में प्रीति अव्वल रहीं। वैशाखी दौड़ में हनुमान कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। ट्राई-साइकिल रेस में गुरु प्रसाद विजेता बने। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया वहीं प्रतिभागियों की लगन और जोश की भी सराहना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सेंटमेरी कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुई। सेंट जॉन्स स्कूल की बालिकाओं ने स्वागतम् सु - स्वागतम् गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। सेंट मैरी स्कूल की छात्राओं द्वारा उत्साहवर्धक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसी क्रम में गगरन, रसूलपुर, पवहारी अंध विद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के दिव्यांग बच्चों ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी दिव्यांगजनों को नाश्ता-भोजन कराया और कंबल एवं उपहार भेंट कर उन्हें सादर विदाई दी।

# अंबेडकर ने अपना जीवन गरीबों के उत्थान के लिये अर्पित किया



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर नगर व क्षेत्र के विद्यालयों में प्रधानाचार्य व शिक्षकों द्वारा उनके छायाचित्र की पूजा बंदना कर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंबेडकर जी ने गरीब दबे कुचलों की आबाज को उठाने का कार्य किया है। शनिवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रवल प्रताप सिंह यादव एवं भूगोल प्रवक्ता गजेंद्र यादव, बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं, एबी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य फरहीन एजाज, आर डी मार्डन पब्लिक स्कूल में प्रबन्धक ठा. ललित मोहन सिंह व प्रधानाचार्य परवेज आलम ने भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण करनें के उपरान्त उन्होंने कहा कि डा. अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने और गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अर्पित किया था। इसलिए आज के दिन उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। कहा कि हम सभी को उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर रामू त्रिपाठी, राम प्रकाश, कमलेश कुमार, अतुल मिश्रा, श्रुति मिश्रा, सतीश चंद्र सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

## कोतवाली पुलिस नें चार वारंटियों को पकड़ा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं सदर क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा 04 वारंटियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है। शनिवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक राजेश रावत, धर्मेन्द्र सिंह, एसएसआई विनोद कुमार कश्यप, हेड कांस्टेवल अक्षय कुमार, कांस्टेवल नितीश कुमार व नागेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे चलाये जा रहे वांछित अभियुक्तगण/ वारण्टियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तगण /वारण्टी 01. मन्नीलाल पुत्र जोगराम निवासी सदरपुर 02. रामकिशोर पाल उर्फलालू पुत्र रामपाल निवासी सरैया तेरारागी 03. अजयपाल पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बनियानी 04. फ़िरोज पुत्र इमामुद्दीन निवासी मिरगांवा सहित कुल 04 वारण्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

# डॉ अंबेडकर ने सामाजिक व राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया



अवधनामा संवाददाता

**गाज़ीपुर।** नगर के रौजा स्थित राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया, इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ राजेंद्र सिंह प्राचार्य ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दलितों के उत्थान के लिए कई सामाजिक व राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। हर वर्ष 6 दिसंबर को यह दिन संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के अग्रदूत और आधुनिक भारत के महान विचारक डॉ. अंबेडकर को याद करने के लिए मनाया जाता है। डॉ.अंबेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को हुआ। इसी दिन महा परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के संविधान निर्माता और दबे-कुचलों को आवाज देने वाले महानायक डॉ.भीमराव अंबेडकर को उनके महा परिनिर्वाण दिवस पर कृतज्ञ राष्ट्र आज याद कर रहा है। इस मौके पर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बाबासाहेब को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने खुद को एवं समाज को नशा से मुक्ति दिलाने की शपथ ली। नशा मुक्ति की शपथ सभी को प्राचार्य द्वारा दिलाई गई।

# हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी कराने की योजना बनी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे और जिम्मेदार अधिकारी द्वारा मॉनिटरिंग होगी। परीक्षा केंद्रों में फर्नीचर, प्रकाश, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बालक और बालिका के लिए अलग-अलग शौचालय होंगे। प्रश्नपत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम और सुरक्षित अलमारी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये। महत्वपूर्ण पेपरों पर विशेष ध्यान और इंटरनेट के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की तैयारी अभी से शुरू की जाये। अग्निशमन उपकरण और डीवीआर में न्यूनतम 30 दिन की रिकॉर्डिंग अनिवार्य रूप से रखी जाये। जनपद में 122 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं जिसमें 10 राजकीय, 50 सहायता प्राप्त और 62 वित विहीन विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 39,508 और इंटर में 32,166 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। जिलाधिकारी ने परीक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

**उन्नाव।** बीतीरात थाना बीघापुर अन्तर्गत पाली गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने पर बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवो का परीक्षण कराने के बाद शुक्रवार को शव परिजनों को सौंप दिए। जानकारी के अनुसार बीतीरात थाना बीघापुर अन्तर्गत बीघापुर-पाली सम्पर्क मार्ग पर पाली गांव के निकट तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे रंजीत 28 पुत्र कमलेश निवासी आजाद नगर बीघापुर व उसके पीछे बैठा साथी जग्गा 30 निवासी ककराहिनखेड़ा बीघापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। परिजनो के अनुसार कमलेश गुरुवार शाम तक खेतों मे कार्य करके शाम लगभग छह बजे टमाटर लेने की बात कहकर बाइक से घर से निकला निकला था।

# आपातकाल में डरें नहीं बल्कि हेल्पलाईन नम्बरों की मदद लें

■ एंटीरोमियों टीम ने मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत दी हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति /एन्टीरोमियो टीम द्वारा नगर में भ्रमण कर महिलाओं को एकत्रित करके महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये जागरूक करते हुये महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। शनिवार को मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम की महिला आरक्षी राखी, आरती, रेनू द्वारा नगर के जीटीरोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टशन, तिर्वारोड पर आने जानें बाली महिलाओं/ बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा असामाजिक तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। टीम ने बताया कि सरकार महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और मिशन शक्ति का उद्देश्य हर महिला को सुरक्षित और सशक्त बनाना है। उन्होंने किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व डायल 112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930 साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होंने शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## सदस्य महिला आयोग ने सुनी महिलाओं की शिकायतें



**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)** विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग की महिला जनसुनवाई का आयोजन हुआ। अर्चना मजूमदार सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जनपद उन्नाव व हरदोई की महिलाओं ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं। कुल 32 महिलाओं/बालिकाओं ने प्रार्थनापत्र और मौखिक रूप से अपनी शिकायतें रखीं। 02 प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई कर निस्तारण कराया गया। 30 प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला अधिकारी सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने पर चर्चा हुई। बैठक में जनपदस्तरीय अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इससे महिला शिकायतों का निपटान और प्रशासनिक निगरानी सुदृढ़ होगी।

## उन्नाव विकास प्राधिकरण की छत्रछाया में मानक विहीन प्लॉटिंग का धंधा फल-फूल रहा

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)** उन्नाव में बिना किसी सरकारी अनुमति और मानकों की अनदेखी करते हुए प्लॉटिंग का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। यूडीए की अनुमति और नक्शा पास कराए बिना ही कॉलोनी बसाई जा रही हैं, जिससे शहर का मास्टर प्लान बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अवैध कॉलोनियों में न ग्रीनरी के लिए स्थान छोड़ा जा रहा, न ही मूलभूत सुविधाओं का ध्यान बिजली के नाम पर खाली पोल खड़े कर दिए गए और सड़क के नाम पर केवल बॉक्सिंग कर खानापूरी की जा रही है। जगह बचाने के चक्कर में टेढ़ी-मेढ़ी सड़कें शहर की संरचना और भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। आरोप है कि यूडीए विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है। मोटी रकम के आगे संबंधित अधिकारी आँखें मूंदे बैठे हैं, जबकि शहर का नक्शा अवैध प्लाटिंग के चलते बिगड़ता जा रहा है।

## दिल्ली से बाइक द्वारा आ रहे युवक की डंपर से टकराकर मौत

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्वा समधन के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी मुस्तकीम खान का पुत्र मो. महरोज नें शुक्रवार को अपनी मां सहित परिवार को ट्रेन से बैठा कर गुरसहायगंज के लिये रवाना करनें के उपरान्त शाम 06 बजे मोटरसाइकिल लेकर दिल्ली से अपने घर समधन आने के लिए निकला। जैसे ही वह जनपद मैनपुरी के कस्बा भोगांव के अंतर्गत आने वाले थाना विशवां पहुंचा तभी बाईक अनियंत्रित होकर खड़े डंपर से टकरा गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। उधर परिवार जैसे ही घर पहुंचा तो विशवां थाने से सूचना मिली कि उसके पुत्र की दुर्घटना में मौत हो गई है। मौत की खबर परिजनों को लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# जलवायु परिवर्तन से बड़े शहरों में बढ़ीं चुनौतियां : दयाशंकर सिंह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शनिवार को एनवायरनमेंट एंड सोसाइटी (आईसीईएस 2025) की 7वीं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से शहरों में चुनौतियां बढ़ गई हैं। इसलिए हमें पर्यावरण सुधारने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने होंगे।

परिवहन मंत्री ने कहा कि पिछले 200 साल के दौरान हुई औद्योगिक क्रांति की वजह से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव किए जा सकते हैं, इसलिए हमें अभी से उपाय करने होंगे। मंत्री ने कहा कि डीजल बसों से पर्यावरण को काफी अधिक नुकसान होता है। इसलिए उन्होंने अपने विभाग इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया। लखनऊ में पर्यावरण के स्तर में सुधार के पीछे इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ना भी एक बड़ी वजह है। अभी तक 15 शहरों में ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होता था। अब इनकी संख्या बढ़कर 43 हो गई है। जल्द ही प्रदेश के सभी जनपदों में इन बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि पर्यावरण के मुद्दे पर पूरे विश्व में आम सहमति बनाना जरूरी है। कुलपति ने पूरी दुनिया से सेमिनार में शामिल होने आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। लोकसेवा आयोग के सदस्य एके वर्मा ने कहा कि पर्यावरण जैसे मुद्दे हमें वैश्विक सोच रखनी होगी। रष्ट्रीय स्तर पर नीति बनानी होगी, स्थानीय स्तर पर काम करना होगा और व्यक्तिगत स्तर पर जागरुकता फैलानी होगी। ग्लोकल एनवायरनमेंट एंड एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण मानवता के अस्तित्व से जुड़ा सवाल है। कार्यक्रम के दौरान ग्लोकल एनवायरनमेंट एंड एसोसिएशन की ओर से संस्था के संस्थापक रामकुमार वर्मा की याद में लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड की शुरुआत की गई।

### पौधे को मिलता है उर्वरक का सिर्फ 30 फीसदी हिस्सा: अनेजा

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी, रैले के समुद्री, पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान विभाग के प्रो. विनय पी अनेजा ने कहा कि कृषि में इस्तेमाल होने वाली उर्वरक का सिर्फ 30 फीसदी हिस्सा ही पौधे को मिलता है। वहीं 70 फीसदी हिस्सा बर्बाद हो जाता है। इसकी वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। प्रो. अनेजा ने कहा कि रीएक्टिव नाइट्रोजन एक बड़ा मुद्दा बन रहा है। नाइट्रोजन ) पृथ्वी के वायुमंडल में लगभग 78 फीसदी पाया जाता है। उच्च तापमान और दबाव पर नाइट्रोजन गैस को हाइड्रोजन गैस के साथ उत्प्रेरक की उपस्थिति में अभिकृत करके अमोनिया बनाया जाता है। यही अमोनिया उर्वरक का आधार होती है। उत्पादन बढ़ाने के लिए उर्वरक का काफी इस्तेमाल होता है। इसकी वजह से वातावरण से नाइट्रोजन भी कम हो रहा है। नाइट्रोजन की कमी पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और जनसंख्या की वजह से नाइट्रोजन का बेतहाशा दोहन किया जा रहा है। इसलिए हमें इस पर रोक लगानी होगी। ऐसा न करने पर पानी, ओजान ओर मिट्टी सभी के गंभीर नुकसान पहुंचेगा।

# व्यापार की सफलता के लिये मेहनत व ईमानदारी जरूरी है

■ हाजी गुलाब ने फीता काटकर किया स्टार हार्डवेयर सेंटर का उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के जीटी रोड मुरादगंज बाईपास के निकट स्थित स्टार हार्डवेयर सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हाजी गुलाब ने विधिवत फीता काटकर नवनिर्मित प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया।

शनिवार को नवनिर्मित प्रतिष्ठान स्टार हार्डवेयर सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करनें के उपरान्त हाजी गुलाब ने कहा कि व्यापारी को ईमानदारी एवं सच्ची लगन के साथ कार्य करना चाहिए। ग्राहकों को मानक अनुरूप सामग्री प्रदान कर संतुष्ट करना ही व्यापार मे सफलता दिलाता है। उन्होंने कहा कि जब ग्राहक आपके उत्पाद एवं आपके व्यवहार से संतुष्ट होगा तो आपकी क्षेत्र मे लोकप्रियता बढ़ेगी जिससे आपका व्यापार भी तरक्की करेगा। इससे पूर्व दुकान के संचालक ने मुख्य अतिथि हाजी गुलाब और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं की सुविधा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर मुंशी अनीस खान, अली हसन इदरीसी, समाजसेवी मो. आमिर खान, अरशद खान, यशवीर भदौरिया, रंजीत सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# हम भारत के गाँवों को डिजिटल रूप से सशक्त बना रहे हैं: शाह

अर्थ समिट संस्करण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारत के सहकारी और ग्रामीण विकास परिदृश्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, अमित शाह केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार, ने महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एक्ज़िबिशन सेंटर, गांधीनगर में अर्थ समिट के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। डिजिटल रूप से सशक्त सहकारी व्यवस्था की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, उन्होंने सहकार सारथी प्राइवेट लिमिटेड का शुभारंभ किया । यह एक अग्रणी साझा-सेवा आधारित तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण सहकारी बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को रूपांतरित करना है। भविष्य-उन्मुख ग्रामीण वित्त पर समिट के फोकस को और सुदृढ़ करते हुए, श्री शाह ने नाबार्ड ङ्क बीसीजी रिपोर्ट की रिपोर्ट 'द फ्यूचर ऑफ़ रूरल बैंकिंग' भी जारी कीया। यह रिपोर्ट ग्रामीण ऋण पहुंच को मजबूत करने, सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और भारत के ग्रामीण बैंकिंग क्षेत्र की संस्थागत दक्षता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक मार्ग प्रस्तुत करती है। उद्घाटन संबोधन देते हुए, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री शाह ने कहाः 2014 के बाद से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बजट 3.75 गुना बढ़ा है, जो भारत के गाँवों के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। सहकारिता, ग्रामीण विकास और पशुपालन हमारे विकास दृष्टिकोण के केंद्र में हैं, और नाबार्ड इन्हें मजबूत करने का कार्य जारी रखेगा। हम एक ऐसा भविष्य बना रहे हैं जहाँ 50 करोड़ भारतीय सहकारिता से जुड़े होंगे, और उनका देश के जीडीपी में योगदान तीन गुना बढ़ेगा, जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में ग्रामीण भारत एक निर्णायक शक्ति बनेगा। अर्थ समिट, गांधीनगर में लॉन्च :

अमित शाह , केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने अर्थ समिट के दौरान सहकार सारथी के तहत 14 अग्रणी डिजिटल सेवाओं का अनावरण किया। यह भारत के सहकारी क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीक-आधारित सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम बनाता है।

प्रमुख लॉन्च में सहकार सेतु, एक एकीकृत डिजिटल ऋण प्लेटफ़ॉर्म; डिजीKCC, पूर्णतः स्वचालित किसान क्रेडिट कार्ड प्रणाली; ePACS, PACS के लिए एक राष्ट्रीय àßRP (जिसे 25,000 इकाइयों में लागू किया जा रहा है); तथा कोऑपरेटिव गवर्नेंस इंडेक्स, जो सहकारी बैंकों में शासन की गुणवत्ता का आंकलन करने के लिए पहला राष्ट्रीय ढांचा है, शामिल हैं। मंत्री ने देशभर में भंडारण अवसंरचना की डिजिटल निगरानी के लिए विश्व का सबसे बड़ा अनाज भंडारण योजना पोर्टल भी लॉन्च किया। साइबर सुरक्षा, अनुपालन और संचालन को मजबूत करने के लिए मंत्री ने एक्सपर्ट-एज़-ए-सर्विस प्लेटफ़ॉर्म CISO सारथी, टैक्स सारथी, CBS सारथी और रेगुलेटरी कंप्लायंस सारथी की घोषणा की। इसके साथ ही कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए शिक्षा सारथी तथा पूरे क्षेत्र के CTOs और CISOs के लिए सहयोग मंच भी शुरू किए गए। इसके अलावा bank.in माइग्रेशन, AI-संचालित क्रॉस सेल सारथी, कैम्पेन सारथी, और एकीकृत कलेक्शंस सारथी कॉल-सेंटर सेवा जैसी अतिरिक्त सेवाएँ भी शुरू की गईं।

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**उन्नाव।** शहर के पूरन नगर में घर में बिजली के तारों की स्पार्किंग से उठी चिंगारी से आग लगने से लाखों की सम्पत्ति आग की भेंट चढ़ गई। पूरन नगर में माँ हँसवाहिनी स्कूल के पास आज दोपहर बड़ा हादसा हो गया, जब बिजली के तारों की स्पार्किंग के दौरान उठी चिंगारी से अचानक भीषण आग लग गई। यह आग निवासी काजल गौतम पत्नी अनिकेत कुमार के घर में भड़की, जिसने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी गिरफ्त में ले लिया। आगजनी की इस घटना में घर-गृहस्थी का सम्पूर्ण सामान सहित सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, सोफा, अलमारी सहित लाखो का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही का परिणाम माना जा रहा है।

# शकील लेड़ी का गाँव-गाँव अभियान, मतदाताओं को मिली राहत

■ मोतीपुर में एसआईआर फार्म में मदद, सभासदों का सराहनीय सहयोग

■ पसमांदा महाज का घर-घर अभियान-कोई मतदाता न छूटे



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** ग्राम मोतीपुर में निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर फार्म भरवाने का कार्य चल रहा है। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को फार्म भरने में दिक्कतें हो रही थीं, विशेषकर उन लोगों को जिन्हें पढ़ना-लिखना तक नहीं आता। ऐसी स्थिति में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने आगे बढ़कर लोगों की मदद का जिम्मा उठाया है और लगातार अलग-अलग गांवों में जाकर जनसहयोग कर रहा है।

शनिवार को इसी कड़ी में ब्लाक संरक्षक शकील लेड़ी मोतीपुर पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्वयं मौजूद रहकर सैकड़ों ग्रामीणों का एसआईआर फार्म भरवाया। मोतीपुर के सभासद शाने आलम अंसारी अपने कार्यालय में बैठकर लगातार लोगों के एसआईआर फार्म भरने में मदद कर रहे हैं। रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण उनकी सहायता के लिए पहुँचते हैं। इसी प्रयास के साथ सभासद नूर मोहम्मद उर्फ मक्कू भी मोहल्लों और गांवों में घूम-घूमकर लोगों को फार्म भरने में सहयोग दे रहे हैं। दोनों सभासदों द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की शकील लेड़ी ने सराहना की और उनसे आगे भी इसी प्रकार संगठनात्मक जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

इस दौरान शकील लेड़ी ने महाज के दिशा-निर्देशों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभासदों को बताया कि आने वाले समय में संगठन को और सशक्त करने के लिए धरातल पर काम करने वाले लोगों की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज के कमजोर तबके को सरकारी सुविधाओं, मतदान अधिकारों और संवैधानिक सुरक्षा से जोड़ना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है।

# एलोवेरा से करें सेंसिटिव स्किन की केयर, जानें इस्तेमाल का तरीका



**नई दिल्ली।** एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी।

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको किसी भी प्रोडक्ट को बहुत ही सोच-समझकर इस्तेमाल करना होता है। अगर जरा सी भी लापरवाही बरती जाए तो इससे आपकी स्किन को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल स्किन पर जेंटल होता है, बल्कि इससे स्किन को ठंडक भी मिलती है। साथ ही साथ, बिना किसी साइड इफेक्ट के यह आपकी स्किन को ठीक भी करता है। चाहे सनबर्न हो, रैश हो या पूरे दिन की थकान, एलोवेरा आपकी स्किन की हर समस्या से निजात दिला सकती है।

एलोवेरा का इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। आप घर पर ही एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इससे फेस मास्क बना सकते हो, मिस्ट की तरह स्प्रे कर सकते हो या रोज़ मॉइस्चराइज़र की तरह भी लगा सकते हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किन तरीकों से कर सकते हैं- एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी। एलोवेरा जेल गर्मी के दिनों में आपकी स्किन के लिए एक बेहतरीन फेस मिस्ट भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप 1 हिस्सा एलोवेरा जेल .2 हिस्से गुलाब जल लेकर मिक्स कर लें। अब इसे  स्प्रे बोतल में भर लो।

# स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

**नई दिल्ली।**अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।





बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं। मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइल स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं।

# छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज



**नई दिल्ली।** अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

## सफर में हों या ऑफिस हर महिला के बैग में होने चाहिए ये मेकअप प्रोडक्ट्स, दिनभर बना रहेगा ग्लो

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

ब्यूटी की मतलब सिर्फ मेकअप से नहीं होता है, बल्कि हर तरफ से अपने फेस को सही रखना होता है। जब भी हम कहीं बाहर जाने का प्लान करते हैं, तो सोचते हैं कि बैग में ऐसा क्या रखें कि हमारा चेहरा सुंदर दिखे। लेकिन अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे



हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

सफर के दौरान फेस की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी स्किन को साफ रखना होता है। दिनभर की धूल-मिट्टी, ऑयल और मेकअप हटाने के लिए सबसे अच्छा फेस वॉश या क्लींजर जरूरी है। इसलिए आप अपनी स्किन टाइप का क्लींजर और फेस वॉश जरूर रखें।

बाहर की धूप और धूल की वजह से फेस पर गंदगी की परत जम जाती है। इसलिए आप अपनी पर्स में फेस मास्क जरूर रखें। यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। फेस के साथ-साथ होंठों की देखभाल करना बेहद जरूरी है। ड्राय और फटे होंठ दर्द देते हैं। साथ ही फटे होंठ हमारे लुक को भी खराब कर देते हैं। इसलिए अपनी पर्स में लिप बाम जरूर रखें। आप विटामिन श्च और स्क्न युक्त लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्किन को कोमल और मुलायम बनाए रखने के लिए आपको अपनी पर्स में मॉइस्चराइजिंग क्रीम रखना चाहिए। इसलिए बाहर जाते समय इसको लेना न भूलें।

रात में हमारी स्किन रिपेयर होती है, इसलिए रात में सोने से पहले आपको किसी अच्छी नाइट क्रीम या सीरम अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए। इससे अगली सुबह आपका फेस फ्रेश और ग्लोइंग रहेगा।

## हाथों की ढीली स्किन बनेगी कोमल और मुलायम, टाइट और शाइनी बनेगी त्वचा

**नई दिल्ली।**अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल की वजह से खानपान और त्वचा से जुड़ी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्किन केयर के लिए महिलाएं कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन हाथों की केयर करने के बारे में भूल जाती हैं। जिसकी वजह से हाथों की स्किन ढीली और बेजान नजर आने लगती हैं। इस वजह से महिलाएं उम्र से पहले बूढ़ी नजर आने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

बता दें कि बादाम स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है और बादाम का तेल स्किन के लिए लाभकारी होता है। बादाम के तेल में कई गुण और विटामिन पाए जाते हैं। बादाम का तेल स्किन की नमी बनाए रखने और त्वचा में कसाव लाने का काम करता है।

एलोवेरा जेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं और यह सभी गुण त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एलोवेरा जेल में एंटी-ऑक्सीडेंट और मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। जोकि स्किन पर ग्लो लाने का काम करते हैं। साथ ही यह स्किन को टाइट और कोमल बनाने में सहायता करते हैं।

सबसे पहले हाथों को अच्छे से साफ कर लें। उसके बाद एलोवेरा पत्ते से जेल निकालें अब इस जेल को हाथों पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद अपने हाथों को ठंडे पानी से धो लें। इस उपाय को सप्ताह में दो बार करना चाहिए।

# एजिंग स्किन की केयर कर सकती है सौंफ, बस इन तरीकों से करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली।**स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक



नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है।

सौंफ को डाइजेशन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि सौंफ आपकी स्किन के लिए भी उतनी ही फायेदमंद है। खासतौर से, सौंफ आपकी स्किन को लंबे समय तक यंगर बनाए रखने में मददगार है। दरअसल, सौंफ में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी और कई ज़रूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, जो स्किन की झुर्रियों, ढीलापन और बेजानपन के पीछे का बड़ा कारण होते हैं।

यही वजह है कि अपनी स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है। इतना ही नहीं, आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में कई अलग-अलग तरीकों से शामिल भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि एजिंग स्किन की देखभाल के लिए आप सौंफ को किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं- यह एक नेचुरल एंटी-एजिंग टोनर की तरह काम करता है। सौंफ के बीज में फ्लेवोनॉयड्स और विटामिन सी होते हैं, जो स्किन को टाइटन करने, फाइन लाइन्स को कम करने और स्किन की रंगत को एकसमान बनाने में मदद करते हैं।

1 चम्मच सौंफ के बीज को 1 कप गर्म पानी में 30 मिनट तक भिगोकर रखें। फिर छानकर इसे स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रखें। इसे चेहरे पर ताजगी देने वाले मिस्ट या टोनर के रूप में इस्तेमाल करें।

सौंफ फ्री रेडिकल्स से लड़ने के साथ-साथ कोलेजन को बढ़ाता है, जबकि दही स्किन को हाइड्रेट करती है और लैक्टिक एसिड की मदद से हल्के से एक्सफोलिएट करता है। यह मिश्रण स्किन को ताजगी और चमक देता है। चम्मच सौंफ के बीज को पीसकर पाउडर बना लें। इसे 1 चम्मच दही के साथ मिला लें और चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर धो लें।यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। जिसकी वजह से आपकी स्किन ज्यादा चमकदार और जवां दिखने लगती है। सौंफ के एंटी-एजिंग गुण समय के साथ उम्र के धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। एक चम्मच सौंफ के बीज को मोटे तौर पर पीसकर शहद या एलोवेरा जेल में मिला लें और इसे एक हल्के स्क्रब के रूप में हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें।

## बसंती हवाओं में रूखी हो गई है स्किन तो फॉलो करें ये टिप्स, ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी त्वचा

**नई दिल्ली।** स्किन के खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन के फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्किइससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी।

बसंत का मौसम आने पर बड़ा बदलाव होता है, लेकिन यह बदलाव स्किन के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इस मौसम में बसंती हवाएं हमारी स्किन की नमी को छीन लेती हैं, जिससे हमारी त्वचा बेजान, रूखी और संवेदनशील हो जाती





है। स्किन के खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन के फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके कुछ ऐसे स्किन स्किन केयर टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

इस मौसम में स्किन की नमी के बनाए रखना जरूरी होता है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और स्किन के हाइड्रेटेड रखने के लिए हाइड्रेटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। आप स्किन के हेल्दी और नमी बनाए रखने के लिए ह्युलोरोनिक एसिड युक्त सीरम या फिर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह स्किन में नमी बनाए रखता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले गहरी मॉइस्चराइजिंग क्रीम लगाएं, जिससे आपकी स्किन रातभर रिपेयर हो सके।

मौसम बदलने के साथ ही आपके स्किन की सफाई के तरीके में भी बदलाव करना चाहिए। इस दौरान स्किन के रसायनों से भरे क्लींजर से धोने से बचना चाहिए। इसलिए आप प्राकृतिक क्लींजर का इस्तेमाल करें, जो स्किन के गहराई से साफ करें और स्किन में नमी बरकरार रखें।

बता दें कि रूखी स्किन में डेड स्किन सेल्स अधिक जमा हो जाते हैं। जिसकी वजह से हमारी स्किन बेजान दिखती है। इसलिए सप्ताह में एक बार स्क्रब से स्किन के एक्सफोलिएट करें। जिससे स्किन पर जमा डेड स्किन सेल्स हटेंगे और नई त्वचा को सांस लेने का मौका मिलेगा।

रात के समय हमारी स्किन के देखभाल की खास जरूरत होती है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले सीरम या फिर अच्छे फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। विटामिन-ई और सी युक्त प्रोडक्ट्स स्किन की मरम्मत में सहायता करते हैं और स्किन को कोमल और नरम बनाता है।

बसंत के मौसम में सूरज की किरणें हमारी स्किन पर गहरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से पहले हमेशा सनस्क्रीन जरूर लगाएं। आप 30 स्कस्न या उससे अधिक वाले ब्रॉड स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन को यूवी किरणों से बचाने के साथ डार्क स्पॉट्स और एजिंग से भी सुरक्षित रखेगा।

स्किन के नेचुरल रूप से पोषण देने के लिए होममेड फेस पैक का इस्तेमाल करें। इसलिए आप शहद और दही का पैस लगा सकते हैं। दरअसल, दही स्किन को मॉइस्चराइज करता है और शहद स्किन पर चमक बनाए रखता है। इसलिए इस फेसपैक को फेस पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद धो लें।

बसंती मौसम में स्किन पर कठोर रसायन युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसकी जगह आप नेचुरल और सौम्य प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। अगर आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है, तो स्किन एक्सपर्ट से परामर्श लें और उनकी सलाह पर प्रोडक्ट का चयन करें।

# गर्मियों में ट्राई करें 4 लाइट कलर के खूबसूरत कुर्ता सेट, एलिगेंट लगेगा आपका लुक





**नई दिल्ली।** इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। वहीं तेज धूप के कारण और गर्मी से बचने के लिए लड़कियां ढीले और हल्के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप भी गर्मियों के मौसम में खूबसूरत आउटफिट की तलाश कर रही हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। अगर आप गर्मी के मौसम में रोजाना ऑफिस या कॉलेज जाती है और ऐसे में कंफर्टेबल आउटफिट पहनना पसंद कर रही है, तो आपके लिए यह स्टाइलिश लाइट पर्पल कलर स्ट्रेट कुर्ता बेस्ट हो सकता है। इस कुर्ते के साथ आप वाइट कलर की पेंट या प्लाजो शामिल कर सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन 700 रुपए तक मिल जाएगा।

अगर आप गर्मियों में कोई फंक्शन अटेंड करने वाली हैं, या फिर आप कंफर्टेबल कुर्ता देख रहे हैं।

तो आप राउंड नेक स्ट्रेट कट स्टाइल कुर्ता कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप वाइट कलर की पैंट या फिर प्लाजो पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसको आप 700 रुपए तक ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

अपने लुक को एलिगेंट टच देने और तेज गर्मी से बचने के लिए इस तरह के लाइट ब्लू वी नेक कुर्ता ट्राई कर सकती हैं। आप ऑफिस या कॉलेज भी इस तरह के कुर्ते पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज और हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। ऑनलाइन खरीदने पर यह ुर्ता आपको 700 रुपए तक मिल जाएगा।

गर्मियों में आप राउंड नेक ब्लू कलर स्ट्रेट कुर्ते भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ते को आप वाइट पेंट या प्लाजो के साथ पेयर कर अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। आप चाहें तो इस कुर्ते को एक्सेसरीज में भी शामिल कर सकती हैं। इसको आप ऑफिस या फिर कॉलेज के अलावा किसी फंक्शन में भी ट्राई कर सकती हैं। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों जगहों से यह कुर्ता खरीद सकती हैं।

# अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों की प्रौद्योगिकी साझा करेगा रूस

**सामग्री**

**बयान में कहा गया कि भारत के मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के तहत रूसी मूल की हथियार प्रणालियों के स्पेयर पार्ट, कलपुर्जे व अन्य सामग्री भारत में बनाई जाएगी।**



**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने रक्षा सहयोग को नई दिशा देते हुए तय किया है कि साझेदारी अब केवल हथियार खरीद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अत्याधुनिक प्रणालियों का संयुक्त अनुसंधान, विकास और स्थानीय उत्पादन किया जाएगा। मेक-इन-इंडिया के तहत रूसी हथियारों के स्पेयर पार्ट से लेकर उन्नत फाइटर जेट तक भारत में बनाने की योजना है।

भारत और रूस ने तय किया है कि उनके बीच रक्षा साझेदारी सिर्फ हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अत्याधुनिक हथियारों का संयुक्त विकास व साझा उत्पादन भी किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता के बाद जारी साझा बयान में कहा गया कि दोनों देश उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों व प्रणालियों का संयुक्त अनुसंधान, विकास, सहनिर्माण और स्थानीय उत्पादन करेंगे। दोनों नेताओं ने दोहराया कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग भारत-रूस संबंधों की नींव है। उन्होंने इसे विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी बताया।

बयान में कहा गया कि भारत के मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के तहत रूसी मूल की हथियार प्रणालियों के स्पेयर पार्ट, कलपुर्जे व अन्य सामग्री भारत में बनाई जाएगी। इसमें पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट, सुखोई-57 का उत्पादन अपने क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर करने का प्रस्ताव भी है। रूस इसके लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करेगा। साथ ही, संयुक्त उद्यम भी स्थापित किए जाएंगे। भारतीय सैन्य बलों की जरूरतें पूरी करने के अलावा मित्रवत देशों को हथियार निर्यात करने पर भी सहमति बनी है। अब दोनों देशों के बीच रसद सहायता के पारस्परिक आदान-प्रदान का समझौता और प्रासंगिक हो गया है।

भारत और रूस ने किसी बड़े हथियार सौदे, जैसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, एस-500, एस-400 की नई खेप, का खुलकर एलान नहीं किया। सूत्रों ने बताया कि इन पर चर्चा हुई है। यह भी स्पष्ट नहीं हुआ कि किन हथियार प्रणालियों के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, संयुक्त विकास व उत्पादन की बात की गई है।

दोनों नेताओं ने एक दिन पहले हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के नतीजों का स्वागत किया। बृहस्पतिवार को हुई बैठक में राजनाथ सिंह ने विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर जोर दिया था। इसके जवाब में आंद्रे बेलौसोव ने कहा था कि रूसी रक्षा उद्योग भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में साथ देने के लिए तैयार है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि रूस ने भारत की मेक-इन-इंडिया पहल का समर्थन किया है।

रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल जी बख्शी ने कहा कि यह कहना कि रक्षा क्षेत्र में ठोस फैसले नहीं हुए, गलत होगा। दिखावा किए बगैर चुपचाप काम किया जाएगा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि अभी अमेरिका से हमारा व्यापार समझौता नहीं हुआ है। भारत का उद्देश्य हथियार पाना है, न कि दुनिया को चिढ़ाना। भारत-रूस साथ मिलकर पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बना लेंगे, तो अमेरिका को दिक्कत हो जाएगी।

## चुनाव आयोग ने केरल एसआईआर की तारीख में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को स्थानीय निकाय चुनाव के मद्दे नजर केरल के लिए मतदाता सूचियों को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को एक सप्ताह तक बढ़ाने का फैसला किया है। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव 9 और 11 दिसंबर को दो चरण में होने हैं। आयोग ने यह आदेश उच्चतम न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद दिया है, जिसमें गणना प्रपत्र और अन्य प्रक्रियाओं को जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था जो मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का हिस्सा है। संशोधित कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर के बजाय 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी के बजाय अब 21 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची का ड्राफ्ट 23 दिसंबर को जारी होगा आपत्तियां और क्लेम के लिए 22 जनवरी तक का समय होगा।

# रद्द उड़ानों के रिफंड पर सरकार ने तय की समयसीमा



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनियों को एफडीटीएल नियमों में राहत देने के बाद अब सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी के तहत सरकार ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि यात्रियों को रिफंड और उनके सामान को लौटाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए।

बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि वह रद्द उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ले। मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइन सुनिश्चित करे कि यात्रियों का सामान भी अगले दो दिनों में पहुंचा दिया जाए।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की ओर से शनिवार को पांचवें दिन 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द करने से पैदा हुई दिक्कतों के एक दिन बाद मंत्रालय ने कहा कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या गैर-अनुपालन पर तत्काल नियामक कार्रवाई की जाएगी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार रात 8 बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। जारी निर्देश में कहा गया है, एयरलाइंस को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई रीशेड्यूलिंग शुल्क न वसूलें जिनकी यात्रा पर रद्दीकरण का असर पड़ा है।

शनिवार को देशभर के अलग-अलग हवाई अड्डों पर 400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। इंडिगो को समर्पित यात्री सहायता और रिफंड सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। निर्देश के अनुसार इन प्रकोष्ठों को प्रभावित यात्रियों से सक्रिय रूप से संपर्क करने और यह सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है कि रिफंड और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्थाएं कई बार अनुवर्ती कार्रवाई किए बिना ही पूरी हो जाएं।

बयान में कहा गया है, स्वचालित रिफंड की प्रणाली तब तक सक्रिय रहेगी जब तक परिचालन पूरी तरह से स्थिर नहीं हो जाता। इसके अलावा मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उड़ान रद्द होने या देरी के कारण यात्रियों से अलग हुए सामान का पता लगाया जाए और अगले 48 घंटों के भीतर उन्हें सौंप दिया जाए।

## दुष्कर्म मामले में विधायक राहुल ममकूटाथिल को राहत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकूटाथिल को उच्च न्यायालय ने गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है। अब हाईकोर्ट 15 दिसंबर को याचिका पर सुनवाई करेगी। दुष्कर्म मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद सत्र अदालत ने विधायक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

केरल उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकूटाथिल को गिरफ्तार से अंतरिम राहत दे दी है। राहुल ममकूटाथिल पर दुष्कर्म और जबरन गर्भपात कराने का आरोप है। शनिवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस के बाबू ने कहा कि वे 15 दिसंबर को राहुल ममकूटाथिल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेंगे, तब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की जाएगी। अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता को मामले की सुनवाई तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। राहुल ममकूटाथिल की तरफ से वरिष्ठ वकील एस राजीव अदालत में पेश हुए और उन्होंने भी आदेश की पुष्टि की है। हालांकि ममकूटाथिल पर शारीरिक शोषण का एक दूसरा मामला भी चल रहा है। यह दूसरा मामला बुधवार को ही दर्ज हुआ है, जिसमें बंगलूरू की रहने वाली महिला ने राहुल ममकूटाथिल पर दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं। गुरुवार को तिरुवनंतपुरम की सत्र अदालत ने राहुल ममकूटाथिल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद ममकूटाथिल ने उच्च न्यायालय का रुख किया। ममकूटाथिल एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही फरार हैं।

## रुपया-रूबल भुगतान प्रणाली पर सहमति, निवेश प्रोत्साहन समझौते को भी मिली रफ्तार



**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने अपने बीच व्यापार को निर्बाध बनाने के लिए रुपये-रूबल में द्विपक्षीय भुगतान प्रणाली विकसित करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने टैरिफ, गैर-टैरिफ बाधाओं और लॉजिस्टिक समस्याओं को दूर कर व्यापार बढ़ाने का फैसला किया। ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़े सहयोग को मान्यता देते हुए तेल, गैस, पेट्रोकेमिकल और बुनियादी ढांचे में संयुक्त परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

भारत-रूस व्यापार निर्बाध बनाए रखने के लिए अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं रुपये व रूबल में द्विपक्षीय भुगतान प्रणाली विकसित करने पर सहमत हुए हैं। शिखर बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में पीएम मोदी व पुतिन ने निवेश प्रोत्साहन और संरक्षण पर पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाने पर भी जोर दिया है।

भारत से रूस को निर्यात बढ़ाने सहित, संतुलित और सतत तरीके से द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने पर सहमत। दोनों पक्ष टैरिफ और गैर-टैरिफ व्यापार और रसद में आने वाली बाधाओं को दूर करने, सुचारू भुगतान तंत्र और 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के संशोधित द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए बीमा और पुनर्बीमा के मुद्दों के लिए समाधान खोजेंगे। तेल और तेल उत्पाद, तेल शोधन और पेट्रोकेमिकल प्रौद्योगिकी, तेल क्षेत्र सेवाएं, अपस्ट्रीम प्रौद्योगिकी और संबंधित बुनियादी ढांचा, एलएनजी और एलपीजी से संबंधित बुनियादी ढांचा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय-रूसी कंपनियों के बीच वर्तमान और संभावित सहयोग को भी स्वीकार किया। ऊर्जा साझेदारी के मोर्चे पर, दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में अपने व्यापक सहयोग पर चर्चा की और इसे विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। भारत और रूस ने स्थिर और कुशल परिवहन गलियारों के निर्माण में सहयोग को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। इसमें अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी), चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारे और उत्तरी समुद्री मार्ग का समर्थन करने के लिए कनेक्टिविटी में सुधार व बुनियादी ढांचे की क्षमता बढ़ाने के लिए रसद लिंक का विस्तार करने प ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साझा बयान में पीएम मोदी व पुतिन ने आतंकवादियों की सीमा पार गतिविधियों, आतंकवादी वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित ठिकानों सहित, सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बयान में कहा गया है, 22 अप्रैल को भारत में पहलगाम और 22 मार्च, 2024 को मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। दोनों नेताओं ने अल-कायदा, आईएस/दाएश और उनके सहयोगियों सहित सभी संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी समूहों और संस्थाओं के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। इसका उद्देश्य आतंकियों के ठिकानों को खत्म करना, वित्तपोषण चैनलों, अंतरराष्ट्रीय अपराध के साथ गठजोड़ को खत्म करना और आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही को रोकना है। दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के ठोस आधार पर, बिना किसी छिपे एजेंडे और दोहरे मानदंडों के, इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और उग्रवाद के विरुद्ध अडिग लड़ाई का आह्वान किया।

## भारत-यूएस के व्यापार समझौते पर शुरू होगी बातचीत



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल जल्द ही भारत आएगा। हाल ही में वाणिज्य सचिव ने एक बयान में कहा है कि इस साल तक व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बन सकती है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर 10 दिसंबर से बातचीत शुरू होगी। यह बातचीत तीन दिन चलेगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए इस बातचीत को अहम माना जा रहा है। दोनों पक्षों की बातचीत 12 दिसंबर तक चलेगी और अभी यह बातचीत का औपचारिक राउंड नहीं है।अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए दिल्ली आएगा और उसका नेतृत्व अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर करेंगे। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिकी अधिकारियों का व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए यह दूसरा भारत दौरा होगा। इससे पहले 16 सितंबर को अमेरिकी अधिकारियों ने भारत का दौरा किया था। इसके बाद 22 सितंबर को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक दल अमेरिका गया था। इससे पहले मई में भी पीयूष गोयल अमेरिका दौरे पर थे। हाल ही में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि अमेरिका के साथ इस साल ही व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बन जाएगी।

# बब्बर खालसा की फंडिंग रोकने के लिए ब्रिटेन ने लगाए कड़े प्रतिबंध



**लंदन।** यूके सरकार ने खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठन बब्बर खालसा की फंडिंग रोकने के लिए पहली बार बड़ी कार्रवाई करते हुए संपत्ति फ्रीज की और गुरप्रीत सिंह रेहल पर डायरेक्टर डिसक्वालिफिकेशन लगाया। यूनाइटेड किंगडम ने खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठन बब्बर खालसा की फंडिंग को रोकने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। ब्रिटिश सरकार ने पहली बार इस संगठन के खिलाफ कठोर संपत्ति फ्रीज और वित्तीय प्रतिबंध लागू किए हैं। यह कदम भारत में सक्रिय खालिस्तानी संगठनों की वैश्विक गतिविधियों पर प्रहार माना जा रहा है। सरकार ने गुरप्रीत सिंह रेहल पर भी कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्तियां फ्रीज कर दी हैं और उन्हें किसी भी ब्रिटिश कंपनी में डायरेक्टर बनने या प्रबंधन का हिस्सा बनने से प्रतिबंधित कर दिया है। यूके ट्रेजरी के अनुसार रेहल पर भारत में सक्रिय आतंकी संगठनों के लिए फंडिंग जुटाने और हथियार खरीदने जैसी गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है। इसके साथ ही, यूके ने बब्बर अकाली लहर की संपत्तियों को भी सीज कर दिया है, जिसे बब्बर खालसा की गतिविधियों को बढ़ावा देने और भर्ती अभियान चलाने में शामिल पाया गया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अनुसार रेहल और बब्बर अकाली लहर दोनों संगठनों ने आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने, नए सदस्यों की भर्ती करने, वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराने और हथियार व सैन्य सामग्री की खरीद में सक्रिय भूमिका निभाई। इन्हीं गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दोनों पर तुरंत प्रभाव से आर्थिक और प्रशासनिक प्रतिबंध लागू किए गए, ताकि उनकी फंडिंग और संचालन को रोका जा सके। यूके की आर्थिक सचिव लूसी रिग्बी ने कहा हम चुप नहीं बैठेंगे जब आतंकवादी ब्रिटेन की आर्थिक व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। यह ऐतिहासिक कार्रवाई दिखाती है कि हम आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार हैं। यूके शांति और सौहार्द में विश्वास रखने वाले लोगों के साथ खड़ा है।

## अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर सख्ती बढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिनियापोलिस में फेडरल एजेंट्स ने अवैध इमिग्रेंट्स पर छापेमारी कर 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें छह मेक्सिकन, पांच सोमाली और एक एल साल्वाडोर नागरिक शामिल हैं। अभियान मुख्य रूप से सोमाली समुदाय को निशाना बनाने के लिए शुरू किया गया था, लेकिन आधे से कम गिरफ्तारियां सोमाली नागरिकों की हुईं। अमेरिका के मिनियापोलिस में फेडरल एजेंट्स ने इस सप्ताह अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई का मुख्य लक्ष्य सोमाली समुदाय के अवैध प्रवासियों पर था, लेकिन गिरफ्तार लोगों में केवल पांच सोमाली थे। बाकी में छह मेक्सिकन और एक एल साल्वाडोर का नागरिक था। बता दें कि मिनियापोलिस-सेन्ट पॉल क्षेत्र में अमेरिका की सबसे बड़ी सोमाली समुदाय रहती है।

# न्यूयॉर्क में घर में आग लगने के बाद भारतीय छात्रा की मौत




**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के अल्बानी में घर में आग लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हुई 24 वर्षीय भारतीय छात्रा सहज रेड्डी उदुमाला की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने उनके निधन पर दुख जताया है और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। अमेरिका में भारत की एक छात्रा की मौत हो गई। घर में आग लगने के कारण छात्रा को गंभीर चोटें आई थीं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। सहज रेड्डी उदुमाला (24 वर्षीय) न्यूयॉर्क की राजधानी अल्बानी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थी। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उदुमाला की आकस्मिक मृत्यु से गहरा दुख हुआ।

दूतावास ने कहा, इस कठिन समय में हमारे विचार और हार्दिक संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। इसने यह भी कहा कि वह उदुमाला के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

अल्बानी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि उनके कर्मी और अल्बानी दमकल विभाग ने चार दिसंबर की सुबह घर में आग लगने की सूचना के बाद तत्काल प्रतिक्रिया दी थी। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे थे तो अधिकारियों और दमकल कर्मियों ने पाया कि घर पूरी तरह से आग में जल रहा था और कई लोग अभी भी घर के अंदर थे। कर्मियों की टीमें घर के अंदर चार वयस्कों को ढूंढने में सफल हुए, जिन्हें आपात मेडिकल कर्मियों ने मौके पर उपचार दिया और फिर उन्हें गंभीर चोटों के उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इनमें से दो पीड़ितों को आगे के इलाज के लिए मेडिकल बर्न सेंटर में स्थानांतरित किया गया।

पुलिस विभाग ने कहा, दुर्भाग्यवश वयस्क पीड़ित महिला ने आग में लगी चोटों के कारण अपनी जान गंवा दी। परिवार को सूचना मिलने तक पुलिस ने पीड़िता का नाम सार्वजनिक नहीं किया। लेकिन मृतक को उनके परिवार ने उदुमाला के रूप में पहचान लिया। उदुमाला केचचेरा भाई रत्न गोपू ने अंतिम संस्कार, श्रद्धांजलि सभा, वापसी और परिवहन के इंतजाम और परिवार की सहायता व अतिरिक्त खर्चों के लिए पैसा जुटाने का अभियान शुरू किया है।

इस अभियान में गोपू ने कहा, हमारा परिवार एक अवर्णनीय त्रासदी का सामना कर रहा है, हमारी प्रिय चचेरी बहन सहज उदुमाला का एक भीषण अग्निकांड के बाद निधन हो गया। उन्होंने आगे कहा, सहज केवल 24 साल की थीं, एक मेहनती छात्रा थीं, जो न्यूयॉर्क के अल्बानी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थीं और भविष्य को लेकर सपनों और उम्मीदों से भरी हुई थी। गोपू ने कहा कि उदुमाला के शरीर के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में गंभीर रुप से झुलसने के निशान थे। उन्होंने कहा, उन्होंने पूरी ताकत के साथ संघर्ष किया। सभी चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई और आखिरक उनके अंग पूरी तरह विफल हो गए, जिससे उनकी आज सुबह मृत्यु हो गई।

## पहली बार ट्रंप-शीनबाम की मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम की महीनों से टलती पहली आमने-सामने मुलाकात अब 2026 वर्ल्ड कप ड्रॉ के बहाने हो रही है। इस मुलाकात का एजेंडा व्यापार और अमेरिकी टैरिफ से संबंधित हो सकता है। शीनबाम ऑटोमोबाइल, स्टील और एल्युमिनियम पर लगे भारी टैरिफ हटवाना चाहती हैं, जबकि ट्रंप भी इस मुलाकात को रणनीतिक नजर से देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम की लंबे समय से टलती आ रही पहली सीधी मुलाकात अब होने जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह बैठक इमिग्रेशन मुद्दे पर नहीं, बल्कि 2026 वर्ल्ड कप, व्यापार और टैरिफ जैसे विषयों पर केंद्रित है, जबकि ट्रंप का सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा ही अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर कड़ी कार्रवाई है।

# नेशनल गार्ड की तैनाती को लेकर घिरे राष्ट्रपति ट्रंप

**तैनात**

**अमेरिका के एक संघीय जज ने शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले पर सवाल उठाए।**



**वॉशिंगटन।** कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर ट्रंप घिर गए हैं। एक संघीय जज ने इसे लेकर राष्ट्रपति ट्रंप की आलोचना की और नेशनल गार्ड्स की तैनाती को अवैध करार दिया।

अमेरिका के एक संघीय जज ने शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले पर सवाल उठाए। ट्रंप प्रशासन ने पहले लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती की और इसे लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हुए। सैन फ्रांसिस्को में सुनवाई के दौरान यूएस डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स ब्रेयर ने सवाल किया कि क्या प्रशासन संघीय कानून की आड़ में हमेशा के लिए स्टेट गार्ड्स को नियंत्रित कर सकती है।

जज ने कहा कोई संकट हमेशा नहीं रहता। मेरा मानना है कि अनुभव हमें सिखाते हैं कि संकट आते-जाते रहते हैं और ऐसा ही चलता है। जज ने संघीय सरकार के अटॉर्नी से पूछा कि क्या ऐसा कोई सबूत है, जिससे साबित हो कि राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं या संघीय लोगों और संघीय संपत्ति की सुरक्षा नहीं कर सकती गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया में हजारों नेशनल गार्ड्स की तैनाती की है।

कैलिफोर्निया प्रशासन ने अदालत से अपील की कि राज्य में तैनात नेशनल गार्ड्स का नियंत्रण अब राज्य सरकार को सौंपा जाए, लेकिन अदालत ने फिलहाल ऐसा करने से इनकार कर दिया, लेकिन जज ने कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड्स की तैनाती को अवैध करार दिया है।

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा ने कहा, नेशनल गार्ड राष्ट्रपति की कोई निजी आर्मी नहीं है, जिसे वे जहां चाहे, वहां तैनात कर दें और उसकी कोई वजह भी न बताएं। अप्रवासन कार्रवाई का विरोध होने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया में चार हजार से ज्यादा नेशनल गार्ड्स की तैनाती की थी। हालांकि अब उनकी संख्या घटकर करीब 100 ही रह गई है। न्याय विभाग के अटॉर्नी एरिक हैमिल्टन ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती के राष्ट्रपति के अधिकार का बचाव किया और कहा कि संघीय कानून राष्ट्रपति जब तक जरूरी समझें, तब तक उन्हें स्टेट गार्ड सैनिकों पर कंट्रोल बढ़ाने की पावर देता है।

उन्होंने कहा कि लॉस एंजिलिस में बचे हुए सैनिक इमिग्रेशन एजेंटों को सुरक्षा दे रहे थे। हैमिल्टन ने कहा कि कोर्ट के पास यह रिव्यू करने का अधिकार नहीं है कि राष्ट्रपति नेशनल गार्ड मिशन को कैसे मैनेज करते हैं, लेकिन अगर वह कर भी सकता, तो उसे लॉस एंजिलिस में हुई हिंसा पर भी विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, हम इस साल जून में लॉस एंजिल्स में जो हुआ, उसे नजरअंदाज़ नहीं कर सकते। ट्रंप का कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड्स की तैनाती दशकों में पहली बार है, जब किसी राज्य में नेशनल गार्ड्स को उसके गवर्नर के अनुरोध के बिना एक्टिवेट किया गया था।

# चमन सीमा पर पाकिस्तान-अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगान सुरक्षा बलों के बीच चमन सीमा पर शुक्रवार रात से भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन लोग घायल हुए। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दोनों पक्षों ने एक बार फिर एक-दूसरे पर हमले का आरोप लगाया है। पाकिस्तान और अफगान के सुरक्षा बलों के बीच चमन सीमा पर भारी गोलीबारी हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई है।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ घायलों को चमन के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर शुक्रवार देर रात से बलूचिस्तान प्रांत में सीमा पार हुई इस झड़प को भड़काने का आरोप लगाया। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि अफगान बलों ने बदानी क्षेत्र में मोर्टार गोले दागे। वहीं अफगान तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया कि हमला पाकिस्तान ने किया और उनके सैनिकों ने केवल जवाब में गोलाबारी की। पाकिस्तानी अधिकारियों ने डॉन अखबार को बताया कि पाकिस्तानी बलों ने अफगान आक्रामकता का जवाब देते हुए पलटवार किया।

चमन-कंधार राजमार्ग पर भी झड़पें होने की खबर है। लेकिन इसकी तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी है। क्वेटा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पुष्टि की कि गोलीबारी रात करीब दस बजे शुरू हुई और देर रात चलती रही।

चमन जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि तीन घायलों को अस्पताल लाया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) और विदेश मंत्रालय की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। चमन सीमा को फ्रेंडशिप गेट के नाम से भी जाना जाता है। यह बलूचिस्तान प्रांत को अफगानिस्तान के कंधार से जोड़ता है।

# देश के विकास के लिए सबसे जरूरी है शिक्षा: डॉ. विनोद

**अवधनामा संवाददाता**

**पीयू में मनाया गाय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर शनिवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से जुड़े शिक्षक विद्यार्थी, कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने हमारे संविधान में न केवल अधिकारों को समाहित किया है, बल्कि कर्तव्यों का भी उल्लेख किया है। हमारा संविधान विश्व के सबसे सुंदर और प्रभावी दस्तावेजों में से एक है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब को श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है जब विद्यार्थी शिक्षित बनेंगे और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे, तभी सही मायने में देश का विकास संभव हो सकेगा।

विधि विभाग के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने और निभाने का संदेश देता है।

जनसंचार विभाग के डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि मीडिया की भूमिका लोकतंत्र में बेहद महत्वपूर्ण है। बाबा साहब के आदर्शों को सतत् जन-जन तक पहुँचाना जनसंचार का परम कर्तव्य है। हमें उनकी सोच को समकालीन संदर्भ में प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वहीं दहाड़ेगा।

रज्जू भैया संस्थान के डॉक्टर नितेश जायसवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज के युवाओं को बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाकर जीवन में न्याय, समानता



और स्वाभिमान के मार्ग पर चलना चाहिए। यह दिवस हमें उनके संघर्षों को स्मरण करा कर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर देता है। विधि विभाग के डॉ. अनुराग मिश्रा ने कहा कि संविधान के माध्यम से लोकतंत्र के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना बाबा साहब की सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमें इसका सम्मान करते हुए संविधान की भावना को स्थापित करना चाहिए।

फार्मेसी विभाग के डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक स्तंभ हैं। बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर हम हर क्षेत्र में समानता और न्याय सुनिश्चित कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के इस आयोजन में उपस्थित सभी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों और शिक्षाओं का अंगीकार करने तथा उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

विधि विभाग के डॉ. मंगला प्रसाद ने कहा कि अंबेडकर जी का स्पष्ट मानना था कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों की शिक्षा, समान अधिकार और आपसी भाईचारे पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा था– शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह संदेश आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

डॉ. राजित राम सोनकर ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि उनके सिद्धांतों को केवल स्मरण ही न करें, बल्कि अपने व्यवहार और कार्यों में उतारें। समाज में सौहार्द, संवेदनशीलता, और मानवता की भावना को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अक्षय प्रताप, अंकुल सोनकर, गौरव कुंद्रा ने परीक्षा नियंत्रक को बाबा साहेब का चित्र भेंट किया। संचालन गौरव कुंद्रा और धन्यवाद ज्ञापन अजीत राव ने किया। समारोह के बाद परीक्षा नियंत्रक और शिक्षकों ने अंबेडकर प्रतिमा परिसर में पौधरोपण किया। समारोह में प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. मनोज पांडेय, डा. दिनेश सिंह, श्रीप्रकाश यादव, जीशान अली, अंकित कुमार, राहुल राय, करूणा निराला, मोनू कुमार, दीपू गौतम, वीरू गौतम ,शिवम् कुमार, शुभम गौतम , मूल चंद गौतम, शिवांगी गौतम, नीतिश कुमार, बबिता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

## नशे में धुत ऑटो चालक ने बीडीओ की बोलेरो में मारी टक्कर

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार और बेकाबू ऑटो ने एक बोलेरो गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ऑटो सड़क पर पलट गया और उसके शीशे टूट गए। बताया जाता है? कि ऑटो चालक तेज गति से वाहन चला रहा था और अचानक नियंत्रण खो बैठा। उसी दौरान सड़क से गुजर रही बोलेरो उसकी चपेट में आ गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में शामिल बोलेरो गाड़ी ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर धनुपुर, हंडिया, डॉ. कंचन यादव की थी। गनीमत रही कि वह इस हादसे में बाल-बाल बच गई।

# स्व. रमाशंकर तिवारी के निधन पर समाजसेवियों ने दीं श्रद्धांजलि



**जौनपुर (बदलापुर)** क्षेत्र के औचक बुढ़नेपुर गांव निवास प्रोफेसर आर एन त्रिपाठी पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग के निवास पर उनके चाचा स्वर्गीय रमाशंकर तिवारी के त्रयोदशाह पर क्षेत्र ही नही प्रदेश और जनपद के वरिष्ठ जन शिक्षा तथा राजनेता से जुड़े लोगों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना प्रकट की गई वहीं त्रिपाठी ने बताया कि हमारे चाचा संघर्ष, स्वाभिमान जिनका जीवन था जो बचपन से आज तक हम सबकी प्रगति और प्रज्ञा के प्रबल प्रेरणादायक रहे यह मेरे जीवन आराध्य थे और एक झटके में मेरे जीवन बचाने के सारे प्रयासों को निष्फल करते हुए हम सब को छोड़कर देवलोक की अनंत यात्रा पर चले गए बच गई उनकी स्मृति उनकी वाणी और उनके द्वारा प्रशंसा और उत्साह के शब्द अब वही सहारा है हम सबके लिए। इस मौके पर श्रीपति उपाध्याय पूर्व ब्लाक प्रमुख, डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र प्राचार्य, रामकृष्ण त्रिपाठी, रामदयाल द्विवेदी, अजय त्रिपाठी, समर बहादुर सिंह, विनय सिंह, रणविजय सिंह, पारसनाथ उपाध्याय, अमित पाण्डेय, तथा हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे वही आए हुए सभी आगंतुकों का आदर सत्कार घर के सभी लोग जिसमें प्रो. हरिओम त्रिपाठी, सच्चिदानंद त्रिपाठी शैलेश त्रिपाठी, आशुतोष, कृष्णानंद सब्यसाची लगे रहे।

## तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के निर्देश के क्रम में जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसी क्रम में तहसील मछलीशहर के सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पैमाइश, पथरगड्डी, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत बढ़ी हुई इन्यूमरेशन अवधि 11 दिसंबर 2025 तक सभी लोगों से गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को देने की अपील की जिससे लोकतंत्र के महापर्व में सभी की सहभागिता सुनिश्चित कराई जा सके।

## ठंड से बचाव हेतु बनाए गए रैन बसेरा स्थल का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आज आदर्श नगर पंचायत जीयनपुर में ठंड से बचाव हेतु बनाए गए रैन बसेरा स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जीयनपुर को निर्देश दिया कि बेडशीट साफ एवं सूती कपड़े का रखें।उन्होंने कहा कि तकिया,कंबल, गद्दे की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल कोटेशन लेकर आवश्यक सामानों की खरीदारी सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन खरीदारी में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि रैन बसेरे में गर्म पानी एवं अलाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में एक कर्मचारी की तैनाती सुनिश्चित करें, जो अपनी आई कार्ड के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यदि कोई केयरटेकर रखा जाता है तो वह भी अपने आई कार्ड के साथ रेन बसेरा स्थल पर उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जीयनपुर ने जिलाधिकारी महोदय को आश्वासत किया कि दो से तीन दिन के अंदर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं, उसको पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार, उप जिला अधिकारी सगड़ी, तहसीलदार, बीडीओ आदि उपस्थित रहे।



# गौशाला की क्षमता में वृद्धि कर अधिक पशुओं को संरक्षित करें

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आज तहसील सगड़ी स्थित आदर्श नगर पंचायत जीयनपुर के गौ आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि गौ आश्रय स्थल में जमीन की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए इसकी क्षमता में वृद्धि की जाए तथा कम से कम 50 अतिरिक्त गोवंश के संरक्षण की व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ठंड को देखते हुए पशुओं के लिए अतिरिक्त टीन शेड सेट बनाया जाए तथा तिरपाल से उसको कवर्ड भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा अलाव जलाते समय केयर टेकर या अन्य कोई कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जिला अधिकारी ने भूसा भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया, जिसमें पर्याप्त मात्रा



में भूसे की उपलब्धता पाई गई। गौ आश्रय परिसर का निरीक्षण करने के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर रखे गए निष्प्रयोज्य सामानों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस समय यहां पर 14 गोवंश संरक्षित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसकी क्षमता की वृद्धि करते हुए कम से कम 50 गोवंश के संरक्षण के लिए व्यवस्था बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थल में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा एवं पानी की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरे चारे की बुवाई भी समय से सुनिश्चित कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करता है, खेल: बीएसए

**शाहगंज में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, जीते पुरस्कार**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** ब्लाक स्तरीय वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता स्थान पू0 मा0 विद्यालय पोरईकला, शाहगंज मे हुई। जिसमें परिषदीय स्कूलों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जोश के साथ दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो सहित खेलकूद में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर और फीता काट कर व हरी झंडी दिखाकर किया। अतिथियों को बुके प्रदान कर, बैच लगाकर व कैप लगाकर स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज बसन्त कुमार शुक्ल ने अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर व स्मृति चिन्ह प्रदान



कर सम्मानित किया। गणेश मंत्र वंदना, स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम पू0मा0 वि गुरैनी, प्रा0वि0 गोरारी व प्रा0वि0 धौरइल की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और सहयोग की भावना भी विकसित करता हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करना रहा।

लोगों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज बसन्त कुमार शुक्ल ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के साथ उनके सर्वांगीण विकास में खेल-कूद का बहुत योगदान है। इससे हार-जीत को स्वीकार करना, और नई प्रतिभाओं की पहचान होती है। प्राथमिक व जूनियर स्कूलों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल-कूद स्पर्धा में हिस्सा लिया, न्याय पंचायत स्तर की टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर दौड़ बालक में अमी यादव बरंगी प्रथम, ज़ीशान रानीमऊ द्वितीय, अनुराग बड़ऊर तृतीय, बालिका वर्ग में आरोही बरंगी प्रथम, डिम्पल मेहरांवा द्वितीय, करीना बड़ऊर तृतीय, 100 मीटर दौड़ प्राथमिक बालक वर्ग मेंद रविकांत सबरहद प्रथम, फरहान खलीलपुर द्वितीय, श्रेयांश बड़ऊर तृतीय, बालिका वर्ग में अंशिका रूधौली प्रथम, गोल्डी बड़ऊर द्वितीय, लक्ष्मी खलीलपुर तृतीय रहे। कबड्डी में प्राथमिक बालक वर्ग और बालिका वर्ग में पीएम श्री कयार प्रथम, रुदौली द्वितीय, कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में रहें। खो-खो जूनियर बालिका वर्ग में पू0मा0वि0 मुड़ेला प्रथम, पीएम श्री वि0 कयार द्वितीय रहे। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता रेफरी व्यायाम शिक्षक अरुणेश कुमार यादव रहें। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में आशीष सिंह, सूर्य प्रकाश प्रजापति, वीरेंद्र यादव, राजेश निषाद, शैलेन्द्र सिंह, सुभाष, राम बहाल, सूर्य प्रकाश रहें। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि यादव, नोडल अशोक मौर्य, वीरेंद्र कुमार, अशोक सोनकर, अभिषेक सिंह, शजल सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, विन्ध्वासिनी उपाध्याय, ओम प्रकाश वर्मा, जीतेन्द्र गुप्ता, ज्योति श्रीवास्तव, शिवानी मौर्या, मोहम्मद खालिद, राजबहादुर यादव, रुपेश सिंह, पंकज सिंह, वीरेंद्र यादव देवमणि त्रिपाठी, ध्रुवराज योगी, नेम चन्द्र, प्रमोद शुक्ला, अनिल चौधरी आदि सहित शिक्षक, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# डॉ. अंबेडकर एक महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद और अर्थशास्त्री थे



**डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भटौरा में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंबेडकर प्रतिमा के प्रांगण में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। डॉ. अंबेडकर को दलितों के मसीहा के रूप में जाना जाता है। वे एक महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद और अर्थशास्त्री थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों के उत्थान और मानवों व कानून के समक्ष समानता स्थापित करने के लिए समर्पित कर दिया था। मुबारकपुर विधायक अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि समाजवादियों ने बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने पिछड़े, दलितों और मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के लिए 'SIR' को हथियार बनाया है। विधायक अखिलेश यादव ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी अपने लोगों के वोट की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और 11 दिसंबर तक 'SIR' से संबंधित कार्यों पर ही ध्यान केंद्रित करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश गौतम ने की, जबकि संचालन बहादुर यादव ने किया। इस अवसर पर राजेश राम प्रधान, वीरेंद्र यादव पूर्व महाप्रधान, लालचंद यादव, सिकंदर चौधरी, राधेश्याम भारती, हरिश्चंद्र राम, कैलाश पासवान, रामलाल राम, रामसमुझ विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, रामजीत यादव, बहादुर राम, वीरेंद्र चौहान, प्रेमचंद गौतम और रमेश गोंड सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस का टैलेंट हंट कार्यक्रम आज

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मीडिया एवं संचार विभाग की ओर से टैलेंट हंट कार्यक्रम के माध्यम से जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा। इसके लिए आवेदन दो महीने पहले हो चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी और राष्ट्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के चयन के लिए टैलेंट हंट कार्यक्रम चलाया है, जिसके माध्यम से राजनीतिक और गैर राजनीति से जुड़े प्रतिभावान लोगों को पार्टी में जिम्मेदारी मिलेगी। टैलेंट हंट कार्यक्रम के प्रयागराज मंडल के प्रभारी प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया की कांग्रेस के नए पदाधिकारियों के लिए साक्षात्कार रविवार सात दिसंबर को जीरो रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय प्रातः दस बजे रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष हिन्दवी सहित संजीव सिंह पदाधिकारियों की टीम टैलेंट हंट कार्यक्रम में चिह्नित किए गए युवा नेताओं का साक्षात्कार लेगी। कार्यक्रम में प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ के लोग शामिल होंगे। कहा की इसके अलावा कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी, यमुनापार अध्यक्ष अशोक पटेल, गंगापार अध्यक्ष अशफाक अहमद सहित प्रदेश पदाधिकारी मुकुंद तिवारी और हरिकेश त्रिपाठी मौजूद रहेंगे।

# एसआरएन अस्पताल में बच्चे की मौत पर हंगामा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में एक 5 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए और शनिवार सुबह एमजी रोड पर जाम लगा दिया। बच्चे के पिता का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनके बेटे की जान चली गई और अस्पताल ने शव भी उपलब्ध नहीं कराया। गुस्साए परिजन सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने लगे,जिसके चलते काफी लम्बा जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस और अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजन बच्चे का शव तत्काल सौंपने और संबंधित अस्पतालकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यमुनापार के अमिलिया गांव में रहने वाले गुड्डू ने बताया कि उसने अपने बेटे वंश को 30 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया था। बच्चा छत से सरपत का गट्ठर नीचे फेंक रहा था तभी पास से निकले तार से करंट लग गया।



उसे इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका आरोप है कि शनिवार सुबह जब उन्होंने डॉक्टरों को बुलाया, तो डॉक्टरों ने देरी की और बाद में बच्चे के सीने पर दबाव डालते हुए बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। इसके बाद उन्हें अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया। डीसीपी सिटी प्रयागराज मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि जाम खोलवा दिया गया है और परिजनों से बातचीत जारी है। यदि परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए तैयार नहीं होते हैं,तो सहमति के बाद नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर बिजली पोल बदलने के निर्देश



**मंत्री जयवीर सिंह की जनसुनवाई, समस्याएं सुनी गई**

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जन-समस्याएं सुनने के दौरान जब पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख नसीरपुर नि. भानू चौहान ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गांव के अंदर की सड़क पर हाई-टेंशन लाइन का सीमेंट का विद्युत पोल जो औंछा फीडर से सबद्ध है तथा जर्जर हालत है, जो कभी भी गिर सकता है, कई बार उप खंड अधिकारी, अवर अभियंता से जर्जर पोल को बदलने की कह चुके हैं लेकिन अभी तक पोल बदला नहीं गया है, पोल गिरने से कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, जिस पर उन्होने मौके पर उपस्थित विद्युत विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुये कहा कि तत्काल जर्जर पोल को बदला जाये। उन्होने अधीक्षण अभियंता से कहा कि जनपद में जहां भी विद्युत पोल जर्जर अवस्था में हैं, विद्युत लाइन के तार ढीले हैं उन्हें प्राथमिता पर ठीक कराया जाये, नवीन शासनादेश के क्रम में 05 परिवारों के बसावट वाले मजरे, नगले, मोहल्लों का चिन्हांकन, सर्वे कराकर कार्य योजना तैयार कर वहां भी विद्युतीकरण कराया जाये, सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी बसावट अविद्युतीकृत न रहे, प्रत्येक घर तक लाइट पहुॅचे। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग की कार्यशैली से किसी भी उपभोक्ता को असुविधा न हो, उपभोक्तओं को समय से सही बिल उपलब्ध कराये जायें, विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही हो, विद्युत चोरी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाये, ओ.टी.एस. योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो, प्रत्येक बकाया उपभोक्ता तक योजना की जानकारी पहुंचे ताकि वह योजना का लाभ पाकर लाभान्वित हो सके, योजना में पहली बार शत-प्रतिशत सरचार्ज की छूट के साथ बकाया राशि में भी 25 प्रतिशत तक की छूट का प्राविधान किया गया है।

# परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर को कांग्रेसजनों का नमन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रख्यात समाज सुधारक, सामाजिक न्याय के अग्रदूत, भारतीय संविधान के शिल्पकार बोधिसत्व भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर कृतज्ञ नमन किया गया। अपराह्न हाई कोर्ट चौराहा स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर शहर अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी की अध्यक्षता में पार्टी एकत्र कांग्रेसजनों ने कहा कि वह आज भी दलित और वंचितों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। एक प्रखर व्यक्तित्व ज्ञान और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। हाशमी ने कहा कि वे निचले तबके के लोगों के लिए



जीवन भर बेखौफ और बेबाक हो न्याय की लड़ाई लड़ते रहे। पार्टीजनों का आवाहन किया के अंबेडकर के बताएं मार्गो पर चलें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष यमुनापार अशोक पटेल, किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, अनूप त्रिपाठी, अफ़रोज़ अहमद, राम मनोरथ सरोज, प्रतिमा त्रिपाठी, शाहनवाज़ कुरैशी, सचिन कुशवाहा, इश्तियाक अहमद, विकास चौधरी, मो. नसीम, कामेश्वर सोनकर, नसरीन बानो, अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# माघ मेले में पहली बार बन रहे हैं थीमेटिक पार्क

**महाकुंभ 2025 के नक्शे कदम पर माघ मेला 2026**

**माघ मेले में भारतीय संस्कृति और मूल्यों के साक्षी बनेंगे थीमेटिक पार्क**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार त्रिवेणी के तट पर हर साल माघ के महीने में लगने वाले देश के सबसे बड़े धार्मिक समागम माघ मेले को नव्य , दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान कर रही है। इस आयोजन में पर्यटन के विस्तार और भारतीय संस्कृति और मूल्यों को आगे ले जाने के लिए नव्य प्रयास किए जा रहे हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक प्रतीकों के साथ ज्ञान और मनोरंजन के संगम में इसकी अभिव्यक्ति होगी।

### वेंडिंग जोन के लिए तय किए गए मानक

**प्रयागराज।** त्रिवेणी के तट 3 जनवरी से लगने जा रहे माघ मेला 2026 के लिए प्रशासन व्यापक स्तर पर तैयारियाँ कर रहा है। एक महीने से चलने वाले इस आयोजन में आने वाले करोड़ो श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए वेंडिंग जोन की भी स्थापना हो रही है। इस वेंडिंग जोन में 120 दुकानों को स्थान मिलेगा। इसमें 5 दुकानें धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों से जुड़ी सामग्री या पुस्तकों के लिए आरक्षित होगी। जोन में हस्तशिल्प , कपड़े, गिफ्ट , गेम्स और फूड की दुकानें होंगी जिनका साइज 10 × 10 वर्ग फीट से ज्यादा नहीं होना चाहिए। लगने वाली मेला प्राधिकरण की तरफ से इसके लिए जो मानक और शर्ते तय की गई हैं उसमें इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि जोन में स्थापित दुकान में ऐसा कोई सामान नहीं विक्रय हेतु होना चाहिए जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला हो। दुकानों का लुक भी एस्थेटिक होना चाहिए।

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में संस्कृति ग्राम और शिवालय पार्क जैसे थीम-आधारित संरचनाएं दुनिया भर से आए पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आकर्षण बने। महाकुंभ के इसी आकर्षण को आगे बढ़ाएंगे पहली बार माघ मेला 2026 में अस्थाई रूप स्थापित होने वाले थीमेटिक पार्क।

मेला प्राधिकरण की तरफ से इन्हें स्थापित करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मेला क्षेत्र में 1,12,200 वर्ग फीट क्षेत्रफल में दो थीम पार्क और वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। इसके लिए 85 लाख बेस प्राइस रखी गई । इसके अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत स्थान पर माघ मेले में 100×100 वर्ग फीट में दो थीमेटिक पार्क का बनाए जाएंगे। माघ मेला अधिकारी और प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषि राज का कहना है कि माघ मेले और संगम की मुख्य थीम पर आधारित इन थीम पार्कों की अंतिम अवधारणा चयनित एजेंसी के साथ परामर्श के बाद तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा इस परियोजना के लिए अनुरोध पत्र जारी कर दिया गया है। थीमेटिक पार्क में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के बैठने का स्थान होगा। पार्क के निर्माण में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि इसके निर्माण से मेला क्षेत्र में पहले से स्थापित संरचना को कोई क्षति न पहुंचे।


## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा. सिविल जज सीनियर डिवीजन सहारनपुर

वाद सं. 2895 सन 2024 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा शाखा प्रबन्धक, ब्रांच रेलवे रोड, सहारनपुर (वादी)..... बनाम...1. मैसर्स लक्की दी हट्टी द्वारा प्रो0 सचिन जुनेजा पुत्र श्री रामकुमार नि0 लुहारा का गेट,रायवाला,सहारनपुर 2. श्री राजकुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश प्रो0 मैसर्स सोनू क्लॉथ हाऊस, लुहारा का गेट, रायवाला,सहारनपुर। प्रतिवादीगण.....हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि017-12-2025 ई010 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवाजात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है वास्ते इंफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस लाज़िम है उसी रोज़ जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जाएगा और फ़ैसला होगा। आज दि.6/12/25 को जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडि सहारनपुर**

# सर्वाधिक सौर कृषि पंप स्थापित कर महाराष्ट्र ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**लखनऊ।** महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने मात्र 30 दिनों में 45,911 ऑफ-ग्रिड सौर कृषि पंपों की सफल स्थापना कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस ऐतिहासिक पहल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्र्स में दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि महाराष्ट्र को भारत का सबसे तेज़ी से सौर कृषि प्रणालियाँ लागू करने वाला राज्य बनाती है तथा एक ही प्रशासनिक क्षेत्र द्वारा सौर पंप स्थापना के पैमाने और गति के मामले में विश्व स्तर पर चीन के बाद दूसरा स्थान दिलाती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और उनके परिवर्तनकारी पीएम-कुसुम पहल के तहत, महाराष्ट्र ने स्वच्छ और किसान-केंद्रित सिंचाई की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। एक महीने में, हमने राज्य भर में 45,911 से अधिक सौर पंप स्थापित किए हैं, जिससे महाराष्ट्र सौर कृषि के क्षेत्र में भारत का नंबर 1 राज्य बन गया है। यह उपलब्धि सिंचाई सुरक्षा सुनिश्चित करती है, उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाती है और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करती है। राज्य सरकार इस गति को और बढ़ाने तथा महाराष्ट्र के हर किसान के लिए एक अनुकूल, टिकाऊ और समृद्ध भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य वितरण कंपनी (महावितरण) को बधाई। लोकेश चंद्र, आईएएस, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एमएसईडीसीएल ने कहा, यह सफलता कुशल योजना निर्माण, पारदर्शी विक्रेता पैनलिंग और कटिबद्ध सेवा-स्तर अनुपालन के कारण संभव हुई है। प्रत्येक विक्रेता को किसानों की शिकायतें तीन दिनों के भीतर निपटाना अनिवार्य है, अन्यथा मामला कार्रवाई हेतु एमएसईडीसीएल तक पहुँचता है। राज्य सरकार ने नई कृषि कनेक्शन ऑफ-ग्रिड सौर पंपों के माध्यम से जारी करने की नीति अपनाई है, जिससे पूरी तरह सौर-आधारित

**उपलब्धि**

**एमएसईडीसीएल की परिचालन उत्कृष्टता और किसान-केंद्रित मॉडल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाया**




समाधान की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। हमारी पंप आकार नीति के अनुसारः 2.5 एकड़ तक 3 एचपी, 5 एकड़ तक 5 एचपी और बड़े खेतों के लिए 7 एचपी पंप दिए जाते हैं। इससे छोटे और सीमांत किसानों को न्यायसंगत वितरण और अधिकतम लाभ सुनिश्चित होता है। यह सफलता भारत में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने, किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने तथा पीएम-कुसुम (घटक- बी) एवं 'मागेल त्याला सौर कृषी पंप योजना' (एमटीएसकेपीवाई) के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से टिकाऊ सिंचाई को बढ़ावा देने के प्रति महावितरण (एमएसईडीसीएल) की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एमएसईडीसीएल की रिकॉर्ड स्थापना के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण एमएसईडीसीएल की परिचालन उत्कृष्टता और किसान-केंद्रित मॉडल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाया संरचित योजना और प्राथमिकता निर्धारण स्थापना प्रयासों को सूखा प्रभावित क्षेत्रों पर केंद्रित किया गया, ताकि सिंचाई पर अधिकतम प्रभाव और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। वेंडर जवाबदेहीः पारदर्शी पैनलिंग और सख्त सेवा-स्तरीय समझौतों के माध्यम से शिकायतों का समाधान तीन दिनों के भीतर किया गया, और अनसुलझी समस्याओं के लिए स्वचालित वृद्धि तंत्र लागू किया गया। तेज़ और बड़े पैमाने पर स्थापना कई स्थापना टीमों को जिलों में एक साथ तैनात किया गया, जिसमें पूर्व-संग्रहित पंप इन्वेंट्री और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम का समर्थन था।

किसान-केंद्रित कार्यान्वयनः पंप की क्षमता खेत के आकार के अनुसार निर्धारित की गई (2.5 एकड़ तक के लिए 3 एचपी, 5 एकड़ तक के लिए 5 एचपी, और बड़े खेतों के लिए 7 एचपी), साथ ही स्थापना, उपयोग और रखरखाव के लिए प्रत्यक्ष सहायता प्रदान की गई। नीति समन्वयः भविष्य में किसानों को विश्वसनीय और दिन के समय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऑफ-ग्रिड सौर पंप के माध्यम से कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इन पहलों के माध्यम से, एमएसईडीसीएल ने सौर सिंचाई स्थापना के लिए एक पैमाने योग्य और पुनरुत्पादित योग्य मॉडल स्थापित किया है, जो दिखाता है कि मजबूत सिस्टम, वास्तविक समय निगरानी और किसान-प्रथम कार्यान्वयन कैसे परिवर्तनकारी परिणाम ला सकते हैं।

# सरकार पर दबाव बनाने के आरोप में घिरी इंडिगो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले चार दिनों से भारी अव्यवस्था का सामना कर रही है। एक ओर उड़ानों का बड़े पैमाने पर रद्द होना और दूसरी ओर आसमान छूते किराए ने यात्रियों को परेशानी में डाल दिया है। एयरलाइन ने जिम्मेदारी नए एफडीटीएल (एफ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियमों पर डाली, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इंडिगो के पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था। इस कारण यह आरोप भी गंभीर हो गया है कि एयरलाइन ने नियमों में ढील पाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का रास्ता चुना। एविएशन विशेषज्ञों के अनुसार इस संकट की जड़ जनवरी 2024 में दायर उस याचिका में है जिसमें पायलट यूनियन ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने थकान और लम्बी ड्यूटी को गंभीर सुरक्षा जोखिम बताया था। कोर्ट के निर्देश के बाद डीजीसीए ने एफडीटीएल नियमों में बदलाव किए और इन्हें एक जुलाई 2025 से लागू कर दिया। इन नियमों ने पायलटों को साप्ताहिक 36 घंटे की बजाय 48 घंटे का अनिवार्य आराम दिया और किसी भी छुट्टी को वीकली रेस्ट मानने पर




रोक लगा दी। नवंबर 2025 में इनका दूसरा चरण लागू हुआ, जिसमें लगातार नाइट शिफ्ट पर कड़ी पाबंदियां लग गईं। इन्हीं बदलावों का असर इंडिगो पर सबसे अधिक पड़ा। 2 दिसंबर को दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानें अनियमित होना शुरू हुईं और ऑन-टाइम परफॉर्मेंस गिरकर 35त्न पर आ गया। 3 दिसंबर को यह स्थिति और बिगड़ी और ऑपरेशनल परफॉर्मेंस 19.7% तक गिर गया। 4 दिसंबर को हालात लगभग ठप हो गए। करीब 800 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और ओटीपी सिर्फ 8.5% पर रह गया। कई रूट्स पर टिकट का किराया 10,000 से बढ़कर 40,000 तक देखा गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के सूत्रों के अनुसार इंडिगो ने शुरुआती तीन दिनों में विभिन्न कारण बताए। लेकिन उसने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि नए एफडीटीएल नियमों को लागू करने के लिए उसके पास पर्याप्त पायलट और क्रू उपलब्ध नहीं थे। 4 दिसंबर को डीजीसीए के साथ बैठक के बाद एयरलाइन ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने क्रू रोस्टरिंग की जरूरतों का कम आकलन किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि एयरलाइन को नए स्टाफ की भर्ती के लिए 9 महीने का समय मिला था, लेकिन उसने पर्याप्त नियुक्तियां नहीं कीं। कई विशेषज्ञों ने आरोप लगाया है कि इंडिगो ने सरकार पर दबाव बनाने के लिए जानबूझकर उड़ानें प्रभावित होने दीं, ताकि सरकार एफडीटीएल नियमों में ढील देने के लिए मजबूर हो जाए।

## भारतकूल अध्याय 2 का आयोजन 12 से 14 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा

**नई दिल्ली।** भारतकूल, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धर्म के शाश्वत मूल्यों को उजागर करने की पहल है, जो अपनी भव्य सफलता के बाद अब भारतकूल अध्याय-2 के साथ लौट रहा है।भारत के भाव, राग और ताल का तीन दिवसीय महोत्सव भारतकूल 12 से 14 दिसंबर के बीच गुजरात यूनिवर्सिटी में किया जा रहा है इस तीन दिवसीय उत्सव का उद्देश्य कला, साहित्य, संगीत, सत्रों और अनुभवात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत, संरक्षित और प्रदर्शित करना है, जिसमें परंपरा और आधुनिक दृष्टिकोण का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। उत्सव में सत्र, काव्य सम्मेलनों, कावियत्री सम्मेलनों, ओस्मान मीर की संगीत रात्रि, लगभग 60 कलाकारों की चित्रकला और शिल्पकला प्रदर्शनी शामिल हैं। यह कार्यक्रम दर्शकों को भारत की कलात्मक, साहित्यिक और आध्यात्मिक विरासत का गहन अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं। उत्सव का उद्घाटन गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल करेंगे। इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री श्री हर्ष संघवी, श्री ज्ञानवत्सल स्वामी और अन्य प्रतिष्ठि महानुभाव भी उपस्थित रहेंगे। प्रख्यात लेखक, कवि और वक्ताओं के सत्र पूरे उत्सव में आयोजित होंगे, जिनमें पद्मश्री कवि तुषार शुक्ल, भाग्येश झा, हास्य लेखक शहाबुद्दीन रठोड़, जय वसावड़ा, फिल्म लेखक निरन भट्ट, राम मोरी, जयेंद्रसिंह जादव, जगदीश त्रिवेदी और रामेश्वरबापू हरियाणी शामिल हैं। इसके अलावा लोकप्रिय गुजराती फिल्म 'लालो' की पूरी टीम भी उपस्थित रहेगी और दर्शकों के साथ संवाद करेगी। यह कार्यक्रम गुजरात मीडिया क्लब द्वारा आयोजित और गुजरात टूरिज्म द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है, इसके साथ मुख्य प्रायोजक अदानी, जीएमडीसी, जीआईडीसी, आरएआरयू, आरएचईटीएन और सह-प्रायोजक गुजरात साहित्य अकादमी और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात हैं। भारतकूल अध्याय-2 भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का एक विशेष अवसर साबित होगा, जो समुदायों को जोड़ने, नई पीढ़ी को प्रेरित करने और राष्ट्र की कलात्मक और आध्यात्मिक विरासत की गहरी सराहना बढ़ाने में सहायक होगा।

## अवध इंस्टीट्यूट में वार्षिकोत्सव 'जश्न-ए-अवध' का भव्य आयोजन

**लखनऊ।** अवध इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी एण्ड हास्पिटल का वार्षिकोत्सव जश्न-ए-अवध धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज परिसर में हुए समारोह में मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी थे। दानिश आजाद ने समारोह में स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के विजताओं और नर्सिंग, पैरामेडिकल और फार्मेसी के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। दानिश आजाद ने कहा कि हम शिक्षा के माध्यम से ऊंचा से ऊंचा मुकाम पा सकते हैं, इसलिए किसी भी दशा में हमे शिक्षित होना होगा। संस्थान के निदेशक शिबली दबीर ने बताया कि फार्मेसी द्वितीय वर्ष में टॉपर पठान गुलाम हैदर, दूसरे स्थान पर तहसीन फातिमा एवं तीसरी स्थान पर सुनील कुमार रहे। वहीं प्रथम वर्ष में पहली रैंक आशुतोष मौर्या, दूसरी रैंक कविशा एवं तीसरी रैंक साहिल हुसैन को मिली। बीएसएस नर्सिंग में सातवें सेमेस्टर में आंचल यादव, श्वेता शुक्ला, हार्षित पाण्डे, पांचवे सेमेस्टर में लखन कुमार, खुशी मिश्रा और अर्चना यादव, चतुर्थ सेमेस्टर में अंकिता यादव, विधि चौधरी, आशा वर्मा, द्वितीय सेमेस्टर में प्रिया पाल, यशु सिंह, अंशिका वर्मा, प्रथम सेमेस्टर में सूर्यांश, नसवनिता एवं श्वेता को क्रमशः पहली, दूसरी और तीसरी रैंक मिली। इसके अलावा समारोह में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन एवं फैशन की भरपूरी प्रस्तुतियां दी। समारोह में राज्य हज समिति सदस्य कमरुद्दीन जुगनू समेत संस्थान के सभी फैकल्टी सदस्य, छात्र-छात्राएं, अभिभावक मौजूद रहे।

## अमृता विश्व विद्यापीठम में पीएचडी एडमिशन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर



अमृता विश्व विद्यापीठम ने दिसंबर 2025 बैच के लिए पीएचडी प्रवेश (फेज़ 2) की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2025 तय की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी शोधार्थियों को 30,000 से 40,000 प्रतिमाह तक फेलोशिप दी जाएगी। इसके साथ ही शोध पत्र प्रकाशित करने, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने, ट्यूशन फीस में राहत और उन्नत प्रयोगशालाओं व शोध सुविधाओं का लाभ भी उपलब्ध होगा। संस्था हर वर्ष डॉक्टोरल रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए विशेष फंड भी जारी करती है। पीएचडी प्रोग्राम इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग, फिजिकल साइंसेज़, लाइफ साइंसेज़, मेडिकल साइंसेज़, सोशल साइंसेज़, ह्यूमैनिटीज़, कॉमर्स, एग्रीकल्चर, आर्किटेक्चर और मैनेजमेंट सहित कई विषयों में उपलब्ध हैं। प्रवेश अमरावती, अमृतपुरी, बेंगलुरु, कोयंबटूर, चेन्नई, फरीदाबाद, कोच्चि, मैसूरु और नागरकोइल—इन नौ कैम्पसों में लिए जाएंगे। आवेदन के लिए न्यूनतम 60% पोस्टग्रेजुएशन अंक आवश्यक हैं। NET/GATE/CSIR योग्यता वाले उम्मीदवारों को सीधे इंटरव्यू का मौका मिलेगा, जबकि अन्य अभ्यर्थियों को पहले लिखित परीक्षा, फिर इंटरव्यू से गुजरना होगा। अधिक जानकारी और आवेदन के लिए वेबसाइट देखेंः www.amrita.edu/phd या ईमेल करें: phd@amrita.edu

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर नृत्य, सम्मान व परंपरा का अद्भुत समन्वय

**लखनऊ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पार्षद पूजा जायसवानी विशिष्ट अतिथि डॉ मालविका हरिओम , सीमा जायसवानी, अलका जायसवानी आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह और हेमू चौरसिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संध्या का पहला आकर्षण क्रिएटिव डांस अकैडमी की निर्देशिका अर्पिता सिंह के संयोजन में प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रम रहा, जिसमें कला और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अविका, आरिका, विद्यांशी, अंशिका, वरा, भूमि, नेहल, समृद्धि, और वैष्णवी की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में रेयान मंच की ओर से प्रतिष्ठित रेयान अस्मिता सम्मान 2025 दिया गया। पिछले दस वर्षों



से प्रति वर्ष 24 उत्कृष्ट महिलाओं को यह सम्मान दिया जाता रहा है। विशेष रूप से गृहिणियों को समर्पित गृहिणी सम्मान, जो परिवार के लिए अपने करियर व शिक्षा का त्याग करने वाली महिलाओं को सम्मानित करता है, इस वर्ष मधु गुप्ता को प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मालविका हरिओम, विशिष्ट अतिथि ऐश्वर्या सिन्हा, अति विशिष्ट अतिथि रेयान सिन्हा तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. अनीता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। वर्ष 2025 में सम्मानित महिलाओं में विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, मधु श्रीवास्तव, मीना भारती, दीप्ति सिंह, अपर्णा तिवारी, नम्रता मिश्रा, नेहा तिवारी, प्रिया मित्तल, सरिता त्रिपाठी, शिखा श्रीवास्तव, तनूजा भट्ट, सुमन रावत, उपमा आर्य, युविका, मधु पाठक, बिंदु जैन और गृहिणी सम्मान से सम्मानित मधु गुप्ता शामिल रहीं। सभी को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में अद्विका तिवारी ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। लिरिक्स एकेडमी ऑफ म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में वैष्णवी, अक्षिता और रिधिमा ने गणेश वंदना पर नृत्य किया, जबकि सिद्धि ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी भजन प्रस्तुत किया। इसके अलावा अक्षिता, रिधिमा, वैष्णवी, प्रिशा, अश्वी, निहारिका और हिमांशी का समूह नृत्य तथा अंशू की अच्युतम केशवम प्रस्तुति विशेष सराहना का केंद्र रही। सोलो कलाकार अनोखी ने नगाड़े संग ढोल बाजे पर प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं।

कार्यक्रम में महोत्सव समिति के मोनालिसा, रोली जयसवाल, मनोज सिंह चौहान एवं विवेक सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संध्या का संचालन प्रदीप शुक्ला ने संयमित और प्रभावशाली शैली में किया।

## भारत का मीडिया-मनोरंजन बाजार 2029 तक 47 अरब डॉलर का होगा

**नई दिल्ली।** भारत का घरेलू मनोरंजन और मीडिया उद्योग 2029 तक बढ़कर 47.2 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो 2024 के 32.2 अरब डॉलर से लगभग 50% अधिक है। पीडब्ल्यूसी इंडिया के अनुसार, 7.8% की तेज़ CAGR वैश्विक औसत से दोगुनी है। डिजिटल भागीदारी, सस्ता ब्रॉडबैंड और ऑनलाइन कंटेंट की बढ़ती खपत इस उछाल के बड़े कारण हैं। घरेलू मनोरंजन और मीडिया उद्योग का आकार 2029 तक बढ़कर 47.2 अरब डॉलर होने का अनुमान है। 2024 में 32.2 अरब डॉलर था। आने वाले चार वर्षों में इसके 7.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान है जो कि वैश्विक औसत 4.2 प्रतिशत से दोगुना है। पीडब्लूसी इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि इस वृद्धि की वजह डिजिटल भागीदारी का बढ़ना और ब्रॉडबैंड की पहुंच में विस्तार होना व ऑनलाइन सामग्री की अधिक खपत होना है। इन कारकों से सभी फॉमेट्स में दर्शकों का व्यवहार बदल रहा है और प्लेटफॉर्म्स, विज्ञापनदाताओं और क्रिएटर्स के लिए अवसर पैदा हो रहे हैं।

इंटरनेट विज्ञापन सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट है। 2029 तक इसका आकार 15.9 प्रतिशत की दर से बढ़कर 13.06 अरब डॉलर होने का अनुमान है। 2024 में 6.25 अरब डॉलर पर था। ओवर-द-टॉप (ओटीटी) आधारित आय 2024 में 2.27 अरब डॉलर के बढ़कर 2029 में 3.47 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। इसे क्षेत्रीय सामग्री, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर मॉडल और बढ़ते ग्राहकों का सपोर्ट मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां टेक्नोलॉजी खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) असल में यह बदल रही है कि सामग्री कैसे बनाई और खोजी जाती है। उससे पैसे कमाए जाते हैं।

## रिकॉर्ड उछाल के साथ 96 कंपनियों ने जुटाए 1.60 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** बाजार के सालभर सपाट रहने के बावजूद 2024 में ढ्ढक्क बाजार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। अब तक 96 कंपनियां 1,60,705 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं, जो 2024 के पिछले रिकॉर्ड 1,59,783 करोड़ से अधिक है। दिसंबर में कुल जुटान 1.85 लाख करोड़ पहुंचने का अनुमान है।

बाजार के इस साल सपाट रहने के बावजूद 96 कंपनियों ने आईपीओ से रिकॉर्ड 1,60,705 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2024 में था। उस समय 91 कंपनियों ने 1,59,783 करोड़ रुपये जुटाए थे। यह आंकड़ा दिसंबर के अंत तक 1.85 लाख करोड़ के करीब पहुंच जाएगा। दिसंबर में 25,000 करोड़ रुपये जुटाने का अनुमान है। एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, 5 दिसंबर तक कुल 1,60,705 करोड़ रुपये कंपनियों ने जुटाए हैं। छोटी और मझोली कंपनियों के इश्यू को मिला दें तो आंकड़ा 1.68 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। इन कंपनियों ने भी 8,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड 11,000 करोड़ जुटाएगी। यह 10 दिसंबर के आस पास बाजार में उतर सकती है। 8 दिसंबर को कोरोना का 655 करोड़ और वेकफिट का 1,289 करोड़ का इश्यू खुलेगा। 10 दिसंबर को नेफ्रोकेयर का 871 करोड़ और पार्कमेडि का 920 करोड़ का आईपीओ आएगा। जुनिपर ग्रीन एनर्जी (3,000 करोड़) भी 10 दिसंबर के करीब उतरेगी। इनके अलावा फैक्टल एनालिटिक्स (4,900 करोड़), क्लीन मैक्स एनवायरो (5,200 करोड़) और इनोवेटिवव्यू इंडिया जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

## सोलिस ने पेश किया जेपी 975 ट्रैक्टर; उन्नत जेपी टेक इंजन और 15F+5R ट्रांसमिशन वाला भारत का पहला नई पीढ़ी का ट्रैक्टर प्लेटफ़ॉर्म

**लखनऊ।** भारत से नंबर 1 ट्रैक्टर एक्सपोर्ट ब्रांड इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आई टी एल) के प्रमुख ब्रांड सोलिस ने आज नए सोलिस जेपी 975 पेश करते हुए भारतीय कृषि में एक बड़ा कदम उठाया है। पूरी तरह से नए तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म पर विकसित जेपी 975 प्रगतिशील भारतीय किसानों के लिए उच्च प्रदर्शन, एप्लीकेशन अनुसार बने ट्रैक्टरों के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। भारत के विकसित किसान को सशक्त बनाने हेतु निर्मित सोलिस जेपी 975 बेजोड़ ऑपरेशन, बेहतरीन आराम और श्रेणी-प्रमुख फीचर के साथ खास तकनीकों द्वारा बना है जो विविध कृषि कार्यों में उच्च उत्पादकता सुनिश्चित करते हैं।




नए सोलिस जेपी 975 में उन्नत जेपी टेक, 4-सिलेंडर इंजन है, जो कड़ी परिस्थिति में ज़बरदस्त प्रदर्शन के लिए 10त्न तक ज़्यादा टॉर्क (205 एनएम) प्रदान करता है। इस ताकतवर और ईंधन-कुशल इंजन के साथ मिलता है इस सेगमेंट में भारत का पहला 15स्न + 5क्र एपिसाइक्लिक ट्रांसमिशन, साथ ही सुचारु संचालन के लिए साइड-शिफ्ट गियर हैं और हर प्रमुख एप्लीकेशन के लिए उपयुक्त न्यूनतम 5 स्पीड विकल्प भी। सोलिस जेपी 975 ट्रैक्टर का स्मार्ट शटल सिस्टम तेज़ और बिना झटके दिशा परिवर्तन सुनिश्चित करता है, जिससे खेत और लोडिंग के काम में ऑपरेटर की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। एक मज़बूत सीढ़ी-प्रकार का चेसिस, ट्रैक्टर में स्थिरता, कम कंपन और कम शोर सुनिश्चित करता है जो लंबे समय तक काम करने के लिए ज़रूरी है।

इस नयी पेशकश पर बोलते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, उन्नत सोलिस जेपी 975 भारतीय किसानों तक अगली पीढ़ी की ट्रैक्टर तकनीक पहुँचाने के हमारे मिशन में एक ऐतिहासिक कदम है। जेपी 975 हमारी पूरी तरह से नई जेपी सीरीज़ का पहला मॉडल है, जिसे भविष्य के लिए तैयार एक नए प्लेटफ़ॉर्म पर डिज़ाइन किया गया है जो प्रगतिशील भारतीय किसानों की बदलती ज़रूरतों के साथ इंटेलीजेंट इंजीनियरिंग को एकीकृत करता है।

ताकतवर जेपी टेक, 4-सिलेंडर इंजन और अपनी श्रेणी में भारत के पहले 15स्न+5क्र ट्रांसमिशन के साथ, जेपी 975 पॉवर, आराम और एप्लीकेशन उपयोगिता में नया मानक स्थापित करता है। अगले 12 महीनों में, हम अपने कृषक समुदाय के लिए बेहतर दक्षता और उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए इस प्लेटफ़ॉर्म पर निर्मित उन्नत ट्रैक्टरों की नई सीरीज़ भी पेश करेंगे।

# इसूज़ु मोटर्स इंडिया ने देश भर में 'इसूज़ु आई-केयर विंटर कैम्प'की घोषणा की




**लखनऊ।** उपभोक्तओं को वाहनों की खरीद का उत्कृष्ट अनुभव एवं सर्वश्रेष्ठ सर्विस उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए इसूज़ु मोटर्स इंडिया अपनी इसूज़ु डी-मैक्स पिक-अप्स एवं एसयूवी रेंज के लिए देश भर में 'इसूज़ु आई-केयर विंटर कैम्प' का आयोजन करने जा रही है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य उपभोक्ताओं को प्रीवेन्टिव मेंटेनेन्स चैक एवं आकर्षक फायदों का लाभ प्रदान करना है, ताकि वे सर्दियों

के इस सीज़न निर्बाध ड्राइविंग का अनुभव पा सकें।

'इसूज़ु केयर' की पहल, इस विंटर कैम्प का आयोजन 8 से 13 दिसम्बर 2025 (दोनों दिन शामिल) के बीच इसूज़ु के सभी ऑथोराइज़्ड डीलर सर्विस आउटलेट्स में किया जाएगा। इस अवधि के दौरान उपभोक्ता अपने

वाहनों के लिए स्पेशल ऑफर्स एवं फायदों का लाभ उठा सकेंगे।

कैम्प में आने वाले उपभोक्ताओं को निम्नलिखित फायदे मिलेंगेः- निःशुल्क 'रीजेन' छत्रपति संभाजी नगर, चेन्नई, चिक्कमगलुरु, कोयंबटूर, दिल्ली, डिब्रूगढ़, दीमापुर, दुर्गापुर, एर्नाकुलम, गांधीधाम, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हावड़ा, हुबली, हैदराबाद, इंदौर (2), जयगांव, जयपुर, जलंधर, जम्मू, जोधपुर, कडप्पा, कालाबुरागी, करनाल, खम्मम, कोल्हापुर, कोलकाता, कोट्टायम, कुरनूल, लातूर, एलबी नगर (हैदराबाद), लेह, लखनऊ, लुधियाना, मदुरै, मंडी, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई (नेरुल और बोरीवली), मुंद्रा, मैसूर, नागपुर, नासिक, नेल्लोर, निज़ामाबाद, नोएडा, पटना, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, रत्नागिरी, सतारा, शिवमोग्गा, सीकर, सिलीगुड़ी, सोलापुर, सूरत, थेनी, त्रिशूर, तिरुनेलवेली, तिरुपति, त्रिची, तिरुवनंतपुरम, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित इसूज़ु की सभी ऑथोराइज़्ड सर्विस युनिट्स में होगा।

सर्विस बुकिंग के लिए उपभोक्ता इसूज़ु डीलर आउटलेट पर फोन कर सकते हैं या https://www.isuzu.in/servicebooking.html पर विज़िट कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1800 4199 188 पर संपर्क कर सकते हैं।

## भारत के लैक्मे को वैश्विक ब्रांड बनाने वाली सिमोन टाटा का निधन

**नई दिल्ली।** लैक्मे को भारत का सबसे लोकप्रिय और विश्वसनीय कॉस्मेटिक ब्रांड बनाने वाली दिग्गज बिजनेस लीडर सिमोन टाटा का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। लैक्मे को भारत का सबसे जाना-माना सौंदर्य ब्रांडों में से एक में बदलने वाली बिजनेस लीडर सिमोन टाटा का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सिमोन टाटा टाटा ट्रस्ट्स के अध्यक्ष नोएल टाटा की मां और टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा की सौतेली मां थीं। मुंबई में स्विट्जरलैंड के महावाणिज्य दूतावास ने अपने एक्स हैंडल पर यह खबर साझा की और लैक्मे ब्रांड को भारत की अग्रणी कॉस्मेटिक कंपनी बनाने में सिमोन टाटा के योगदान को याद किया।

उन्होंने लिखा, हम सिमोन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वह एक सचमुच निपुण महिला थीं जिनकी उपलब्धियों और गरिमा ने कई लोगों को प्रभावित किया। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ टाटा परिवार के साथ हैं।

स्विट्ज़रलैंड के महावाणिज्य दूतावास के अनुसार, सिमोन डुनोयर का जन्म 1930 में हुआ था और उनका पालन-पोषण जिनेवा में हुआ था। वह नवल एच टाटा से मिलने के बाद भारत में बस गईं।

1930 में जन्मी सिमोन डुनोयर, जिनेवा में पली-बढ़ीं। 1953 में एक पर्यटक के रूप में भारत में रहने के दौरान उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई और वे मुंबई में स्थायी रूप से बस गईं। 1962 में, वे लक्मे के बोर्ड में शामिल हुईं, जो उस समय टाटा ऑयल मिल्स की एक छोटी सहायक कंपनी थी। सिमोन ने लक्मे ब्रांड को भारत में अग्रणी कॉस्मेटिक कंपनी के रूप में विकसित किया, इसकी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाई और 1989 में उन्हें टाटा इंडस्ट्रीज के बोर्ड में नियुक्त किया गया।

# गर्भवती भाभी के पेट में चाकू घोंपकर देवर ने की हत्या, फरार

- पुलिस के जांच में अवैध संबंध का मामला सामने आया
- मृतका के दो छोटे छोटे बच्चे है, पति नासिक में काम करता है

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर कोठी गांव में घर में सो रही भाभी रिंकी देवी के पेट में चाकू घोंपकर देवर ने शुक्रवार की आधी रात को हत्या कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी देवर मौके से फरार हो गया। घटना के पीछे की वजह पुलिस की अभी तक की जांच में अवैध संबंध सामने आया है। महिला करीब छह माह की गर्भवती थी। उसका पति नासिक में रहकर काम करता है। इस घटना की जानकारी होने पर गांव वाले दंग रह गए, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। फरार आरोपी देवर की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।


मृतका रिंकी की फाइल फोटो


घटना स्थल पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी

विशुनपुरा के गांव बैकुंठपुर कोठी के इंद्रजीत मद्धेशिया किसान हैं। घर में चार बेटे सुनील, बृजकिशोर, टुनटुन व राजकुमार तथा बेटी प्रीति है। सुनील व बृजकिशोर की शादी हो चुकी है। सभी एक साथ रहते हैं। बृजकिशोर रोजगार के सिलसिले में नासिक में हैं। बताया जा रहा कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे घर का कामकाज कर बृजकिशोर की पत्नी रिंकी अपने कमरे में सोने गई। घर के लोग भी अपने-अपने कमरे में सो गए। आधा घंटा बाद रिंकी व टुनटुन में अचानक विवाद हो गया। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले टुनटुन ने रिंकी के पेट में चाकू घोंप दिया। चीख, पुकार सुनकर घरवाले पहुंचे तो रिंकी को खून से लथपथ देख सन्न रह गए। इंद्रजीत व राजकुमार निजी साधन से रिंकी को जिला अस्पताल ले गए। परीक्षण के पश्चात डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही दोनों वहां से फरार हो गए। अस्पताल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतका के पिता व क्षेत्र के ही बांसगांव खास के रहने वाले हरेंद्र को दी। स्वजन संग जिला अस्पताल पहुंचे हरेंद्र ने ससुराल वालों पर साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया। बताया कि पांच वर्ष पूर्व बेटी की शादी धूमधाम से की थी। दोनों से तीन वर्ष का पुत्र लक्ष्मी व दो वर्ष की पुत्री नित्या है। प्रभारी निरीक्षक आनंद गुप्ता ने बताया कि देवर भाभी में किस बात को लेकर विवाद हो गया इसकी जानकारी की जा रही है। जांच में दबे जुबान से अवैध संबंध का मामला सामने आ रहा है। फिर भी पुलिस हर पहलुओं से जांच कर रही है। मृतका के सास सुभावती व ननद प्रीति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि देवर फरार है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा।

## किसान कांग्रेस रैली निकाल सरकार को नींद से जगाने का प्रयास करेगी : कुंवर जितेंद्र प्रताप सिंह

**अवधनामा संवाददाता, बस्ती।** केंद्र सरकार की कुनीतियों के कारण देश में महंगाई तेजी से बढ़ी है और लोगों का जीवन- यापन कठिन हो गया है। घरों में जलने वाले चूल्हे अब महंगाई की आंच में जल रहे हैं जिससे पके हुए भोजन का स्वाद बेस्वाद हो गया है।



उक्त बातें किसान कांग्रेस के अध्यक्ष कुंवर जितेंद्र प्रताप सिंह ने एक मुलाकात में कहीं । उन्होंने कहा कि किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा और नहरों में पानी नहीं है। जिससे किसान को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस 14 दिसंबर को इन्हीं सब मुद्दों।को लेकर रैली निकाल कर केंद्र प्रदेश सरकार को नींद से जगाने का प्रयास करेगी। रैली के सफल आयोजन के लिए आज एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें सभी किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

# चयन वेतनमान की प्रक्रिया लंबित रहने से शिक्षकों में रोष, सौंपा ज्ञापन

- सेवा पुस्तिकाओं के अपडेट न होने से प्रक्रिया अटकी
- समय सीमा में निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** राष्टीय शैक्षिक महासंघ ब्लाक इकाई दुदही के शिक्षकों ने चयन वेतनमान की लंबित प्रक्रिया पर गंभीर रोष व्यक्त करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रीता गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की कि 29 हजार व 72 हजार भर्ती के पात्र शिक्षकों का चयन वेतनमान समयबद्ध रूप से लागू किया जाए, अन्यथा शिक्षक वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

ब्लाक संयोजक उदय सिंह की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि सितंबर 2015 की 29000 भर्ती और नवंबर 2015 की 72825 भर्ती के शिक्षकों के दस वर्ष पूर्ण होने के बावजूद चयन वेतनमान अब तक स्वीकृत नहीं हो सका है। शासन ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु ऑनलाइन प्रणाली लागू की है, जिसके तहत बीईओ कार्यालय को प्रत्येक शिक्षक की सेवा पुस्तिका अपडेट कर चयन वेतनमान की पत्रावली ऑनलाइन बीएसए कार्यालय भेजनी है। लेकिन दुदही ब्लॉक से अब तक एक भी पत्रावली प्रेषित नहीं की गई है, जिससे शिक्षक वर्ग अनावश्यक रूप से प्रभावित है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित अवधि में आवश्यक कार्यवाही पूरी नहीं की गई, तो बीईओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन होगा।


दुदही बीईओ रीता गुप्ता को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

जिला मंत्री आशीष मिश्र, रवि गुप्ता, सिद्धार्थ यादव, धर्मेंद्र यादव, नीरज मौर्य, प्रशांत भारती, मनोहर पटेल, सुनील कुमार, शिवशंकर तिवारी, रजनीश गुप्ता, गगन राय, रवि आर्य, विनोद गौतम, अमरनाथ सिंह, अमरनाथ मौर्य, परमहंस कुमार, उमेश सिंह, सिकंदर यादव आदि उपस्थित रहे।

# एसआईआर का शत प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

- तहसील सभागार में एसडीएम व बीईओ ने दिया प्रशस्ति पत्र

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** विकास खंड दुदही के चार बीएलओ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर शनिवार को तमकुहीराज तहसील सभागार में सम्मानित हुए। एसडीएम आकांक्षा मिश्रा व बीईओ रीता गुप्ता ने संयुक्त रूप से इन्हे प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

बीएलओ रामजीत यादव, शिक्षामित्र उच्च प्राथमिक विद्यालय नरहवा अचरज दुबे, सतीश पटेल सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय मंझरिया, नागेंद्र सिंह शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय दुदही व आभा सिंह शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय दुदही ने सौंपें गए एसआईआर दायित्व कार्य को पूर्ण कर लिया है। इन्हे सम्मानित करते हुए एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने कहा कि मतदाता सूची का गहन व त्रुटिरहित पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मूल आधार है। निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कर शिक्षकों ने क्षेत्र में आदर्श प्रस्तुत किया है। सटीक आंकड़ों के साथ अद्यतन मतदाता सूची तैयार होने से आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। बीईओ रीता गुप्ता ने कहा कि दुदही क्षेत्र के शिक्षकों ने निष्ठा व सूक्ष्मता के साथ घर-घर सत्यापन कर उत्कृष्ट जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य में समयबद्धता व शत-प्रतिशत उपलब्धि टीम भावना का परिणाम है। ऐसे प्रयासों से निर्वाचन कार्य्य व्यवस्था मजबूत होती है व आमजन का भरोसा बढ़ता है। सम्मानित होने वाले बीएलओ ने प्रशस्ति पत्र को अपने कार्य के प्रति प्रेरणा बताया।


बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करती एसडीएम आकांक्षा मिश्रा

## पिकअप की ठोकर से घायल बुजुर्ग की ईलाज के दौरान मौत

**अवधनामा संवाददाता**

- मथौली के वार्ड नंबर दो महतो टोला के निवासी है मृतक रियासत
- बाजार से घर जाते समय मथौली मुख्य चौराहे पर पिकअप ने मार सामने से मार दिया था ठोकर

**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली के मुख्य चौराहे पर बाजार से घर जा रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से ठोकर मार दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया जहां ईलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई।

बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 2 (महतो टोला) निवासी रियासत अली पुत्र स्व जल्लू उम्र 65 वर्ष शुक्रवा की शाम मथौली बाजार करने आए थे, घर जाते समय लगभग 6ः00 बजे मथौली के मुख्य चौराहे पर एक पिकअप ने रियासत को ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर कर दिया, जहां शनिवार को ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस घटना के दिन ही चालक व पिकअप को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई थी। रियासत के मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# निर्धारित क्षमता से अधिक गन्ना लोड न किया जाये : सुरेश कुमार

**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुरेश कुमार ने बताया कि फुटहिया ओवर ब्रिज के पास गन्ना लदे अनियंत्रित ट्रेलर के पलटने से ई-रिक्शा सवार दो लोगों की मौत को संज्ञान में लेते हुए आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती ने निर्देशित किया है कि कोई भी ओवरलोडेड गन्ना लदा ट्रक/ डाला/ ट्रैक्टर/ ट्राली का संचालन न हो और इस पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए जिससे की जनहानि को बचाया जा सके।

निर्देश के क्रम में जनपद में ओवरलोडेड/ओवरहाईट वाहनों के विरूद्ध पुलिस विभाग के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष नगर के साथ ओवरलोडेड गन्ना लदा ट्रक/डाला/ट्रैक्टर ट्राली के विरूद्ध कलवारी बस्ती रोड पर चलाए गए संयुक्त अभियान में थाना नगर में 01 वाहन निरूद्ध किया गया व 11 वाहनों के चालान की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में हरैया बभनान क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी हरैया व थानाध्यक्ष हरैया के साथ चलाए गए संयुक्त अभियान में 06 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई।



संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ने बताया कि अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। जनपद में संचालित वाहनों के प्रपत्र वैध न होने, तथा ओवरलोडेड गन्ना लदा ट्रक/डाला/ट्रैक्टर ट्राली के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। आगामी शीतकालीन सत्र में कोहरे से दुर्घटना को रोकने की दृष्टि से यदि किसी भी वाहन में रेट्रो सिलेक्टिव टेप लगा नहीं पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध चालान / निरूद्ध की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा आरटीओ परावर्तन सुरेश कुमार द्वारा मुण्डेरवा चीनी मिल प्रबंधक के साथ गन्ना ढोने वाले वाहन स्वामियों/ चालकों एवं किसानों को जागरूक किया गया और निर्देशित किया गया कि वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक गन्ना लोड न किया जाये और ट्रेलर एवं ट्रैक्टर ट्राली में बाडी से बाहर तथा ओवरहाईट न किया जाये।

## हाटा में 10.76 करोड़ की लागत से 70 सड़कों की मंजूरी

- विधायक मोहन वर्मा के प्रस्ताव पर शासन ने दी स्वीकृति

**अवधनामा संवाददाता**

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा क्षेत्र में 10 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से 70 सड़कों की शासन ने मंजूरी दे दी है। ये स्वीकृति हाटा विधायक मोहन वर्मा के प्रस्ताव पर मिला है। इसकी जानकारी होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने विधायक के इस प्रयास पर धन्यवाद दिया।

बता दें कि हाटा विधान सभा क्षेत्र में विधायक मोहन वर्मा के नेतृत्व में विकास को चार चांद लग रहे है। इसी क्रम में विधायक के प्रस्ताव पर क्षेत्र में 70 सड़कों की मंजूरी मिली है, जिसपर 10 करोड़ 76 लाख रूपये खर्च होंगे। इसमें तमाम सड़के अत्यंत महत्वपूर्ण है और कई सड़के लिंक रोड को जोड़ने वाली है। शासन से मिली मंजूरी के बाद विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव विकास किया जा रहा है। हर योजना का लाभ पात्र लोगों को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार में सड़कों की जाल बिछ रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान तमाम सड़के टूटी फूटी थी, और कई सड़के नए बनाए जाने के लिए मैंने शासन को प्रस्ताव भेजा, जिसके बाद इन सभी सड़कों की स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य चालू हो जायेगा। स्वीकृति मिलने पर विधायक श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्र में 70 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे बाबा साहब आंबेडकर : चंद्रभूषण सिंह

**अवधनामा संवाददाता, देवरिया।** बाबा साहब डा आंबेडकर ने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद सामाजिक अपमान को झेलते हुए देश की विशाल आबादी को सामाजिक न्याय दिलाने हेतु अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि डा आंबेडकर बीसवीं सदी के सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे।

सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब डा आंबेडकर ने समाज की कुरीतियों, भ्रांतियों, अंधविश्वासों, कुपरम्पराओं और अपमानजनक कार्यवृत्तियों का प्रतिकार करते हुए देश की शोषित - पीड़ित जमात को समतावादी राह दिखाया। देश के उपेक्षित समाज को शिक्षा, सम्मान, सत्ता और संपत्ति के अधिकार प्राप्ति का मार्ग प्रदान करने हेतु डा आंबेडकर के अतुलनीय योगदान को देश का वंचित समाज सदियों तक याद करता रहेगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : परिणय सूत्र में बंधे 243 जोड़े



- जनप्रतिनिधियों ने नव दाम्पत्य को दिया आशीर्वाद

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** किसान पीजी कॉलेज सेवरही तमकुहीराज में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 243 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन की नई राह पर कदम बढ़ाया। इनमें से 208 जोड़ों का हिन्दू परंपरा और 35 जोड़ों का मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्धन कन्याओं के विवाह में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कन्याओं के विवाह के लिए सहायता प्रदान की जाती है। अपने अपने धर्म के अनुसार पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच संपन्न हुए इस भव्य समारोह में नवदंपतियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नई जिंदगी की शुरुआत की। नवविवाहित जोड़े को समारोह के दौरान ज्वेलरी, वस्त्र, फर्नीचर आदि के समान भी वितरित किए गए। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी रामाशंकर यादव, सेवरही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनन्जय तिवारी, सेवरही नगर पंचायत चेयरमैन सोनिया जायसवाल, प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि धीरज तिवारी, किसान पीजी कॉलेज प्रबंधक दीपक राय, प्रधानसंघ महामंत्री धनंजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष रमेश व्याहुत, संजय राय, मुन्नू मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हिमांशु जायसवाल, जेके सिंह, भाजयुमो महामंत्री अभिषेक शुक्ल, तमकुही बीडीओ अनिल राय, सेवरही बीडीओ फूलचंद सरोज, आलोक शाही, लिपिक पुनीत यादव, आशीष वर्मा समेत कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## जेई-लाइनमैन की लापरवाही से खेत में दुर्घटना के खतरे बढे, किसान ने की शिकायत



**अमेठी।** संग्रामपुर विकास खंड के मिश्रौली बड़गांव के बढईपुर गांव में बिजली विभाग के अवर अभियंता की लापरवाही और मनमानी से परेशान एक किसान ने शनिवार को अधीक्षण अभियंता इंजीनियर अरुण कुमार सिंह से शिकायत दर्ज कराई है।

किसान दीपक शाक्य ने बताया कि जे ई और लाइन मैंन? की मिलीभगत से गांव के एक व्यक्ति ने दबंगई से उसके बैनामे की जमीन में रात में जबरन विद्युत पोल गाड़ लिया है।इस विद्युत पोल से बारिश में और खेत में पानी भरने पर करेंट उतरता है। दुर्घटना के खतरे के कारण वह खेत की जुताई नहीं कर पा रहा है। किसान की शिकायत पर अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता अमेठी को एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच और समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 138 शिकायतें, 15 का निस्तारण हुआ



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी/तिलोई।** जिले की चार तहसीलों में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 138शिकायतें प्राप्त हुई हैं।15शिकायतों का निस्तारण दिवस के दौरान हुआ है।डी एम संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक के तिलोई में जनसुनवाई की।

तिलोई में सबसे अधिक 55प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। छः मामले सुनवाई के दौरान निस्तारित किए गए हैं। मुसाफिर खाना में 19, गौरीगंज में 46और अमेठी में सबसे कम 18प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। जनसुनवाई के दौरान डी

- तिलोई तहसील में डीएम और एस पी ने की जनसुनवाई

एम ने सभी अधिकारियों को सुबह 10 से 12, बजे तक अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्यायों को सुनने और समुचित निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। डी एम ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की ओर से लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समाधान दिवस में तिलोई में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम अमित सिंह ने जिलाधिकारी को पिछले समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

# यूनीक साइंस एकेडमी में दो दिवसीय नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का किया गया आयोजन

- ऐसे कैंपों से स्वास्थ्य की जाँच एवं रोग निदान को गति मिलती है : राजेश कुमार

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** यूनीक साइंस एकेडमी बस्ती में दो दिवसीय निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा हजार से ज्यादा बच्चों के स्वास्थ्य के साथ अन्य जरूरतमंद लोगों की जांच की गई और रोगियों को निःशुल्क इलाज के साथ दवा का वितरण भी किया गया।

विद्यालय परिसर मे श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल के कुशल डॉक्टरों के नेतृत्व में आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैम्प में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालय के बच्चों के साथ साथ समस्त स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि




इस प्रकार के कैम्प से कुशल डॉक्टरों की देख -रेख में आयोजित ऐसे कैंपों से स्वास्थ्य की जाँच एवं रोग निदान को गति मिलती है और जरूरतमंद लोगो को निःशुल्क सुविधा मिलने पर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक होता है।

बालरोग विशेषज्ञ डॉ0 सौरभ सिंह, सहायक डॉ0 निखिल त्यागी तथा भूपेंद्र चौधरी और हॉस्पिटल प्रबंधन से ओम प्रकाश चौधरी, अनिल चौधरी, रमजान अली अथवा स्टॉफ नर्स लक्ष्मी, नेहा चौधरी, रूपा चौहान के साथ साथ आदित्य, मोहम्मद आरिफ, अमन चौधरी, अंकुश ने जाँच मे पूर्ण सहयोग किया।साथ ही विद्यालय परिवार से वंदना उपाध्याय, स्वेता श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, दुर्गेश कुमार, अंशू उपाध्याय, बुशरा करामत, अमन आदि स्टॉफ ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैंप के अंत में विद्यालय के निदेशक संतोष श्रीवास्तव ने मेडिकल टीम सभी सदस्यों और सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक सप्ताह पहले चोरों ने मकान को बनाया था निशाना, नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के खौपुर बुजुर्ग गांव में 30 नवंबर की शाम लाखों रुपए के आभूषण और नकदी की चोरी हो गई थी।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने शिकायत के बावजूद अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर जांच के निर्देश दिए हैं। यह घटना दौलतराम जायसवाल के घर में 30 नवंबर की शाम करीब 6 बजे हुई, उस समय घर की सदस्य कमला जायसवाल कुछ देर के लिए बाहर गई थीं। जब वह लौटीं, तो उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजा और कमरों के ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर आलमारी और बक्से अस्त-व्यस्त पड़े थे। दौलतराम जायसवाल ने बताया कि चोर घर से लगभग लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और करीब 6 हजार रुपये नकट लेकर फरार हो गाए। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

# रोटरी क्लब : कुशीनगर व शिर्डी महाराष्ट्र के बीच हुआ इंटर-डिस्ट्रिक्ट मीटिंग



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** इंटरनेशनल की रोटरी क्लब कुशीनगर (उतर प्रदेश) मंडल 3120 और रोटरी क्लब शिर्डी (महाराष्ट्र) मंडल 3132 के बीच एक सार्थक इंटरसिटी मीटिंग होटल साई सिद्धि में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान दोनों क्लबों के बीच रोटरी की परंपरा अनुसार फ्लैग एक्सचेंज किया गया। इसके साथ ही सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में एक-दूसरे के अध्यक्षों को सम्मानित भी किया गया, जिससे दोनों क्लबों के बीच सौहार्द और सहयोग का भाव और प्रगाढ़ हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं हिमांशु सिंह, तथा रोटरी क्लब शिर्डी के अध्यक्ष महेंद्र कोटे और पूर्व अध्यक्ष माजिद पठान की विशेष उपस्थिति रही।

# ठंड से बचाव हेतु गो आश्रय स्थलों पर हो व्यापक बन्दोबस्त: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं भरण पोषण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए शरद ऋतु से गोवंशों को ठड से बचाव के लिये उन्हें पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट उपलब्ध कराया जाय साथ ही पीने के लिए स्वच्छ ताजे जल का प्रबन्ध किया जाय। जिले के गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के लिए पर्याप्त भूसा, हरा चारा व दाने के साथ नमक व गुड भी उपलब्ध कराया जाय। डीएम ने आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिये शेड को जूट के बोरे/तिरपाल से कवर करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिये विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध अनुपयोगी बोरा/टाट आदि को उपयोग में लाया जा सकता है। डीएम द्वारा सुझाव दिया गया है कि गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए समुचित प्रबन्धन एवं निरन्तर निगरानी के साथ साथ पशु शेडों के आस पास सुरक्षित ढंग से अलाव की भी व्यवस्था की जा सकती है। ठंड के प्रभाव को कम करने के लिए गो आश्रय स्थलों में बिछावन के रूप में पुआल लकड़ी का बुरादा तथा गन्ने के अवशेष का प्रयोग करने के साथ-साथ वृद्ध, अशक्त व नवजात गोवंश पर विशेष ध्यान देने की बात कही। डीएम ने कहा कि शरद ऋतु में कोई भी गोवंश रात्रि में खुले स्थान में न रहने पायें, इसके लिए पृथक रूप से विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गोआश्रय स्थलों की निगरानी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आश्रय स्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील कर उसका लिंक जिला स्तर पर संचालित कमाण्ड सेन्टर को उपलब्ध करा दिया जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि कैमरे इस प्रकार से स्थापित किये जायें कि गोआश्रय स्थल के प्रमुख स्थान जैसे गोदाम, प्रवेश द्वार, चरही इत्यादि की बेहतर ढंग से मानीटरिंग किया जा सके। डीएम ने सचेत किया एक सप्ताह में कैमरे एक्टिवेट न होने पर सम्बन्धित बीडीओ व वीडीओ के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

डीएम ने निर्देश दिया कि उपायुक्त मनरेगा से समन्वय स्थापित कर हरे चारे का उत्पादन कराया जाय। इसके अलावा ऐसे इच्छुक पशुपालक जो हरा चारा उत्पादन कर गोआश्रय स्थलों पर आपूर्ति करना चाहते हों एमओयू कर लिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि यदि किसी ग्राम पंचायत में 02 गो आश्रय स्थल संचालित हैं तो उनका आपस में मर्जर कर दिया जाय साथ ही ऐसे गो आश्रय स्थल जहां 50 अथवा उससे कम गोवंश संरक्षित हैं बन्द कर वहां के गोवंशों को निकटतम गो आश्रय स्थलों में शिफ्ट करा दिया जाय। ताकि गोवंशों का बेहतर ढंग से संरक्षण किया जा सके। डीएम ने कहा कि सहभागिता योजना अन्तर्गत दिये गये गोवंशों का भी स्थलीय सत्यापन करा लिया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि एसएफसी में और अधिक पूलिंग कर गो आश्रय स्थलों के अन्य कार्यों को समय से पूर्ण करा लिया जाय साथ समस्त ग्राम पंचायतों की मैपिंग भी करा ली जाय। डीएम ने कहा कि गुलरिहा में पेड़ों की नीलामी पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य को प्रारम्भ किया जाय। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवाचार के माध्यम से गोशाला में उपलब्ध गोबर का सुदपयोग कर गोशाला को स्वावलम्बी बनाने का प्रयास किया जाय। डीएम ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से गोआश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा के माकूल बन्दोबस्त किये जाएं।

# आलू की फसल को झुलसा रोग से बचाव जरूरी: हिमांशु सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** इस समय सब्जी की फसल की मुख्य फसल आलू की फसल है सब्जी में यह एक ऐसी सब्जी है जो पूरे साल खाई और खिलाई जाती है यदि आलू का भाव बाजार में बड़ा तो और सारी सब्जियों का भी भाव बढ़ जाता है। किसान भाइयों की आलू की फसल में लगाई गई पूंजी यदि जल्द खाली करना चाहे तो सिर्फ दो-तीन माह में भी खाली हो जाती है और यदि फसल में कोई रोग या आपदा आ जाए तो नुकसान भारी नुकसान भी हो जाता है आलू की फसल में झुलसा रोग लग गई तो फसलों में यदि समय पर उपचार न किया गया तो भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है इसी संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र बरासिन के हिमांशु सिंह से की गई एक बातचीत में उन्होंने बताया कि आलू की खेती भारतीय किसानों के लिए अत्यंत



लाभकारी रही है, लेकिन यह फसल भी विभिन्न रोगों और कीटों से न बचाया गया तो फसल प्रभावित होती है। इनमें से एक प्रमुख और खतरनाक रोग है पछेती झुलसा रोग, जो आलू की पैदावार को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है।

पछेती झुलसा रोग एक फंगल संक्रमण है जो आलू की फसल में मुख्य रूप से पाई जाती है। यह रोग Phytophthora infestans नामक फंगस के कारण होता है, जो आलू के पत्तों, तनों, और कंदों पर हमला करता है। जब यह रोग फैलता है, तो यह फसल की वृद्धि में रुकावट डालता है और उत्पादन में भारी कमी कर देता है। पछेती झुलसा रोग आलू के पौधों में पत्तियों के मुड़ने, काले पड़ने और तनों में सड़न की समस्या पैदा करता है आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग के लक्षण पहचानना बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि समय रहते इसका इलाज किया जा सके। इसके प्रमुख लक्षण पत्तियों पर काले धब्बेः सबसे पहले पत्तियों पर काले या भुरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं, जो धीरे-धीरे बढ़कर पत्तियों को मुरझा देते हैं।

**पौधे का मुरझानाः** जब यह रोग बहुत फैल जाता है, तो पूरा पौधा मुरझाने लगता है, जिससे फसल का उत्पादन कम हो जाता है। रोग के चलते आलू के कंदों पर भी सड़न पैदा कर सकता है, जिससे उनका आकार घटता है और उनकी गुणवत्ता खराब हो जाती है। पानी की अधिकताः यह रोग अधिक नमी वाले वातावरण में तेजी से फैलता है, जिससे आलू के पौधे पूरी तरह से संक्रमित हो सकते हैं।

# 73 शिकायतों में से 10 का मौके पर निस्तारण

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जनता की समस्याओं को शीघ्रता से निपटाने और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में किया गया, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का उद्देश्य है कि जनता को अपनी समस्याओं के लिए बार-बार भटकना न पड़े, समाधान दिवस यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी जनता तक पहुंचे और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ हल करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि लंबित मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर अवश्य किया जाए, इस अवसर पर भूमि विवाद, पेंशन स्वीकृति, विद्युत, विकास इत्यादि से संबंधित मामले आए, राजस्व संबंधी मामलों के निपटाने के लिए जिलाधिकारी ने



पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष आम जीवन से जुड़ी कुछ समस्याएं भी आई हिमायूंपुर निवासी राधा पत्नी संतोष कुमार ने शिकायत की की राशन कार्ड में एक यूनिट का नाम दर्ज करना है और नया राशन कार्ड बनवाने की जिलाधिकारी से अपील की, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को उनके मामले का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए, इसी तरह दतौंजी कला निवासी डुमय्या पत्नी स्वर्गीय बालमुकुंद ने शिकायत की की चकमार्ग को खाली करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर इसे तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस प्रकार जिलाधिकारी के समक्ष 73 शिकायतें आई और 10 का मौके पर निस्तारण किया गया, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह, तहसीलदार तथा सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# प्रबुद्ध समिति ने मनाया टूंडली में डॉ. अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**टूंडला।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 69 में परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अंबेडकर पार्क टूंडली में एक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध विकास समिति टूंडली के सदस्यों एवं पदाधिकारी द्वारा डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर परिनिर्वाण दिवस मनाया। तथा उनके विचार धाराओं पर चलने का आव्हान किया। जिसमें शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का संकल्प लिया गया। प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों पर पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें, महिलाओं के लिए बाबा साहब ने बहुत सारे संविधान में अधिक से अधिक कार्य किए हैं,उन पर भी विचार किया गया। प्रबुद्ध विकास समिति के अध्यक्ष अवधेश राना द्वारा यह विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके सिद्धांतों पर सही अमल कर रहे हैं। या नहीं केवल पुष्पमाला अर्पित करने से बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि नहीं होगी। सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब आप बाबा साहब के बनाए गए नियम एवं कायदा कानून एवं उनके सिद्धांतों पर चलकर अपने समाज का उत्थान कर सकेंगे। इस मौके पर नाहर सिंह, बोबी जाटव, कपिल देव, विजेन्द्र सिंह, विकास कुमार, शैलेन्द्र, जतिन कुमार, दिनेश चंद, प्रेमपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, मेवाराम आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी राम दयाल, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर 02 गर्भवती महिलाओं श्रीमती साजिदा व वहीदा की गोदभराई की गई तथा 02 बच्चों तरंग व जूली का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, एलडीएम जितेन्द्र मंसद व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 75 में 04, कैसरगंज में 71 में 02, पयागपुर में 43 में 07, नानपारा में 21 में 05, महसी में 101 में 06 तथा तहसील सदर में प्राप्त 16 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# सचिवों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र विधायक सदर को सौंपा



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले सचिवों का विरोध आंदोलन तेज हो गया है। संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सचिवों ने कूरेभार विकास खंड में विधायक सदर (जयसिंहपुर) राज प्रसाद उपाध्याय को मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को संबोधित पत्र सौंपा। ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में सचिवों ने 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इसके बाद 5 दिसंबर को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया गया। सचिवों का कहना है कि एक-एक कर्मी के पास 1 से 10 गांवों का प्रभार है, ऐसे में दिन में तीन बार ऑनलाइन हाजिरी लगाने से सरकारी योजनाओं के संचालन में भारी बाधाएं आएंगी। सचिवों ने आरोप लगाया कि 10-10 गांवों में कार्य निष्पादन के लिए उन्हें निजी संसाधनों का उपयोग करना पड़ता है, जबकि केवल साइकिल भत्ता ही प्रदान किया जाता है। इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए सचिवों ने आंदोलन को 15 दिसंबर तक जारी रखने की चेतावनी दी है। विरोध के तहत आज सभी सचिवों ने सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से स्वयं को हटाकर अपना आक्रोश जताया। मांग पत्र सौंपने के दौरान एडीओ पंचायत प्रकाश मिश्रा, सहित कई सचिव मौजूद रहे।

# डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी समस्याएं



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस संपन्न हुआ। तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनी कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। तहसील समाधान दिवस में अवैध कब्जा, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस में जिन विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक भी लिया जाए। कब्जा अथवा भूमि संबंधित विवाद का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर करे। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में शिकायतकर्ता को एक से अधिक बार एक ही प्रकरण के लिए न आना पड़े।

## सूचना

मै मुमताज़ पुत्र सरदार हुसैन निवासी मोहल्ला इमाम चौक जोशियाना कस्बा थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई का हूँ तथा मै अपने पुत्र सलमान को अपनी मनमानी करने में उसके चाल चलन ठीक न होने के कारण वह किसी औरत के साथ शादी करने की फ़िराक़ में है वह बिना बताये घर से बाहर 2013 में बम्बई चला गया था वापसी आने बाद वह दूसरों के कहने पर मुझसे लड़ाई व झगड़ा करता है तब से लेकर आजतक उसका व्यवहार ठीक नहीं है तथा वह मुझे मारने की कोशिश भी कर चुका है जिससे क्षुब्ध होकर मै अपने पूरे होसे हवास में अपनी चल व अचल सम्पति से सलमान को बेदखल करता हूँ सलमान के द्वारा किये गए कृत्य वा अकृत्य के वे स्वम् जिम्मेदार होंगा

मुमताज़ पुत्र सरदार हुसैन, निवासी-
मोहल्ला इमाम चौक, जोशियाना,
तहसील-संडीला (हरदोई)

# कांग्रेस कमेटी ने मनाई डॉ0 भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी शिकोहाबाद द्वारा मोहल्ला गढ़ेया में भारत रत्न से सम्मानित स्वर्गीय बाबा साहब श्री डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रामसेवक वैद्य ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर डाला प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान के मुख्य वास्तुकार बने तथा भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाने जाते थे उन्होंने जाति व्यवस्था और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष किया दलितों मजदूरों और




महिलाओं के अधिकार के लिए आवाज उठाई उन्होंने बहिष्कृत भारत जैसी पत्रकार निकाल स्वतंत्र लेबर पार्टी का गठन किया और दलितों के राजनीतिक अधिकारों के लिए काम किया उन्होंने हिंदू राष्ट्र में व्याप्त कुर्तियां से तंग आकर 1956 में बोध धर्म अपना लिया उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न 1990 मैं सम्मानित किया इस मौके पर चौधरी सगीर कुरैशी जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बाबा तिवारी नगर उपाध्यक्ष अमर सिंह नगर सचिव नत्थीलाल नाजिम फारुकी जगदीश बाल्मिक अशरफ अंसारी जयराम प्रजापति निम्न कार्यकर्ता मौजूद है।

# जीआरपी पुलिस ने गांजा तस्कर को भेजा जेल



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** जीआरपी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रेलवे स्टेशन टूंडला पर जीआरपी टूंडला पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 5/6 के पूर्वी छोर पर टूंडला बोर्ड के पास, टीन सैड के नीचे वनी बेंच पर मय बैग के साथ एक व्यक्ति बैठा हुआ मिला। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की सकपका गया। इस दौरान अभियुक्त का बैग को खुलवाकर देखा गया तो, बैग के अन्दर तीन बन्डल निकले जिसके अन्दर 3.440 किलो ग्राम गाँजा बरामद हुआ। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम रोहित कुमार पुत्र लालूराम निवासी गाँव जेलियांगरोग लुमथी कॉलोनी थाना-ईस्ट दीमापुर जनपद दीमापुर, नागालैंड बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम जीआरपी थाना प्रभारी मोनू कुमार आर्य, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, विपिन कुमार, मनोज कुमार, हरेश, घनश्याम, वीरवल मीना, आनंद स्वरूप पांडेय आदि प्रमुख है।

# टूंडला सुभाष चौराहे पर चलाया एसडीएम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** एसडीएम टूंडला व नगर पालिका ने शनिवार को टूंडला चौराहे पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे हथठेले व दुकानदारों के अतिक्रमण को हटवाया गया। टूंडला सुभाष चौराहे पर आगरा रोड, फिरोजाबाद रोड, एटा रोड पर हथठेले व दुकानदारों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था। जिससे आने जाने वाले वाहन चालकों की लंबी लंबी कतारे लगी रहती थी। शनिवार को एसडीएम टूंडला अंकित वर्मा एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी व पुलिस प्रशासन ने चौराहा पर जेसीबी समेत अन्य वाहन के साथ पहुंची। टीम ने पहले सभी को चेतावनी दी और हटाने के लिए समय दिया। टीम को देखकर ही अधिकांश लोगों ने स्वयं ही अतक्रिमण हटाना शुरु कर दिया। इसमें खोखा और हाथठेला पर सजाए दुकानदार सामान हटाकर ले गए। इसके बाद भी न हटाने पर नगर पालिका ने जेसीबी से हटाना शुरु कर दिया। एसडीएम टूंडला ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। सड़क की सीमा में अतिक्रमण को पूरी तरह से दूर किया जाएगा। इस दौरान पुलिस प्रशासन व नगर पालिका टीम मौजूद रही।

# अयोध्या से प्रयागराज जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, महिला तीर्थयात्री की मौत

**कूरेभार सुलतानपुर।** अयोध्या से प्रयागराज जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस कूरेभार थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार के पास दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंफर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में जलगांव (महाराष्ट्र) से आए तीर्थ यात्रियों में से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जबकि करीब 15 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया तथा बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सुलतानपुर चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार सदर देवानंद तिवारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. मिश्रा मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया।

# ग्राम पंचायत सचिवों का आनलाइन उपस्थित को लेकर प्रदर्शन

- तमाम बिन्दुओं पर ग्राम पंचायत सचिवों ने जताई आपत्ति सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद के विकासखंड भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत सचिवों ने उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के बैनर तले ब्लॉक परिसर के अंदर शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराए जाने वाले आदेश को लेकर नाराजगी जताई और खंड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग एवं ग्राम विकास विभाग की संपूर्ण योजनाओं को मूर्त रूप देने में अहम भूमिका निभाने वाले ग्राम पंचायत सचिव अपनी जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वाह करते हैं इस दौरान ग्राम



पंचायत सचिवों ने एक शासनादेश का हवाला देते हुए बताया कि कई जनपदों में सरकार के द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत सचिवों की ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश जारी हुए हैं जिसको लेकर ग्राम पंचायत सचिवों को तमाम समस्याएं आएगी इस दौरान ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय अध्यक्ष के रूप में कार्य करते है इसी तरह खंड विकास अधिकारी ब्लॉक स्तर पर क्षेत्र पंचायत कार्यालय अध्यक्ष के रूप में काम करते हैं जिला स्तर पर तमाम अधिकारी अपने कार्यालय में कार्यालय अध्यक्ष के तौर पर काम करते हैं उन पर ऑनलाइन उपस्थिति जैसे कोई कानून लागू नहीं है तो ग्राम पंचायत सचिवों पर एकाएक ऐसा कानून लागू करना अनुचित है सभी कार्यालय अध्यक्षों के लिए एक जैसा कानून लागू होना चाहिए इस दौरान उन्होंने हवाला दिया कि ग्राम पंचायत सचिव का फील्ड कार्य होता है जिसके पास कई ग्राम पंचायत होती हैं जिनका क्षेत्र बड़ा होता है इसलिए समय और निश्चित स्थान पर ग्राम पंचायत सचिवों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना संभव नहीं है ग्राम पंचायत सचिवों ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूल में अध्यापक लेखपाल कृषि विभाग के कर्मचारियों सहित तमाम कर्मचारी हैं जिनकी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जाती ऐसी स्थिति में सभी पर एक समान कानून लागू हो ग्राम पंचायत सचिवों ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव ऑनलाइन मीटिंग ग्राम पंचायत चौपाल के अलावा अन्य विभाग के कार्यक्रमों को भी संपादित करते हैं जो करना अनिवार्य है ऐसी स्थिति में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा सकती ऐसी ही तमाम समस्याओं को लेकर विकासखंड भावलखेड़ा ब्लॉक परिसर में ग्राम पंचायत सचिवों ने प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव महामंत्री सौरव गुप्ता, उदयवीर वर्मा, प्रवीण कुमार ,उमाशंकर शर्मा, प्रज्ञा गुप्ता, शशि शेखर शुक्ल, मनीष कुमार, सौभाग्य सोमवंशी ,आकाश मिश्रा ,विवेक कुमार मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: DCE-BL-10-11-2025**

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :–

क्र. सं. : 1, ई-निविदा सं. : DCE-BL-10-2025, **कार्य का विवरण** : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के 07 अदद स्टील गर्डर पुलों यथा पुल सं.–72UP(6X24.4m) IAA-MAU, 72DN (6X24.4m) IAA-MAU, 1UP (3X12.2m) GTST CPR, 3UP (3X12.2m) GTST-CPR, 137 DN (13X30.5m) RJI-ARJ, 137 UP (13X30.5m) RJI-ARJ & 50(14X61.0M) PNYA-VKNR के जंग लगे मेम्बरों का रिप्लेसमेन्ट/रिहैबिलिटेशन कार्य, **अनुमानित लागत** : ₹ 3,29,56,072.56, **बयाने की राशि** : ₹ 3,14,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि** : 18 (अट्ठारह) माह।

क्र. सं. : 2, ई-निविदा सं. : DCE-BL-11-2025, **कार्य का विवरण** : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के 10 अदद स्टील गर्डर पुलों यथा पुल सं.–182 UP(5X30.50) GKP-DMG, 182DN(5X30.50) GKP-DMG, 183UP (7X30.50) GKP DMG, 183 DN (7X30.50) GKP-DMG, 34(4X30.5) UB-BMJ, 200DN(10X12.20) MHH SWA, 176(3X12.2)GKP-GKC, 176A (3X12.2) GKP-GKC, 176B(3X12.2) GKP-GKC, 281UP(6X12.2) TH-GOVR in LJN Div. एवं इज्जतनगर मंडल के 07 अदद स्टील गर्डर पुलों यथा पुल सं.–102 (5x18.3 + 2x12.2) CPA-KSJ, 198(9X18.3) CPA-KSJ, 227 (2X12.2) CPA-KSJ, 92 (3X12.2) RMU-LKU, 26(2X12.2) RMU-LKU, 40 (2X12.2) & 25(4X12) RMU-LKU के जंग लगे मेम्बरों का रिप्लेसमेन्ट/रिहैबिलिटेशन कार्य, **अनुमानित लागत** : ₹ 2,53,95,884.00, **बयाने की राशि** : ₹ 2,77,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि** : 18 (अट्ठारह) माह।

• ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक **30.12.2025** को 11.00 बजे। • ई-निविदा की प्राप्ति की तिथि दिनांक **30.12.2025** को 10.59 बजे। • ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मुजाधि/डब्ल्यू-358 उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र नोटिस**

लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एटीवीएम फैसिलिटेटर के आवेदन के संबंध में दिनांक 05.12.2025 को प्रकाशित सूचना संख्या C/123-1-ATVM-25/माघ मेला–2026/SV के संदर्भ में। इस सूचना में निविदा दस्तावेज अपलोड की तिथि 07.12.2025 के स्थान पर 08.12.2025 और अंतिम तिथि 27.12.2025 के स्थान पर 29.12.2025, 14:00 बजे समझी जाए। सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

3787/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अवध इंटरनेशनल एकेडमी में मनाया गया वर्ष का भव्य स्कॉलर्स अवार्ड समारोह**

# शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला : शेखर

- शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का ऐसा संतुलित वातावरण बहुत कम संस्थानों में देखने को मिलता है- सर्वेश चौहान
- विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ.ज्योति दुल्हानी और चेयरमैन आर.डी. त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया



**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** अवध इंटरनेशनल एकेडमी, जो पिछले तेरह वर्षों से अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासित वातावरण और छात्रों के संस्कारों के लिए जानी जाती है, में इस वर्ष शनिवार को भव्य वार्षिक स्कॉलर्स अवार्ड समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, संगीत और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक मूल्यों का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ.ज्योति दुल्हानी, विद्यालय के मैनेजर सर तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गुंजायमान कर दिया। इस वर्ष का स्कॉलर्स अवार्ड समारोह अपने आप में विशिष्ट रहा क्योंकि इसमें शिक्षा, खेल और कला के क्षेत्र से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह में होली प्वाइंट एकेडमी के संस्थापक एवं प्रधानाचार्य डॉ.प्रदीप चंद्र पांडे, इटावा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश चौहान तथा नेशनल बैडमिंटन चैंपियन श्रीमती बरखा चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ किड्स वैली स्कूल, थियोसॉफिकल इंटर कॉलेज सहित कई प्रसिद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सभी अतिथियों ने विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, छात्रों के प्रदर्शन और आयोजनों की भव्यता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के सुव्यवस्थित एवं उच्च स्तरीय कार्यक्रम रूरल क्षेत्र में बहुत कम देखने को मिलते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अवध इंटरनेशनल एकेडमी जल्द ही इटावा के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में अपना स्थान सुनिश्चित करेगी। विशिष्ट अतिथि इटावा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश चौहान ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में विद्यालय के पूर्व और वर्तमान छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.ज्योति दुल्हानी और संस्थापक शेखर त्रिपाठी की दूरदृष्टि, नेतृत्व क्षमता और विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुँचाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का ऐसा संतुलित वातावरण बहुत कम संस्थानों में देखने को मिलता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, कठोर परिश्रम और अध्ययन पर फोकस बनाए रखने की प्रेरणा दी। और बच्चों के कार्यक्रम को सराहते हुए और उनका मनोबल बढ़ाते हुए सभी बच्चों को दस हजार की पुरस्कार राशि दी। विद्यालय के संस्थापक शेखर त्रिपाठी ने कहा कि इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की जड़ें भले ही कड़वी हों, लेकिन उसके फल सदैव मीठे होते हैं। शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ.ज्योति दुल्हानी और चेयरमैन आर.डी.त्रिपाठी द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय का संपूर्ण शैक्षणिक व अनुशासनिक स्टाफ उपस्थित रहा। इस वर्ष स्कूल टॉपर आराध्या को विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जिसने अपनी मेहनत और उत्कृष्ट उपलब्धि से पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सैफई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए, सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए, उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबावदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सैफई में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याओं में प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सैफई, क्षेत्राधिकारी सैफई सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सहोदय कॉम्प्लेक्स के बैनर तले पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के संयोजकत्व में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम में गर्ल्स खो-खो टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सीबीएसई से संबद्ध 13 प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ सिटी अभयनारायण रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ.श्यामपाल सिंह (प्राचार्य, पंचायतराज महिला महाविद्यालय), रोहन सिंह (प्रबंधक, संत केवलानंद स्कूल), अभिषेक सक्सेना ( प्रधानाचार्य, पुलिस मॉडर्न स्कूल)अनूप मिश्रा ( प्रधानाचार्य, थियोसोफिकल) धर्मेंद्र शर्मा (प्रधानाचार्य, नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स), डॉ.एस.एन. यादव प्रधानाचार्य, एस.एस.मेमोरियल सैफई), मनोज मिश्रा (प्रधानाचार्य, होली प्वाइंट एकेडमी), विवेक श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य, रेडवुड स्कूल), मनोज यादव (प्रधानाचार्य, किट्स वैली स्कूल) तथा प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर अरविन्द कुमार (प्रधानाचार्य, सुधिति ग्लोबल अकादमी, जसवंतनगर), मनीष सहाय, देवेंद्र पाल शामिल रहे।

सभी अतिथियों द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों ने छात्राओं से परिचय प्राप्त किया तथा टॉस कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। टूर्नामेंट में रेफरी के रूप में नरदेव आर्य, कौशलेन्द्र सिंह, इन्द्रपाल सिंह, राणा यादव, मनोज कुमार एवं विमल कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपूर्ण प्रतियोगिता निर्विवाद एवं सुचारू रूप से संपन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेंट मैरीज, द्वितीय स्थान सेंट पीटर्स तथा तृतीय स्थान संत विवेकानंद स्कूल की टीमों ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक डॉ.कैलाश यादव एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने सभी अतिथियों, कोचेस और रेफरीगण का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण तथा रेफरी एवं कोच सम्मान समारोह के साथ हुआ।

## डीएमने खनन पट्टा धारकों के साथ की बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में खनन पट्टा धारकों के साथ बैठक किये, खान सुरक्षा निदेशक, वाराणसी क्षेत्र वाराणसी द्वारा खनन पट्टों पर लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में पट्टा धारकों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने खनन व्यवसायियों से सीधा संवाद कर डी0जी0एम0एस0 द्वारा खनन पट्टों पर लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में किये जा रहे सुधारात्मक कार्य की प्रगति की स्थिति के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित खनन पट्टा धारको को खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन यथा शीघ्र कराते हुए खनन पट्टों पर डी0जी0एम0एस0 द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध को हटाने की कार्यवाही डी0जी0एम0एस0 से करायें, जिससे कि आम जनमानस को सुलभता से खनिजों की आपूर्ति उचित दर पर प्राप्त हो सकें और लोगों को रोजगार मिल सकें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, ज्येष्ठ खान अधिकारी कमल कश्यप, खनन व्यवसाय संगठन के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण सहित व्यवसायिकगण उपस्थित रहें।

# जिला स्तरीय समाधान दिवस में सिर्फ आठ शिकायतों का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आए 37 शिकायतों में से केवल आठ मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, एसडीएम करणवीर सिंह सहित जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

सबसे अधिक शिकायतें राजस्व, पुलिस, पेयजल एवं विद्युत विभाग से संबंधित रहीं। रामलीला समिति ने शिकायत कर बताया कि मैदान के दोनों ओर सब्जी वाले अवैध दुकान लगाकर मांस-मदिरा का सेवन करते हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। छात्र लवकुश ने छात्रवृत्ति न मिलने की शिकायत की, जिस पर समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राशि वर्ष 2023-24 में आधार आधारित खाते में भेजी जा चुकी है।

भुलसी निवासी सिद्ध गोपाल ने मंदिर परिसर पर कब्जे की शिकायत करते हुए कहा कि दस बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। रीवन के ग्रामीणों ने आवासीय पट्टों का नाप न होने की समस्या उठाई। वहीं मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन ने बताया कि कांशीराम कॉलोनी में बने जूनियर हाई स्कूल और बालिका आवासीय विद्यालय का संचालन 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं कराया गया।

पाटनपुर निवासी ग्रामीणों ने नाला निर्माण अधूरा छोड़ देने से आवागमन में आ रही दिक्कतों की शिकायत की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और ईमानदारी से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्याओं के त्वरित समाधान में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शैक्षणिक संस्थान खुलवाने की मांग, मानवाधिकार संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** मौदहा तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को समाजसेवी संगठन मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन ने वर्षों से बंद पड़े शैक्षिक संस्थानों के संचालन की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने ज्ञापन में बताया कि मौदहा स्थित राजकीय बालिका छात्रावास करीब एक दशक से बंद पड़ा है, जबकि छिमौली रोड स्थित माननीय कांशीराम जूनियर हाई स्कूल भी लगभग डेढ़ दशक से बंद होने के कगार पर है। स्कूल के आठ कक्षाओं को समेटकर केवल एक कमरे में पढ़ाई कराए जाने से छात्रों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने कहा कि लगातार विभागीय अनुरोध के बावजूद राजकीय बालिका छात्रावास अब तक संचालित नहीं हो सका है। वहीं कांशीराम जूनियर हाई स्कूल को कुछ समय संचालित करने के बाद पुनः बंद कर दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने दोनों शिक्षण संस्थानों को शीघ्र चालू करने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष सैय्यद शाहबाज अली, जिला उपाध्यक्ष कलीम अहमद, जिला महासचिव आसिफ शकील, एडवोकेट शाहरुख चेयरमैन, डॉ. सत्य हरि सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भिलावा मेरापुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर, 80 मरीजों का पंजीकरण



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर भिलावा मेरापुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा आयोजित इस शिविर में कुल 80 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर में 20 से 25 मरीज मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं जैसे मिर्गी, चिंता, डिप्रेशन आदि के मिले, जिनकी जांच कर काउंसलिंग एवं दवाएँ उपलब्ध कराई गईं। जनजागरूकता शिविर का उद्घाटन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार एवं सभासद कन्हैया कुमार द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. सागर सचान, डॉ. नीता एवं डॉ. मुकेश गुप्ता द्वारा मरीजों की जांच और दवा वितरण किया गया। इस दौरान डीसीपीएम मंजरी, कम्युनिटी नर्स प्रगति देवी, सीएचओ अनिल राजपूत, लैब तकनीशियन अमित त्रिपाठी, मलेरिया विभाग के ललित यादव तथा क्षेत्र की आशाएं मौजूद रहीं।

## श्रीकृष्ण जन्म का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** इचौली स्थित मढ़ली माई मंदिर प्रांगण में चल रहे 31वें शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन रासलीला मंडल वृंदावन धाम द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान रामपाल साहू ने भगवान कृष्ण और राधा की झांकी की आरती उतारकर किया। कलाकारों ने कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव की व्यथा और कृष्ण जन्म के अद्भुत प्रसंगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कृष्ण जन्म होते ही पंडाल जयघोषों से गूंज उठा। वासुदेव द्वारा नवजात कृष्ण को नंद भवन पहुँचाने से लेकर कंस वध और नंदोत्सव तक की भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शक भावविभोर दिखाई दिए। इस अवसर पर विपिन पांडे, फूलचंद तिवारी, अमित तिवारी, रामविशाल गुप्ता, गंगादीन वर्मा, बबलू वर्मा, संतोष सिंह, हंसराज सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जानबूझकर चोट पहुंचाने के मामले में दो अभियुक्त छह-छह माह की सजा

**हमीरपुर।** थाना राठ क्षेत्र में वर्ष 2015 में दर्ज जानबूझकर चोट पहुंचाने के मुकदमे में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हमीरपुर ने शनिवार को दो अभियुक्तों को छह-छह माह के साधारण कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्नू पुत्र कल्लू और संतोष पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी सिकंदरपुरा के विरुद्ध राठ थाने में मुकदमा संख्या 937/2015 धारा 307, 504, 506 के तहत 18 जून 2015 को अभियोग पंजीकृत हुआ था। अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी एवं समयबद्ध साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने धारा 307 के स्थान पर अभियुक्तों को धारा 323 भादंवि में दोषसिद्ध किया। अभियोजन के अनुसार अभियुक्तों ने वादी पर तमंचे से फायर करते हुए गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी थी। मामले की विवेचना उप निरीक्षक दलबीर सिंह द्वारा की गई, जबकि अभियोजन की पैरवी एडीजीसी महेशचंद्र द्विवेदी ने तथा पुलिस पक्ष से पैरोकार कांस्टेबल प्रदीप भार्गव रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**म्योरपुर, सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** म्योरपुर थाना क्षेत्र के खैराही गांव के पास बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में गणेश विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष और फिरोज उम्र 30 वर्ष निवासीगण बलरामपुर (छत्तीसगढ़) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। टक्कर मारने वाली कार का चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। बाइक सवार दोनों युवक अपने कार्यस्थल चतरी (अनपरा) जा रहे थे। बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी।

## 17 हजार लोगों तक पहुंचा नशा मुक्ति का संदेश

**म्योरपुर, सोनभद्र।** म्योरपुर ब्लाक के गोविंदपुर स्थित सामाजिक संस्थान बनवासी सेवा आश्रम ने नशा मुक्ति और पंचायतों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पिछले तीन माह में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। सितंबर से नवंबर के बीच दुद्धी, बभनी और म्योरपुर ब्लॉक के कुल 67 राजस्व गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लगभग 17 हजार लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान साढ़े चार हजार से अधिक युवाओं व बुजुर्गों ने नशा मुक्ति का संकल्प भी लिया। नुक्कड़ नाटक के संयोजक केवला प्रसाद दुबे ने बताया कि बनवासी सेवा आश्रम 1954 से सोन नदी के दक्षिण के पांच ब्लॉकों में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। हाल के वर्षों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए आदेश कुमार प्रजाति के नेतृत्व में प्रशिक्षित टीम ने स्कूलों, कस्बों, इंटर कॉलेजों और पंचायत भवनों में जागरूकता नाटक प्रस्तुत किए। नाटकों में गुटखा, सुरती, पान मसाला और शराब जैसे नशों से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक नुकसान को प्रभावी तरीके से दर्शाया गया, जिसे लोगों ने सराहा और इससे प्रभावित भी हुए।

## महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला युवक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** राह चलती महिलाओं को देखकर अश्लील शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में शाहगंज थाना पुलिस ने एक सरफिरे युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान सूरज पुत्र संजय निवासी सहुआर थाना शाहगंज के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शाहगंज पुलिस ने एक सराहनीय कार्यवाही किया। राहगीर महिलाओं को देखकर अश्लील गाने, छिटाकशी व फब्तिया कस रहे युवक सूरज को पुलिस ने शनिवार को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे कानून के हवाले कर दिया गया है।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण पर कलेक्ट्रेट में बैठक

- डीएम ने राजनीतिक दलों संग नामावली पुनरीक्षण की समीक्षा की

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पनुरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किये। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा बूथ पर 08 दिसम्बर, 2025 या 09 दिसम्बर,2025 को बी0एल0ए0 के साथ बैठक कराना सुनिश्चित करेंगें, इस दौरान जिन मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों के रूप में चिन्हित किये गये हैं उन मतदाताओं के फार्मो पर बी0एल0ओ अपनी रिपोर्ट लगाते हुए उक्त फार्मो को बी0एल0ओ ऐप पर 02 दिवस के अन्दर डिजिटाइजेशन पूर्ण करेंगें, बी0एल0ओ अपने-अपने बूथ पर 08 व 09 दिसम्बर, 2025 को बी0एल0ए0 के साथ बैठक करेंगे, बैठक की सूचना बी0एल0ओ नोटिस के माध्यम से बी0एल0ए0 को सूचित करेंगें तथा नोटिस तामीला की प्राप्ति रसीद बी0एल0ओ अपने पास सुरक्षित रखेंगे। बी0एल0ओ बैठक से पूर्व अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों की सूची तैयार करेंगे एवं उक्त सूची बी0एल0ए0 को उपलब्ध करा देंगे तथा प्राप्ति स्वरूप बी0एल0ए0 का हस्ताक्षर भी उक्त सूची में प्राप्त करेंगे। बैठक मे उन्होंने कहा कि निर्गत संशोधित समय सारिणी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) की विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न करायी जा रही है। जिसमें बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना, एकत्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य 04 नवम्बर, 2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसम्बर, 2025 को, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 16 दिवम्बर, 2025 से 07 फरवरी, 2026 तक तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 को किया जाना निर्धारित है। उन्होंने कहा कि 04 नवम्बर,2025 से 11 दिसम्बर,2025 तक बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर गणना पत्रकों का एकत्रीकरण तथा उनके डिजिटाइजेशन की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भाजपा के जिला मंत्री सुनील सिंह, सपा के जिला कार्यालय प्रभारी अनिल यादव, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष युवा मंच अंशु तिवारी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम, सी0पी0आई0 (एम0) के जिला मंत्री नन्दलाल आर्य, बसपा के मण्डल प्रभारी रामअवतार चैहान, कांग्रेज पार्टी के जिला सचिव/प्रभारी कन्ट्रोल रूम आशीष कुमार सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रभारी शहर कन्ट्रोल रूम शिव प्रसाद सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## गैर विभागीय कार्यों के विरोध में सचिवों ने दिया धरना

**म्योरपुर, सोनभद्र।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर म्योरपुर ब्लॉक परिसर में सचिवों ने गैर विभागीय कार्यों के विरोध में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पंचायत सचिव ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे और ऑनलाइन उपस्थिति सहित उन सभी कार्यों को तुरंत बंद करने की मांग की, जो पंचायत विभाग से संबंधित नहीं हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान सचिवों ने कहा कि लगातार बढ़ते गैर विभागीय दायित्वों के कारण पंचायत स्तरीय विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। गांवों में योजनाओं को समय पर संचालित करने में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। वहीं, सचिवों पर अनावश्यक दबाव भी बढ़ रहा है। धरने में प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय आंदोलन कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सऐप ग्रुपों से सचिवों के हटने की घोषणा भी की गई। सचिवों ने चेतावनी दी कि यदि शासन स्तर पर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो 10 दिसंबर से निजी वाहन उपयोग बंद करने तथा 15 दिसंबर से डोंगल ब्लॉक पर जमा करने का काम करेंगे। मौके पर अरुण उपाध्याय, अरशद खान, राघवेंद्र सिंह, राम बहादुर, रामवृक्ष विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# परिनिर्माण दिवस पर याद किए गए संविधान निर्माता बाबा साहब

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जनपद में शनिवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्माण दिवस मनाया गया। सदर कचहरी के डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं व सपा कार्यालय पर सपा नेताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। बाद आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सभागार में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाबा साहब का 70वां परिनिर्माण दिवस मनाया गया। अध्यक्ष जगजीवन सिंह ने कहा कि डा बीआर अंबेडकर ने अपने अदम्य संघर्ष, अटूट संकल्प और दूरदर्शी विचारों से समाज के वंचित, दबे-कुचले, शोषित, पिछड़े वर्गों की लड़ाई लड़ने का काम किया। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों, सम्मान और समता की ऐसी अटूट नींव रखी, जिसने भारत को एक आधुनिक, न्यायपूर्ण और संवेदनशील राष्ट्र निर्माण की दिशा दी। महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य ने कहा कि भारतीय संविधान के माध्यम से उन्होंने नए और आधुनिक भारत की वह आधारशिला रखी, जहां समानता, सभी प्रकार की अवसर की समानता, स्वतंत्रता का अधिकार, बंधुत्व की भावना और सामाजिक समरसता केवल आदर्श नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का अनिवार्य मूल्य बन सके। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश यादव ने कहा कि बाबा साहब का चिंतन, समाज सुधार की उनकी दृष्टि और न्याय के प्रति उनकी अटूट निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को एक समतामूलक, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी। मौके पर रियाज खान, कामता प्रसाद यादव, टीटू गुप्ता, राम गुल्ली यादव, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार राव, नवीन पांडेय, संतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार, शाहनवाज आलम खान, प्रदीप कुमार यादव आदि मौजूद रहे। सपा कार्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर का परिनिर्माण दिवस मनाया गया। सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान बनाकर गरीबों एवं पिछड़ों को दलदल से बचने का काम किया था। आज उन्हीं की देन है कि हर समाज अपने हक की लड़ाई लड़ने का काम कर रहा है। जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज हम लोग ऐसे महान संविधान रचयिता का परिनिर्माण दिवस मना रहे हैं जो हर वर्ग को अपने अधिकार की लड़ने का अधिकार मिला हुआ है। आज उन्हीं की देन है कि सदन से लेकर ग्राम पंचायत तक हर वर्ग अपनी लड़ाई लड़ रहा है। कहा कि संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ रहे हैं और हमेशा लड़ते रहेंगे। समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि गांव गांव जाकर एसआईआर फॉर्म को भरवाने का काम करें और इसी के साथ स्नातक एवं शिक्षक के एमएलसी मतदाताओं का भी नाम बढ़ाने का काम करें। मौके पर व्यास जी गोड, श्याम बिहारी यादव, विजय यादव चौधरी, यशवंत सिंह पटेल, मुनीर अहमद , राम भरोसे सिंह पटेल, मोहम्मद सईद कुरैशी, लाल बहादुर पाल, त्रिपुरारी गोड़, रमेश सिंह यादव, अनिल प्रधान, डा लोकपति सिंह पटेल, रमेश कुमार वर्मा, रवि कुमार गोड़, शिवनारायण चौहान, राजेश विश्वकर्मा, बाबूलाल यादव आदि मौजूद रहे।



## सीएम योगी ने होमगार्ड्स स्थापना दिवस पर जवानों को संबोधित किया

# अनुशासन व सेवा भाव होमगार्ड्स की पहचान : मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

- राष्ट्रपति पदक प्राप्त अधिकारियों का सम्मान
- होमगार्ड्स भर्ती व सुविधाओं में तेजी लाने के निर्देश
- दिवंगत जवानों के परिजनों को 143 करोड़ से अधिक सहायता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ. ने होमगार्ड्स के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपका अनुशासन, निष्ठा व त्याग हमारे समाज को सुरक्षित तथा संरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। आप केवल एक बल के स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज का विश्वास और प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। आपकी सेवा ही सम्मान व अनुशासन पहचान है। राष्ट्रहित हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। यही भावना प्रत्येक होमगार्ड्स जवान की सेवा को महान बनाएगी। प्रदेश सरकार होमगार्ड्स के जवानों के कल्याण के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

मुख्यमंत्री यहां उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स संगठन के 63वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स विभाग के राष्ट्रपति पदक विजेता अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड्स स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव का प्रतीक है। यहां होमगार्ड्स संगठन के ऊर्जावान जवानों द्वारा अत्यन्त उच्च कोटि की रैतिक परेड का प्रदर्शन किया गया है। यह होमगार्ड्स विभाग की अद्भुत कार्यक्षमता, उच्च कोटि के अनुशासन और अनवरत परिश्रम को दर्शाता है। इस भव्य रैतिक परेड में सम्मिलित होमगार्ड्स के सभी जवानों की सेरेमोनियल ड्रेस, परेड ग्राउण्ड की




साज-सज्जा, हरियाली अत्यन्त आकर्षक व सम्मोहित करने वाली है। किसी भी वर्दीधारी फोर्स के लिए यह प्रशंसनीय और प्रेरणायी क्षण है। जब इस प्रकार का प्रदर्शन व परिसर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध होंगे, तो प्रत्येक भारतीय के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव झलकता हुआ दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस भी है। बाबा साहब ने प्रत्येक भारतीय को प्रेरणा देते हुए कहा कि हमारी पहचान परिवार, जाति, क्षेत्र, भाषा से नहीं, बल्कि एक भारतीय के रूप में होनी चाहिए। भारतीयता की इसी पहचान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रत्येक भारतवासी से कहा था कि वर्दीधारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हम सबके मन में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 06 दिसम्बर, 1963 को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स की स्थापना हुई थी। तभी से यह संगठन अटूट सुरक्षा कवच की तरह उत्तर प्रदेश पुलिस बल का सम्बल बना हुआ है। यह प्रशंसनीय है कि इस बल के कठिन परिश्रम एवं सेवा के परिणामस्वरूप राष्ट्रपति के पदक से उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को वर्ष 2024 में विशिष्ट सेवाओं के लिए 03 पदक, सराहनीय सेवाओं के लिए 11 पदक एवं वर्ष 2025 में सराहनीय सेवाओं के लिए 03 पदक तथा भारत सरकार के 38 कमण्डेशन डिस्क से अलंकृत किया गया है। पहले अक्सर होमगार्ड्स के जवानों को उपेक्षित कर दिया जाता था, अब उन्हें राष्ट्रपति व गृह मंत्रालय का सम्मान प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड्स संगठन अब केवल पुलिस के सहायक के रूप में नहीं है। यह बल पुलिस के साथ कन्धे से कन्धा मिलाते हुए यातायात संचालन, डायल 112, चुनाव ड्यूटी, जेल सुरक्षा तथा कुम्भ जैसे आयोजनों में कानून व्यवस्था और शान्ति का वातावरण बनाने में अपना योगदान देता है। इनके सराहनीय योगदान के कारण चुनाव ड्यूटी के दौरान न केवल प्रदेश में बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में इनकी मांग होती है। यह संगठन प्रदेश में परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर कार्यों में तेजी का दावा किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्यों में तेज प्रगति है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को चिन्हित अनुपस्थित, शिफ्टेड तथा मृत मतदाताओं का एक बार पुनः अपने स्तर पर गहन जांच करने तथा इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का पूर्ण सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अपील की है कि राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हों सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 34 विधानसभा क्षेत्रों में तथा 91,441 बूथों पर शत प्रतिशत कार्य बीएलओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 15.43 करोड़ से अधिक (लगभग 99.93) गणना प्रपत्रों का वितरण हो चुका है, जिसमें 14.52 करोड़ से अधिक (लगभग 94.04 प्रतिशत) गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

# ब्रजेश पाठक ने बाबासाहेब को अर्पित की श्रद्धांजलि

- सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजन, लोकगीत व नृत्य-नाटिका ने बांधा समां

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर 2025 को डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, विपुल खंड-2, गोमती नगर, लखनऊ में श्रद्धांजलि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस आयोजन का निर्देशन संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया, जो माननीय मुख्यमंत्री तथा माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने हेतु निरंतर कार्यरत है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के मंच पर आगमन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि एवं अन्य गणमान्यों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर बाबासाहेब को श्रद्धांजलि दी गई।



अपने संबोधन में ब्रजेश पाठक ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बाबासाहेब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है और संस्कृति विभाग द्वारा ऐसे आयोजन समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभावी श्रृंखला प्रस्तुत की गई। लोकगीत प्रस्तुतियों में राम प्रवेश यादव (मऊ), रमेश भंवरा (भदोही) एवं पारसनाथ यादव (गाजीपुर) ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। एक महानायक नाट्य प्रस्तुति योगेंद्र पाल (उन्नाव) द्वारा मंचित की गई।

# पारा थाना क्षेत्र में कार और बाइक पर हाथ साफ, पुलिस निष्क्रियता पर जनता में रोष

अवधनामा संवाददाता

- पारा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में विटारा ब्रेजा कार और स्प्लेंडर प्लस बाइक चुरा ली, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत फैल गई है

**पारा लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, और ऐसा लगता है कि पुलिस प्रशासन इनके सामने बेबस है। पारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं ने स्थानीय निवासियों के बीच दहशत का माहौल बना दिया है। एक तरफ जहां चोरों ने एक महंगी कार को निशाना बनाया, वहीं दूसरी तरफ एक मोटरसाइकिल भी चोरी हो गई। क्षेत्रवासियों में पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली और लगातार हो रही वारदातों के कारण भारी गुस्सा और नाराजगी है।

चोरी की पहली वारदात पारा थाना क्षेत्र के भपटा मऊ रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने आई है। रिंग रोड, हिंदी मेडिकल स्टोर के पास रहने वाले अशरफ अली पुत्र मिट्ठू की विटारा ब्रेजा कार उनके घर के बाहर खड़ी थी। पीड़ित अशरफ अली ने पुलिस को बताया कि रात के समय अज्ञात चोरों ने इस वाहन पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब वह बाहर आए, तो कार अपनी जगह से गायब मिली।

### बुद्धेश्वर से बाइक चोरी

चोरी की दूसरी घटना भी पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर इलाके से सामने आई है। संडीला, हरदोई के निवासी अनस पुत्र मोहम्मद फुरकान अपने भाई से मिलने बुद्धेश्वर आए थे, जो वहाँ एक डीसीएम में बैठे थे। अनस ने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बुद्धेश्वर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास खड़ी की थी। जब वह अपने भाई से मिलकर वापस लौटे, तो उनकी बाइक गायब थी।

### इंस्पेक्टर का बयान और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल

इन दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया है कि पीड़ितों की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चोर जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। हालांकि, इंस्पेक्टर का यह बयान लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच जनता को आश्वस्त करने में विफल रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पारा पुलिस लगातार हो रही चोरी की वारदातों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। पिछले कुछ हफ्तों में चोरी की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, लेकिन पुलिस की ओर से रात्रि गश्त बढ़ाने या चोरों के गिरोह को पकड़ने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस केवल शिकायतें दर्ज करती है और सीसीटीवी फुटेज खंगालने का दिखावा करती है, जबकि चोरी हुए वाहन या सामान शायद ही कभी बरामद हो पाते हैं।

## दिनेश रावत ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित भेंट की वॉलीबॉल

**मलिहाबाद लखनऊ।** विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत कसमंडी खुर्द के मधवापुर निवासी एवं भावी प्रधान प्रत्याशी दिनेश रावत ने गाँव के वॉलीबॉल खिलाड़ियों को नई बॉलें प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। उनकी इस पहल से खिलाड़ियों में ऊर्जा और उमंग का नया संचार देखने को मिला। यह कार्यक्रम कसमंडी खुर्द में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दिनेश रावत ने युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधनों की जरूरत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, अनुशासन और टीम स्पिरिट को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी गाँव के खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा ताकि वे बड़े स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकें। वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने दिनेश रावत के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि गांव में खेल को बढ़ावा देने के लिए ऐसी पहल बेहद महत्वपूर्ण है।

# एनईआरएमयू ने बादशाहनगर रेलवे अस्पताल की समस्याओं पर ज्ञापन सौंपा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मंडल के मंडल मंत्री आर.एन. गर्ग के नेतृत्व में आज मंडल चिकित्सालय बादशाहनगर का निरीक्षण करने आए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक गोरखपुर डॉ. मोहम्मद ए.ए. खान को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/बादशाहनगर डॉ. रमेश चंद की उपस्थिति में यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चिकित्सालय की प्रमुख समस्याओं पर गहन प्रकाश डाला गया, जिनमें नई ओपीडी शुरू होने के बावजूद बीओएस में स्टाफ की संख्या में कोई वृद्धि न होना, फार्मासिस्ट, ड्रेसर तथा नर्सिंग स्टाफ की कमी, छोटी-छोटी जाँचों व सामान्य उपचार के लिए भी मरीजों को बार-बार बाहर रेफर करना, इंडोर भवन में मरीजों-तीमारदारों के लिए लिफ्ट की सुविधा न होना तथा उपमंडलीय चिकित्सालय गोंडा से मरीजों को बादशाहनगर भेजने के बजाय सीधे एम्पैनल्ड अस्पताल भेजने की व्यवस्था लागू करने की माँग शामिल की गई। यूनियन ने इन समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इन कमियों के कारण रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस अवसर पर शाखा मंत्री सफदर हुसैन, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## वाद-विवाद प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा अव्वल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की कक्षा 6 की मेधावी छात्रा अशराह फातिमा ने जैव-विविधता पर आधारित अन्तर-विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उ.प्र. राज्य जैव विविधता बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अशराह ने द्वितीय पुरस्कार अर्जित कर अपनी बौद्धिक प्रतिभा एवं रचनात्मक सोच का परचम लहराया है। ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग के अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने जैव-विविधता पर अपने विचार रखते हुए तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास व अभिव्यक्ति की क्षमता का अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण व वन्य जीव संरक्षण का संदेश दिया।

## डा0 भीमराव आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महान विधि वेत्ता एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने वाले, संविधान शिल्पी भारत रत्न ,बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र व आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की है। केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर डा0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों को भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की दोनों सरकारें मिलकर 'सबका साथ,-,सबका विकास'-सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ लेकर साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इन्जन सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके द्वारा सभी गरीबों के हित के कार्य हो रहे हैं तथा चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के विचारों व आदर्शों का न केवल अनुकरण करना चाहिए, बल्कि आत्मसात भी करना चाहिए।

# डॉ. सूर्यकान्त बने एम्स, भुवनेश्वर की इंस्टिट्यूट बॉडी के सदस्य

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), उत्तर प्रदेश, लखनऊ के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सूर्यकान्त को एम्स, भुवनेश्वर के मेम्बर ऑफ इंस्टीट्यूट बॉडी के रूप में नियुक्त किया गया है। निदेशक एम्स, भुवनेश्वर की ओर से जारी आधिकारिक संदेश में डॉ0 सूर्यकान्त को हार्दिक स्वागत और बधाई देते हुए कहा गया है कि संस्थान के सम्मानित निकाय में उनका शामिल होना एम्स परिवार के लिए अत्यंत गर्व की बात है। संदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि डॉ0 सूर्यकान्त का व्यापक अनुभव, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान, संस्थान के विकास एवं प्रगति की दिशा



में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही संस्थान ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ0 सूर्यकान्त के सहयोग, मार्गदर्शन और दूरदर्शिता से एम्स, भुवनेश्वर चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में और भी ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस नियुक्त पर केजीएमयू की कुलपति डॉ0 सोनिया नित्यानंद ने डॉ0 सूर्यकान्त को बधाई दी और उनके निरंतर उत्कृष्ट कार्यों की सराहना भी की। ज्ञात रहे कि डॉ0 सूर्यकान्त का नाम विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल किया जा चुका है। वे विगत 27 वर्षो से चिकित्सा शिक्षा में संलग्न हैं, जिनमें से 20 वर्षो से प्रोफेसर और 14 वर्षो से विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान से संबंधित विषयों पर 22 पुस्तकें लिखी हैं। एलर्जी, अस्थमा, क्षय (टी.बी.), और फेफड़ों के कैंसर जैसे क्षेत्रों में उनके 1000 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं, साथ ही दो अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट भी उनके नाम दर्ज हैं। डॉ0 सूर्यकान्त ने अब तक लगभग 200 एमडी /पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है, 50 से अधिक शोध परियोजनाओं का नेतृत्व किया है, 22 फैलोशिप और 21 ओरेशन अवॉर्ड प्राप्त किए हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा कुल 222 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। नई शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर, 29 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिंदी भाषा में जारी की गई 100 पुस्तकों में डॉ0 सूर्यकान्त की दो पुस्तकों को भी शामिल किया गया साथ ही डॉ0 सूर्यकान्त की विशेषज्ञता कई प्रतिष्ठित पदों पर उनकी भूमिका से परिलक्षित होती है।

# डबल इन्जन सरकार मे देश व प्रदेश का हो रहा चहुँमुखी विकास : केशव मौर्य

- पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना सर्वोच्च प्राथमिकताः उप-मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज जनपद मीरजापुर भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण गृह सभागार में जनपद मीरजापुर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो व कानून व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने जनपद के चतुर्मुखी विकास, प्रशासनिक कार्य प्रणाली, जनता की समस्याओ का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियो तक पहुंचाने तथा कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री जी द्वारा एस0आई0आर0 कार्यो की प्रगति की भी जानकारी ली गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र/गरीब व्यक्तियो तक समय से पहुंचाए। उन्होंने हर घर नल से जल योजना में गति देने का भी निर्देश दिया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि अवैध रूप से जमीनो, पोखरो आदि कब्जा धारको के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि महिला से सम्बन्धित अपराध करने वाले अपराधियों को कड़ी-कड़ी से सजा दी जाए ताकि पुनः महिलाओं के साथ अपराध करने की हिम्मत न हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिको/मजदूरो का भुगतान समय से सुनिश्चित कर दिया जाए। ग्राम पंचायतो में लगने वाले ग्राम चौपालो में अधिकारियों द्वारा जन समस्याएं सुनी जाए तथा उसका त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान व झोपड़ी मे न रहने पाए पूरी पारदर्शिता के साथ चिन्हित करते हुए आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिलाओं (विधवा), दिव्यांग जन जो पात्र हो, उन्हें प्राथमिकता पर आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रीआवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना मे आवंटन व अन्य विकास कार्यो में जनप्रतिनिधिगण से भी वार्ता करें।

# दिनेश रावत ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित, भेंट की वॉलीबॉल

- खिलाड़ियों के उत्साह में हुआ इजाफा, ग्रामीणों ने की पहल की सराहना

अवधनामा ब्यूरो

**मलिहाबाद लखनऊ।** विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत कसमंडी खुर्द के मधवापुर निवासी एवं भावी प्रधान प्रत्याशी दिनेश रावत ने गाँव के वॉलीबॉल खिलाड़ियों को नई बॉलें प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। उनकी इस पहल से खिलाड़ियों में ऊर्जा और उमंग का नया संचार देखने को मिला।

यह कार्यक्रम कसमंडी खुर्द में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दिनेश रावत ने युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधनों की जरूरत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, अनुशासन



और टीम स्पिरिट को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी गाँव के खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा ताकि वे बड़े स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकें।

वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने दिनेश रावत के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि गांव में खेल को बढ़ावा देने के लिए ऐसी पहल बेहद महत्वपूर्ण है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस कदम की सराहना की और युवा पीढ़ी को खेल से जोड़ने के इस प्रयास को प्रशंसनीय बताया। दिनेश रावत की इस पहल से कसमंडी खुर्द ग्राम पंचायत में सकारात्मक माहौल बना हुआ है और युवाओं में खेल के प्रति नई जागरूकता देखने को मिल रही है।

## राजकीय आईटीआई अलीगंज में बृहद रोजगार मेला आयोजित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से बृहद रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 33 प्रतिष्ठित कम्पनियों को प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया था।

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कम्पनियों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के क्रियान्वयन को गति देने और प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एम. ए. खाँ ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में कुल 605 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

# ईसाई समुदाय क्रिसमस मनाने की तैयारी में

- क्रिसमस का उत्सव हर्षित और भक्तिमय हो

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेवरेंड डॉ. डोनाल्ड एच.आर. डी सूजा, चांसलर एवं प्रवक्ता, लखनऊ काथलिक धर्मप्रांत ने एक जारी बयान में बताया कि लखनऊ और आसपास का ईसाई समुदाय 25 दिसंबर 2025 को क्रिसमस के महान त्योहार को खुशी और हर्ष के साथ मनाने की तैयारी कर रहा है। क्रिसमस का काल, इस साल, रविवार, 30 नवंबर 2025 को आगमन काल की शुरुआत के साथ शुरू हुआ। एडवेंट शब्द लैटिन भाषा के एडवेंटूस से आया है, जिसका अर्थ है आगमन, क्रिसमस की तैयारी में चार सप्ताह की प्रार्थनापूर्ण तैयारी, बेथलहेम में प्रभु यीशु मसीह के जन्म का उत्सव की तैयारी है। कई क्रिसमस गतिविधियाँ हैं जो इस अवसर के खुश और आनंदमय स्वभाव को प्रदर्शित करेंगी। शहर के मुख्य चर्च सेंट जोसेफ कैथेड्रल, हजरतगंज में 24



दिसंबर 2025 को रात करीब 10.30 बजे क्रिसमस कैरल गायन के साथ पवित्र मिस्सा होगा, और इसकी अगुवाई करेगें लखनऊ के बिशप जेराल्ड जॉन मथियस और अन्य पुरोहित। इस वर्ष, पल्ली सदस्य 25 दिसंबर 2025 को मध्यरात्रि पवित्र मिस्सा और दिन के दौरान आयोजित पूजा सेवाओं में भाग लेंगे। वहीं कैथेड्रल कंपाउंड को क्रिसमस लाइट्स, क्रिसमस क्रिब और क्रिसमस स्टार्स से सजाया जाएगा, जो क्रिसमस के खुशनुमा माहौल को दर्शाएगा! हर साल, क्रिसमस के दिन, सुबह लगभग 10.00 बजे से रात 10.00 बजे तक 80,000 से अधिक लोग चर्च और माता मरियम का ग्रोटो में मन्नत की मोमबत्तियाँ जलाने और प्रार्थना करने आते हैं। आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों में 26 दिसंबर 2025 को शाम 4.30 बजे शहर के प्रमुख नागरिक और धार्मिक नेताओं के लिए क्रिसमस गेट-टूगेदर है। अपने क्रिसमस संदेश में, लखनऊ के बिशप जेराल्ड मथियस ने कहा, क्रिसमस में हम शांति के राजकुमार, ईसा मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं! यह क्रिसमस हमारे लिए प्रभु यीशु मसीह द्वारा प्रदान की गई वास्तविक शांति और आनंद लाए जिसकी आज की दुनिया में बहुत आवश्यकता है।

## किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें किसान : कृषि मंत्री

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे रबी सत्र 2025-26 के लिए आयोजित की जाने वाली किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार को अपनाकर मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कम लागत में अधिक लाभ कमाएं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार कृषि विभाग द्वारा रबी सत्र 2025-26 में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/ किसान पाठशालाओं के आयोजन के सम्बन्ध में समस्त जनपदीय उप कृषि निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं। इन गोष्ठियों/पाठशालाओं का आयोजन गत वर्ष 2024-25 की भाँति ही योजनाओं के कन्वर्जन्स से प्रस्तावित है, जिसमें आरकेवीवाई (द मिलियन फार्मर्स स्कूल), दलहन विकास की नवीन योजना तथा तिलहन विकास की राज्य पोषित योजना के प्रसार सम्बन्धी मदों का उपयोग किया जाएगा।